संसेक्स 73,142.80 ▲ -15.45
डॉलर 82.878 ▼ +0.034

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 16.0 | 19.0 |
| धनबाद | 28.0 | 17.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 32.0 | 18.0 | 23.0 |
| पलामू | 28.0 | 16.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 26 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 130, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
किरण राव से तलाक पर 3 साल बाद पहली ...12 देश/विदेश

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,380
चांदी (किलो) 70,690

## एक नजर

### बोकारो में हाथी के हमले में तीन की मौत

**बोकारो।** ललपनिया थाना क्षेत्र के कोदवाटांड में रविवार की सुबह झुंड से बिछड़े हुए एक हाथी ने तीन लोगों को कुचल दिया, जिसमें कोदवाटांड निवासी 65 वर्षीय सनू मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो महिलाओं चैलियाटांड की सुहानी हेम्ब्रम और ललपनिया निवासी मंजरी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### मतुआ समुदाय का है गढ़ केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर की किस्मत दांव पर

**कोलकाता।** कुछ ही दिनों के अंदर पूरे देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसके लिए देशभर में राजनीतिक रस्सा-कस्सी से शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल पर खास तौर पर निगाहें टिकी हैं, क्योंकि यहां आईएनडीआईए गठबंधन में सहमति नहीं बन पा रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। राज्य में कुछ चुनिंदा ऐसी सीटें हैं जो हाई प्रोफाइल हैं और उन पर ना केवल राज्य, बल्कि पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं। ऐसी ही एक सीट है उत्तर 24 परगना की बनगांव लोकसभा सीट। यहां से वर्तमान में केंद्रीय मंत्री और बांग्लादेश से भारत आए शरणार्थी मतुआ समुदाय के प्रतिनिधि शांतनु ठाकुर सांसद हैं।

### रास चुनाव में 'खेला' करने की तैयारी में आइएनडीआइए

**रांची।** झारखंड में इंडी गठबंधन को मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस नयी रणनीति बना रही है। अभी झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव होने वाला है और इसी के दौरान झामुमो-कांग्रेस खेला कर विपक्ष के कुछ विधायकों का समर्थन हासिल करना चाहते हैं। आइएनडीआइए चाहता है कि राज्यसभा की दोनों सीटों पर उम्मीदवार खड़ा कर खेला किया जाए। बहरहाल, झारखंड से राज्यसभा की जो दो सीटें खाली हो रही हैं।

### भोगनाडीह में अबुआ आवास स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में बोले सीएम चंपई सोरेन

# योजनाओं व नीतियों का समाज में दिख रहा सकारात्मक असर

- बोले, अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रही सरकार
- वर्ष 2027 तक 20 लाख परिवार को पक्का मकान

नवीन मेल संवाददाता

**भोगनाडीह/रांची।** वीरों और उलगुलान की इस धरती से आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाएंगे। इस प्रदेश को इस तरह संवारेंगे कि यहां किसी के साथ कोई भेदभाव और अन्याय नहीं होगा। सभी को पूरे मान-सम्मान के साथ हक-अधिकार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को साहिबगंज जिले के बरहेट स्थित भोगनाडीह में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, प्रदीप यादव एवं श्रीमती दीपिका पांडेय, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कार्यक्रम में कहा, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं और नीतियां है, उसका सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। आज कोई भी बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवा पेंशन से वंचित नहीं हैं। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से शहर और गांव के बीच की कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। फूलो- झानो आशीर्वाद योजना से महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। 20 लाख हरा राशन कार्ड धारी को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क बनाने का काम तेज गति से चल रहा है।

उन्होंने कहा, हम अपने वीरों की शहादत ना कभी भूले हैं, और ना कभी भूलेंगे। इनका बलिदान व्यर्थ नहीं होंगे देंगे। झारखंड का नव निर्माण इस तरह करेंगे, जहां हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद 19 वर्षों तक झारखंड को जो अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, वह नहीं मिलीं। इस राज्य के साथ हमेशा भेदभाव होता रहा। 2019 में जब हेमंत बाबू के नेतृत्व में सरकार बनी, तो हम अपने अधिकार के लिए लगातार आवाज उठाते रहे। पर, इसका कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला। ऐसे में हेमंत सोरेन ने अपने कुशल नेतृत्व से राज्य को नई दिशा देने का काम शुरू किया। इस दौरान कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का भी सामना करना पड़ा, लेकिन हेमंत बाबू ने बेहतर प्रबंधन के जरिए जीवन और जीविका को बचाने का काम किया। इस वैश्विक महामारी से जब राहत मिली, तो उन्होंने विकास को गति देनी शुरू की। समाज में बदलाव के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गईं। आज हम अपने इस पूर्व मुख्यमंत्री की राह पर चलकर उन्हीं की सोच के अनुरूप झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज मजबूत और राज्य सशक्त तभी बनेगा, जब हर वर्ग और तबके के व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसी सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। आज समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है। मौके पर ही आपकी जरूरत के अनुरूप आपको योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा, जब तक कि समाज का हर व्यक्ति सशक्त नहीं जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य जैसी उन सभी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं, जिसकी बदौलत यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, गरीब और जरूरतमंद आगे बढ़ सकें। हर वर्ग और तबके को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख गरीब और जरूरतमंद लोगों को तीन कमरे का पक्का मकान देने का निर्णय लिया है। अबुआ आवास योजना के तहत 2027 तक सभी को पक्का मकान उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसकी शुरूआत हो चुकी है। पहले चरण में 2 लाख लाभार्थियों को आवास का स्वीकृति पत्र और पहले किस्त की राशि दी जा चुकी है और 3 महीने बाद एक साथ नौ लाख लाभुकों को आवास का स्वीकृति पत्र दिया जाएगा।





### 24,532 लाभुकों को आवास का मिला स्वीकृति पत्र

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर साहेबगंज, पाकुड़ और गोड्डा जिला के 24,532 परिवार को आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसमें साहेबगंज के 7,911, पाकुड़ के 6,649 और गोड्डा जिला के 9,972 लाभार्थी शामिल हैं। इन सभी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहले किस्त के रूप में 73 करोड़ 59 लाख 60 हजार रुपये की राशि का मुख्यमंत्री ने हस्तांतरण किया।

### 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने जा रही है। इस राज्य के लगभग 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। अब पैसे के अभाव के कारण अब बच्चों की पढ़ाई नहीं छूटेगी। सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। स्कॉलरशिप की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं का लाभ अब तक 9 लाख छात्राओं को मिल चुका है।

# 227 करोड़ की 20 परियोजनाएं आमजन को सौंपेंगे पीएम मोदी

- धनबाद रेल डिवीजन में 18 अंडरपास व दो आरआरबी का लोकार्पण आज
- विकसित भारत का विकसित रेल थीम हो रही साकार

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** देश में कोयला खंड के नाम से विख्यात धनबाद रेल खंड में पीएम मोदी सोमवार को 226.75 करोड़ रुपये की लागत वाली 20 अहम रेल परियोजनाओं का लोकार्पण किया जायेगा। इनमें विभिन्न स्थानों पर निर्मित 18 अंडरपास व दो रेल रोड ओवरब्रिज हैं। झारखंड के धनबाद से उप्र स्थित मप्र की सीमा से सटे महदइया रेलवे स्टेशन तक विस्तृत धनबाद रेल डिवीजन में कोल इंडिया की डब्ल्यूसीएल, सीसीएल एवं एनसीएल की कोल परियोजनाओं से उत्पादित कोयले का परिवहन देश के विभिन्न विद्युत गृहों तक किया जाता है। राजस्व के दृष्टिकोण से भी धनबाद डिवीजन का देश में अव्वल स्थान है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत पीएम मोदी का अहम विजन है। इसे पूरा करने में कोयले व बिजली की महत्ता को देखते हुये रेलवे रेलखंड पर सुचारू यातायात की दिशा में विकसित भारत का विकसित रेल थीम को साकार कर रही है। इसके तहत रेल आवागमन सुचारू करने के साथ सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परियोजनाओं के निर्माण में 132 करोड रुपये रेलवे व 94.71 करोड़ रुपये राज्य सरकार वहन कर रही है। वरीय मंडल विद्युत अभियंता गतिशक्ति दिनेश शाह ने बताया कि अंडरपासों का निर्माण पूरी तरह से रेलवे करा रही है। जबकि रेल-रोड ओवर ब्रिज के निर्माण में भू-अधिग्रहण मुआवजा व राज्य सरकार की भूमि पर सड़क निर्माण के लिये राज्य सरकार ने धन निर्गत किया है।





### 3586 छात्र-छात्रा करेंगे सहभाग

उद्घाटन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। रेल अधिकारियों ने बताया कि मौके पर समीपवर्ती 21 विद्यालयों के 3586 छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रहेगी। इस दौरान जहां उन्हें निर्माण की आवश्यकता व विशेषता से परिचित कराया जायेगा। वहीं विकसित भारत का विकसित रेल विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भी सहभाग करेंगे। मौके पर ही उनको पुरस्कत किया जायेगा।

### तीन महीने के विराम से पहले 'मन की बात' के 110वें एपिसोड में बोले प्रधानमंत्री

# जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व



- पहली बार मतदाता बन रहे युवाओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की
- कहा- 111वें एपीसोड में फिर होगी देश की सामूहिक शक्ति की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम को सरकार से दूर देश की सामूहिक शक्ति की चर्चा का मंच बताया। साथ ही, उन्होंने घोषणा की कि कार्यक्रम पर तीन महीने के लिए विराम लगेगा और चुनावों के बाद 111 के शुभ अंक यानी 111वें एपीसोड से फिर वे जनता के बीच देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा करेंगे। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 110वें एपीसोड के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात हमेशा सरकार से दूर रहते हुए देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा का मंच रहा है। आगे लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और आचार संहिता लगने वाली है। ऐसे में वे तीन महीनों के लिए मन की बात को विराम देंगे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पहली बार मतदाता बन रहे युवाओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले चुनाव आयोग ने एक अभियान शुरू किया है- 'मेरा पहला वोट, देश के लिए।' वे पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है। उन्होंने नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड की जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया ने लोगों के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने में बहुत मदद की है। भारत में युवा कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में चमत्कार कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के लिए इन अवॉर्ड की शुरूआत की गई है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा दूसरों की सेवा करने की दिशा में हो रहे निःस्वार्थ प्रयासों को अपने कार्यक्रम में शामिल किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमें 'परमार्थ परमो धर्म' की सीख देती है। इस संदर्भ में उन्होंने बिहार के भोजपुर के भीम सिंह भवेश के अति पिछड़ी मुसहर जनजाति के बच्चों को शिक्षित करने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने गूजर बकरवाल समुदाय से आने वाले मोहम्मद मानशाह के जम्मू-कश्मीर में गोजरी भाषा के संरक्षण, अरुणाचल प्रदेश में तिरप के बनवंग लोसू के वांचो भाषा के प्रसार और वेंकप्पा अम्बाजी सुगेतकर गोंधली भाषा के उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

### पीएम ने की आरा के भीम सिंह भवेश की सराहना

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 110वें एपिसोड में बिहार के भोजपुर जिले के रहने वाले पत्रकार भीम सिंह भवेश के काम की सराहना की है। आरा निवासी भीम सिंह भवेश मुसहरों के बीच मसीहा बनकर उभरे हैं। पिछले 20 वर्षों से वे समाज के निचले पायदन पर रहने वाले मुसहर जाति के लिए काम करते आ रहे हैं। वे मुसहरों को शिक्षा और अधिकारों को लेकर जागरूक कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं के साथ-साथ उनके आर्थिक और सामाजिक उत्थान की बात बताते हैं। बिहार में इस जाति को हमेशा से हाशिये पर देखा जाता है। इस कारण से मुसहर समुदाय को बिहार में अबतक वह पहचान नहीं मिल पाई, जो उन्हें मिलना चाहिए था। 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा नाम लिये जाने पर भीम सिंह भवेश ने मीडिया से कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनके बारे में 'मन की बात' में चर्चा हुई है। कहा, मुसहर समाज के लोगों के लिए बहुत दिन से काम कर रहा हूं, लेकिन आज जो उपलब्धि मिली है, वह अविस्मरणीय है। मेरा हौसला और उत्साह कई गुना बढ़ गया है।

## इंडिया

# प्रकृति का दोहन हमें चेतावनी दे रही है संभलने की



सुनील बादल

**पूरी** दुनिया में हर कोई रोटी कपड़ा और मकान के बाद सुख सुविधाओं की ओर भागता है और इस दौड़ में सबसे कम चिंता पर्यावरण की रह जाती है जबकि सारी सुविधाओं के बिना तो हम रह सकते हैं पर जीवन के लिए आवश्यक प्राण वायु और स्वच्छ वातावरण न हो जीवन संकट में आ जाए। भारत जैसे विकासशील देश में भी विकसित देशों जैसी समस्या बहुत जल्द आने वाली है जिसकी आहट मिल रही है समय की मांग है इसपर चिंता और चिंतन की। धरती की जीवनदायिनी क्षमताओं के अधिक संकटग्रस्त होने के बीच हाल ही में वैज्ञानिकों ने नई चेतावनी जारी की है। इसे डूमस्डे क्लाक चेतावनी कहा जा रहा है। विश्व में 'डूमस्डे क्लॉक' अपनी तरह की एक प्रतीकात्मक घड़ी है, जिसकी सुइयों की स्थिति के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि विश्व किसी बहुत बड़े संकट की आशंका के कितने नजदीक है। इस घड़ी का संचालन 'बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट्स' नामक वैज्ञानिक संस्थान द्वारा किया जाता है। इसके परामर्शदाताओं में 15 नोबेल पुरस्कार विजेता भी हैं। ये सभी मिलकर प्रति वर्ष तय करते हैं कि इस वर्ष घड़ी की सुइयों को कहां रखा जाए। इस घड़ी में रात के 12 बजे को धरती पर बहुत बड़े संकट का पर्याय माना गया है। घडी की सुइयां रात के 12 बजे के जितने नजदीक रखी जाएगी, उतने ही बड़े संकट से धरती (व उसके लोगों व जीवों) के संकट की स्थिति मानी जाएगी। 2024 में इन सुइयों को (रात के) 12 बजने में 90 सेकंड पर रखा गया है। संकट के प्रतीक 12 बजे के समय से इन सुइयों की इतनी नजदीकी 2023-24 के अतिरिक्त कभी नहीं रही। दूसरे शब्दों में, यह घड़ी दर्शा रही है कि इस समय धरती किसी बहुत बड़े संकट के सबसे करीब है। डूमस्डे घड़ी' के वार्षिक प्रतिवेदन में इस स्थिति के तीन कारण बताए गए हैं। पहली वजह यह है कि जलवायु बदलाव का संकट बढ़ रहा है। जलवायु बदलाव नियंत्रित करने की संभावनाएं समग्र रूप से धूमिल हुई हैं। दूसरी वजह यह है कि परमाणु हथियार नियंत्रित करने के समझौते कमजोर हुए हैं, जिससे परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा है। तीसरी वजह यह है कि ए.आई. (आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस) व जेनेटिक इंजीनियरिंग का बहुत दुरुपयोग हो रहा है, जिसका सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन तीन कारणों के मिले-जुले असर से आज विश्व बहुत बड़े संकट की आशंका की दहलीज पर पहुंच चुका है। और इस संकट को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या 'डूमस्डे घड़ी' के इस अति महत्वपूर्ण संदेश को विश्व नेतृत्व समय रहते समझेगा? हाल के वर्षों में



यह निरंतर स्पष्ट होता रहा है कि अब तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जिन कारणों से हजारों वर्षों तक धरती पर विविधतापूर्ण जीवन पनप सका, वे आधार ही संकटग्रस्त हो चुके हैं। इन अति गंभीर समस्याओं के समाधान को सर्वाधिक महत्व पूरे विश्व में मिले, इसे ध्यान में रखते हुए 'धरती रक्षा अभियान' (सेव द अर्थ कैंपेन) आरंभ किया गया है। इस अभियान का व्यापक उद्देश्य धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा करना है। इसके दो विशिष्ट उद्देश्य हैंझपहला, धरती से सभी परमाणु हथियार व महाविनाशक हथियार समाप्त हों व दूसरे, धरती पर तापमान वृद्धि को तय मानक तक सीमित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस अभियान का प्रथम प्रयास यह है कि मौजूदा दशक (2020-30) को वैश्विक स्तर पर 'धरती रक्षा दशक' के रूप में घोषित किया जाए। एक बड़ा सवाल हमारे सामने है कि आखिर इन गंभीर संकटों को समय रहते कैसे कम किया जाए। समय सीमा का सवाल इस कारण भी बहुत बड़ा है, क्योंकि जलवायु बदलाव के साथ टिपिंग पॉइंट भी जुड़े हैं। एक बार यह सीमा पार हो गई, तो फिर स्थितियां नियंत्रण से बाहर निकल सकती हैं। विश्व के शीर्ष विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए हमारे पास बस एक दशक बचा है। एक बड़ी जरूरत इस बात की है कि धरती के जीवन पर मंडरा रहे अभूतपूर्व संकट की समझ अधिक लोगों तक पहुंचे। यह समझ सही परिप्रेक्ष्य में अधिक लोगों तक पहुंचेगी, तभी लोग अधिक संख्या में आगे आएंगे। इस समय इन मुद्दों की गंभीरता की जानकारी रखने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इन मुद्दों को न्याय व लोकतंत्र के मुद्दों से जोड़कर व्यापक समझ बनानेवाले लोगों की संख्या तो और भी कम है। ऐसी समझ बनाकर हमें धरती की रक्षा की वह राह निकालनी है, जो समता व सादगी, न्याय व लोकतंत्र की राह है। इस समय संकट और समाधान की सही समझ को अधिक लोगों तक पहुंचाना और उन्हें समाधान के प्रयासों से जोड़ना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# पीएम मोदी ने झारखंड को दिया स्वास्थ्य सुविधाओं का तोहफा

### नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास ब्लॉक बिल्डिंग का किया ऑनलाइन शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ीं कई योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। झारखंड में भी कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ। पीएम मोदी ने कोडरमा में निमाणाधीन करमा मेडिकल कॉलेज के सामने की परिसर में स्थित नर्सिंग कॉलेज के साथ 60 बेड वाले छात्रावास ब्लॉक बिल्डिंग प्रोजेक्ट का ऑनलाइन शिलान्यास किया। नर्सिंग कॉलेज के साथ छात्रावास ब्लॉक बिल्डिंग प्रोजेक्ट की कुल लागत राशि 24 करोड़ 51 लाख 10 हजार 400 रुपये है। लगभग डेढ़ साल में इसका निर्माण कार्य पूरा होगा। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने गिरिडीह के मोहलीचुआं में 100 बेड के क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का भी ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण 3.4 एकड़ जमीन पर किया जाएगा। क्रिटिकल केयर अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पीएम ने देशभर के 21 ईएसआई अस्पतालों का गुजरात के राजकोट से उद्घाटन और लोकार्पण किया। इसमें सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित ईएसआई अस्पताल भी शामिल है।

## एक नजर

### पेड़ से लटका मिला युवती का शव, युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के सैनी गांव के विनोद भुइयां की 18 वर्षीय पुत्री रेशमा कुमारी का शव नीम के पेड़ से लटका मिला। युवती पिछले रविवार से ही घर से गायब थी। परिजन इसकी सूचना पाटन पुलिस को दिया था। जंगल जा रहे चरवाहे ने शव को नीम के पेड़ से झूलते हुए देखा। इसकी सूचना पाटन पुलिस को दी गयी। पाटन के थाना प्रभारी लाल जी, पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार रजक, ओपी प्रभारी किशनपुर कुमार नीरज, सहायक अवर निरीक्षक राजकिशोर महतो दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। वहीं मामले को लेकर गांव के ही युवक अरविंद भुईया पिता-कृत भुइया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**हत्या की जतायी जा रही आशंका :** दोनों युवक और युवती में प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वह युवती रेशमा कुमारी, युवक अरविंद भुईया के घर गई थी। इसके बाद गांव में काफी हंगामा हुआ था। जबकि युवक के पिता कृत भुईया ने पलामू डीएसपी को पत्र लिखकर लड़की के पिता विनोद भुईया और उसके परिजन पर डायन बिसाही का मामला दर्ज कराया था। मामले को लेकर शुक्रवार को पलामू डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने सुपरविजन भी किया। ग्रामीणों का कहना कि दोनों में विगत 2 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक अरविंद भुईया का विवाह कहीं ठीक हुआ था। दहेज में कुछ राशि भी ली गयी थी। ग्रामीणों को आशंका है कि युवती की हत्या कर शव को पेड़ में लटका दिया गया। घटना को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। जिस जगह शव पाया गया वह सुनसान जगह है। मृतका के घर से डेढ़ किलोमीटर दूर शव नीम के पेड़ में लटका हुआ मिला।

### खुली नालियों से दुर्घटना का अंदेशा

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में जगह-जगह खुली नालियों के कारण भीषण दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी इस संबंध में कोई पहल नहीं किये जाने से नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि रेड़मा चौराहे से लेकर छह मुहान तक शहर के सभी मोहल्ले में खुली नालियां आफत का सबब बनी हुई हैं। इससे जहां शहर की शोभा बिगड़ रही है। वहीं मच्छरों को भी प्रसार का माकूल वातावरण मिल रहा है। आये दिन खुली नालियों में पशुओं के साथ राहगीर भी गिर रहे हैं। कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से प्रतीत हो रहा है कि नगर निगम को मानो हादसे का इंतजार है। लोगों ने आलाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

# ज्ञान का मार्ग खोलती है महाशिवरात्रि

**● ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया महोत्सव**




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन जपला में 88वां महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजयोगिनी कंचन दीदी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार,प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सद्भावना भवन के संचालक बीके नीरज आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ने कहा कि निराकार परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर मनुष्य आत्माओं को देव तुल्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमपिता ने इस संसार में सभी को जिम्मेदारियां निर्धारित करके भेजा है। महाशिवरात्रि पर्व अज्ञानता के अंधकार के अंत और ज्ञान का मार्ग खोलने का प्रतीक है। जीवन के उच्च आदर्शों की तलाश करने वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस मौके पर संस्था की संचालिका बीके नीलम, बीके पूनम, बीके नम्रता, बीके धीरज, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा मौजूद थे।

### हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर वरीय अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम

# पीएम मोदी की वीडियो कांफ्रेसिंग आज, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोमवार को होने वाली वीडियो कांफ्रेसिंग सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई है। पलामू के जपला, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के लिये हैदरनगर स्टेशन परिसर को मुख्य केन्द्र बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यक्रम प्रभारी व वरीय मंडल अभियंता - सिग्नल (डीएसटी) ने बताया कि एक साथ देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवर



ब्रिज तथा आरयूबी / एलएचएस का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर ऑनलाइन करेंगे। इससे पूर्व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव देश के नाम संदेश प्रसारित करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल से कुल 33 स्टेशनों के पुनर्विकास व 72 आरओबी, अंडरपास निर्माण को शामिल किया गया है। इसमें हैदरनगर स्टेशन भी शामिल है। स्टेशन पर सामान्य व दिव्यांग जनों के लिये फुट ओवर ब्रिज, रोशनी, पानी, प्रतीक्षालय की बेहतर सुविधा बहाल की जायेगी। साथ ही प्लेटफार्म पर ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान की सूचना डिस्प्ले पर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि एक कुल 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से पूरे देश में प्रधानमंत्री विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एक साथ करेंगे। वार्ता में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह शामिल थे।

# नशापान व दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप

**- राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमजा में शैक्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमजा में स्कूली छात्रों द्वारा शैक्षिक उन्मुखीकरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक राजीव कुमार सिंह व संचालन सहायक अध्यापक अनूप कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन के बाद राष्ट्रीय गान से की गयी। स्कूली छात्राओं ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप, युवाओं में नशा की बढ़ती प्रवृत्ति स्वास्थ्य व परिवार के लिए घातक , सोशल मीडिया के दुरुपयोग के दुष्परिणाम आदि विषयों पर ज्ञानवर्द्धक नाट्य मंचन के माध्यम से ग्रामीणों/अभिभावकों को स्वस्थ्य समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए संदेश दिया। छात्रों ने नाट्य प्रस्तुतिकरण से भ्रूण हत्या, बाल -विवाह,बालिकाओं को शिक्षा के किए प्रोत्साहन,दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के लिए अभिभावकों को जागरूक किया। उपस्थित ग्रामीणों ने छात्रों द्वारा देशभक्ति संगीत व नृत्य को सराहा। इस अवसर पर सहायक अध्यापक प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन से प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है। यह छात्रों में चारित्रिक व नैतिक गुणों के विकास के साथ अनुशासन,शिष्टाचार व व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होता है। सहायक अध्यापक प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने इसे अच्छी पहल बताया। प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी नवरंग सिंह,शैलेन्द्र सिंह,नागेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह,नीरज सिंह,गोल्डन सिंह मौजूद थे।

### सांसद वीडी राम ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये आगामी 100 दिन अहम

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** स्थानीय बबलू लाइन होटल में रविवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुना। इस दौरान उन्होंने पीएम के दस वर्षों के कार्यकाल पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सांसद ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये आगामी 100 दिन काफी महत्वपूर्ण हैं। कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिये जुट जायें। दुर्गा जौहरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रवासी पदाधिकारियों के साथ समन्वय बना कर कार्य करें। प्रत्येक लाभार्थी से मिलकर उन्हें जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनका सुझाव भी प्राप्त करें। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, महेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह, अनुज चन्द्रवंशी, विकास तिवारी,अजय कुमार सोनी, पप्पू सिंह, उदय मेहता, सुशील सिंह, घनश्याम साव, उदयनाथ चौधरी, रिंकी देवी, प्रीति गुप्ता मौजूद रहीं।

# समान मानव मूल्य के प्रवर्तक थे संत रविदास



**हुसैनाबाद।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ . संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के रामबीघा,तिवारी बीघा, सीढ़ापर, पोलडीह, घुरुआ मझौली, झरगड़ा, अलीमदद, दुलहर भदईपर सहित दर्जनों गांवों में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जी की जन्म जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास मध्यकालीन भारत के एक दलित परिवार में जन्म लेकर हिंदू समाज में बढ़ रहे रूढ़िवादी और ढोंगी सोच के साथ साथ जाति प्रथा जैसे नकारात्मक सोच पर लगाम लगाने का प्रयास किया। जिसके चलते इन्हें संत शिरोमणि सतगुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासिया पंथ की स्थापना की। इनके द्वारा रचित कुछ भजन सिक्ख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। उन्होंने लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान गणेश राम, मनोहर सिंह, मनोज शर्मा, मनोज सिंह, सुभाष कुमार, ज्ञानू सिंह उपस्थित थे।

# संत निरंकारी मिशन ने की बटाने नदी घाट की सफाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन दिल्ली की ओर से सतगुरु माता सुदीक्षा सविंद्र हरदेव महाराज के आह्वान पर रविवार को हरिहरगंज के बटाने नदी घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी के आसपास विधिवत साफ-सफाई की गयी। इससे पहले संत निरंकारी सेवादल हरिहरगंज, छतरपुर, पिपरा, नौडीहा के अनुयायियों के द्वारा हरिहरगंज शहर में रैली निकालकर स्वच्छ जल-स्वच्छ मन का संदेश दिया गया। अभियान में एनसीपी के वरिष्ठ नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार मेहता, मुखी त्रिवेणी सिंह, विजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, उमेश, रमेश, शिवनंदन, विरेंद्र, बिरजू , रामजतन, बसंती, रिंकी, धर्मशीला, नीलम, भारती मौजूद रहीं।





# भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई पिपरा द्वारा रविवार को लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने की। पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को अभियान के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गयी। मौके पर पार्टी विस्तारक राजेश कुमार,महामंत्री चंदन सिंह, हरिओम सिंह, अनिल प्रजापति, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष विंदेश्वरी पाठक, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कपिलदेव राय, श्यामदेव पासवान, उदय सिंह, सहेंद्र दुबे, प्रमिला देवी, तेतरी देवी, कलावती देवी, गायत्री देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, शिवकुमारी देवी, नागेश्वर तिवारी उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय छात्र संघ ने छात्र हित में की मांग

# जपला में ही रखा जाये परीक्षा केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज हुसैनाबाद का परीक्षा केंद्र जपला में ही रखने की मांग नीलांबर - पीताम्बर विश्वविद्यालय छात्र संघ के नेताओं ने की है । स्नातक की परीक्षा एक मार्च से शुरू हो रही है। छात्र संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि अभिभावकों व छात्रों की परेशानियों को देखते हुये परीक्षा केंद्र को हुसैनाबाद में रखना उचित होगा। विश्वविद्यालय के छात्र संघ के सचिव धर्मेंद्र विश्वकर्मा व प्रकाश राय ने कहा कि एके सिंह कॉलेज हुसैनाबाद में पूरे अनुमंडल समेत गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड




के भी कई छात्र पढ़ने आते है । वहां से छतरपुर परीक्षा देने आने के लिये विद्यार्थियों को 100 किमी तक दूरी तय करनी होगी। ऐसे में अनुमंडल क्षेत्र में ही केंद्र किया जाना निहायत जरूरी है। उन्होंने कुलपति व परीक्षा नियंत्रक का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्रासिम एवं सेसा ने किया शिविर का आयोजन

# 25 गांवों के 116 मरीजों को मिला चश्मा, मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेसा पलामू के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्रासिम के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी व विशिष्ट अतिथि सेसा महासचिव डॉ. कौशिक मल्लिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरी ने किया। संस्थान प्रमुख श्री अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम अपने स्थापना काल से ही आसपास के समुदायों के



आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। और हम आदित्य बिड़ला समूह द्वारा निर्देशित 5 सूत्री विकासात्मक कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविकोपार्जन, आधारभूत संरचना, सामाजिक एवं महिला सशक्तिकरण के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत क्षेत्र के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस शिविर के आयोजन हेतु सेसा पलामू की प्रबंधन टीम का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सेसा के संयुक्त निदेशक डॉ. जसबीर भी मौजूद थे। शिविर में 25 गांवों के 207 जरूरतमंदों के नेत्रों की जांच कर 116 मरोजों में चश्मे का वितरण किया गया। मौके पर फाइनेंस एवं कमर्शियल प्रमुख शिवम पाठक, टेक्निकल प्रमुख हरदीप कोहली, प्रणब पांडा, दिलीप दास, विपिन दीक्षित,डॉ. पीपी पांडेय, महिला मंडल की वंदना कोहली, अनुपमा मिश्रा, इनरव्हील क्लब की यामिनी शर्मा, डॉ. सुतापा बोस,जन सेवा ट्रस्ट के नागेंद्र यादव,गोपीनाथ विश्वकर्मा, सत्येन्द्र सिंह, भोला सिंह, मो. कैफ,आफताब, अनिता देवी मौजूद रहीं।

## आयोजन

### जयंती पर नागरिकों ने आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

# संतों के संत शिरोमणि थे रविदास, किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत मेलाटांड़ अंबेडकर नगर में शनिवार की रात्रि संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास, संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर व भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण के बाद अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन निगरानी अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम ने किया। मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि संतो के संत शिरोमणि थे रविदास। उन्होंने सिद्ध किया था कि मन में सच्चा भक्त है तो भगवान हर जगह पर हैं और सबकी सुनते हैं। शिक्षा बिना मनुष्य पशु के समान है।



कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिका सुमन कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, अशोक राम, पप्पू सिंह, सुदेश्वर मोची समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में परशुराम व्यास के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सदस्य अर्जुन राम, अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार बौद्ध, सचिव कमेश राम, सोनू कुमार, प्रकाश कुमार,छोटू कुमार, राकेश कुमार,नीरज कुमार, रवि कुमार, पिंटू कुमार,अनिल राम, रोहित कुमार मौजूद रहे।

### संत रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**हरिहरगंज।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में खड़गपुर गांव में शनिवार की रात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुखिया अभिभावक सत्येन्द्र मेहता, शिक्षक अजय मेहता, कृष्णा राम, सूर्यदेव राम, विनोद बैठा तथा अनुज यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। इस अवसर पर सत्येंद्र मेहता ने कहा कि संत रविदास के आदर्श जीवन से प्रेरणा लें। उन्होंने जात-पात का भेदभाव बुलाकर लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष डीलर अवधेश राम, सिकेंद्र राम मौजूद थे।

### मायके वालों की शिकायत पर पति व सास पर प्राथमिकी

# जहरीले पदार्थ के सेवन से विवाहिता की मौत, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र निवासी राहुल सिंह की पत्नी गीतांजलि देवी (25) की मौत शुक्रवार की रात कथित रूप से जहरीला पदार्थ के सेवन से हो गयी। शुक्रवार की रात गीतांजलि देवी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया था। चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया था। बताया जाता है कि सदर अस्पताल मेदिनीनगर पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सूचना मिलने पर गीतांजलि देवी के भाई लवकुश सिंह निवासी ग्राम मलवारिया थाना ऊंटारी रोड सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शहर थाना पुलिस को दिए बयान में कहा है कि उनकी बहन को खाने में जहर देकर मार दिया गया है। उन्होंने गीतांजलि के पति राहुल सिंह व सास उर्मिला देवी को आरोपी बनाया है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन गीतांजलि की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ रानीदेवा गांव निवासी रामयश सिंह के पुत्र राहुल सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सास और पति दहेज नहीं लाने का ताना मारते थे। वह गीतांजलि देवी को काफी कष्ट देते थे। जिसके बारे में वह बताती थी। वर्ष 2020 में हैदरनगर थाना में गीतांजलि देवी ने आवेदन देकर सास व पति द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया था। बाद में सुलह के बाद सभी साथ रहते थे। मगर उनके रवैये में सुधार नहीं हुआ। 23 फरवरी को बहन गीतांजलि देवी को जहर देकर मार डाला गया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि मृतका के भाई लवकुश सिंह के फर्द बयान के आधार पर हैदरनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतका के पति व सास को आरोपी बनाया गया है। उनपार आईपीसी की धारा 304 बी/34 लगाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की गहनता के साथ छान बीन की जा रही है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
मतदान लोकतंत्र का सर्वोच्च अधिकार है। सभी को मतदान के अधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिये। जिससे बेहतर प्रतिनिधि के साथ उत्तम सरकार का गठन हो सके।
**इंद्रजीत सिंह डिम्पल, सचिव चेम्बर ऑफ कॉमर्स**

## भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला

**मेदिनीनगर।** भाजपा द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल कार्यशाला का आयोजन हैदरनगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव की। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश उपस्थित रहे। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम से जुड़े सभी कार्यकताओं को लाभार्थियों की सूची, प्रचार साहित्य, पीएम मोदी का पत्र एवं स्टीकर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान से संबंधित प्रतिदिन की रिपोर्ट सरल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अप टू डेट करना है। साथ ही लाभार्थी के नंबर से केंद्र द्वारा दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल भी करवाया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डॉक्टर अजय जायसवाल, विरेंद्र सिंह , राजा सिंह, प्रदीप सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, विरेंद्र सोनी, कुसुम देवी, मदन सिंह उपस्थित रहे।



### हमीदगंज की घटना, स्वस्थ है गाय

# गाय ने चारे के साथ अजगर को चबाया, मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज मोहल्ले में रविवार को चारे के साथ एक गाय ने अजगर के बच्चे को भी चबा लिया। घटना में जहां अजगर की मौत हो गयी। वहीं चिकित्सकों ने जांच के बाद गाय को स्वस्थ बताया है। जेपीएस बस संचालक के भतीजे संजय सिंह ने बताया कि सुबह जब वे गोशाल के समीप गये तो गाय के मुंह में अजगर को लटका देख अवाक रह गये। हड़बड़ाकर किसी तरह उन्होंने गाय के मुंह से अजगर को बाहर निकाला। तब तक अजगर ने दम तोड़ दिया था। गाय के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित उन्होंने तत्काल पशु चिकित्सक को फोन किया। जांच के बाद चिकित्सक ने गाय को स्वस्थ करार दिया है। सरकारी पशु चिकित्सक डा. प्रमोद कुमार ने बताया कि अजगर जहरीला नहीं होता है। इससे गाय को कोई

### डालटनगंज से राजहरा रेलवे स्टेशनों के बीच तैयारी पूरी, नोडल अधिकारी तैनात

# चार अंडरपासों का आज वर्चुअल उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज से राजहरा रेलवे स्टेशनों के मध्य चार रेलवे अंडर पासों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह वचुअल उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चारों स्थानों पर भव्य कार्यक्रम के लिये अलग-अलग नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है। रविवार दोपहर डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित वार्ता में वरीय मंडल विद्युत अभियंता दिनेशा शाह, राजीव रंजन, पंकज कुमार व हंसराज मीणा ने बताया कि डालटनगंज व कजरी रेलवे स्टेशन के मध्य सिंगरा गांव के पास दो अंडरपास तथा कजरी व राजहरा रेलवे स्टेशन के मध्य गाड़ीखास गांव के पास दो अंडरपास का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। प्रत्येक की लागत 4.66 करोड़ रुपये है। प्रत्येक अंडरपास के आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के अतिरिक्त समीपवर्ती स्कूल के बच्चे भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान विकसित देश के लिये विकसित रेल विषय पर आयोजित निबंध, चित्रकला, कविता आदि प्रतियोगिताओं में सहभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया जायेगा। मौके पर स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, सीटीआई बीएम पांडेय, अधिकारी विकास कुमार भी मौजूद रहे।

### रेल दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश

अधिकारियों ने बताया कि अंडरपासों का निर्माण हो जाने से लेवल क्रासिंग गेट के पास होने वाली रेल दुर्घटनाओं पर जहां अंकुश लगेगा। वहीं इससे नागरिकों का आवागमन सुचारू होने के साथ व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन भी सुगम हो सकेगा। इससे क्षेत्र में शहरीकरण को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## एक नजर

### मनतजीर आलम के हत्यारों की हो गिरफ्तारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, किसान नेता रामराज तिवारी, निरंजन कमलापुरी एवं जमालुद्दीन खलीफा ने चैनपुर अंचल के बुढ़ीबीर के लोगों से संपर्क कर समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान गांव के सुलेमान मियां उर्फ उस्मान मियां के इकलौते पुत्र मनतजीर आलम के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गयी। मृतक के पिता ने बताया कि अभी तक ठीक से पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं आया है। जिला सचिव आरक्षी अधीक्षक से अविलंब हत्यारों को गिरफ्तार किये जाने की मांग की है।

### बीडीओ ने कृषि मित्रों को दिया दो दिनों में सूची सौंपने का निर्देश

**हैदरनगर।** प्रखंड परिसर स्थित कृषि सलाहकार केन्द्र में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत कार्य शीघ्र पहुंचाने को लेकर कृषि मित्रों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बैठक की। जिसमें पंचायतवार सभी किसान मित्रों को बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों सहित ग्रामीणों के क्षतिग्रस्त मकानों की सूची सोमवार की शाम चार बजे तक हर हाल में सौंपने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय को प्राप्त सूची को जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि पांच मार्च तक दिया गया है। संचालन कर रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने उन्हें बताया कि प्रभावित किसानों की तैयार सूची की एक प्रति कृषि मित्र स्वयं सुरक्षित रखेंगे। इस कार्य में विलंब के जिम्मेवार कृषि मित्र ही होंगे। उन्होंने इसे गंभीरता से लेकर विहित प्रपत्र पर संबधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व किसान मित्र के संयुक्त हस्ताक्षर कराकर ही जमा करना है। बैठक में प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान सहित सभी किसान मित्र, सहायक तकनिकी प्रबंधक व कई किसान शामिल थे।

### वोट के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये वॉकथॉन का आयोजन

# मतदान जागरूकता संदेश भरे नारों से गूंजा शहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। शहर के समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन,एसपी रिष्मा रमेशन,उप विकास आयुक्त रवि आंनद आदि अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन का शुभारम्भ करते हुए खुद भी इसमें शामिल हुए और आम लोगों संग चहलकदमी करते पुलिस लाइन मैदान तक पहुंचे। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों समेत स्कूली बच्चे,विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों के साथ बड़ी संख्या में शहर के खास व आमजनों ने सहभाग किया। यह वॉकथॉन शहर के मुख्य मार्ग कचहरी,छह मुहान ,हॉस्पिटल चौक,साहित्य समाज चौक होते पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचा। इस दौरान शहर का वातावरण ' चुनाव का पर्व देश का गर्व,'उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है,सबका यह अरमान है,सबको करना मतदान है,आपका वोट आपका भविष्य' जैसे जागरूकता पूर्ण नारों से गूंजता रहा। युवा एवं स्कूली बच्चे अपने हाथों में प्ले कार्ड्स लिये सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील कर रहे थे। डीसी व एसपी ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में अधिकारियों ने स्कूली बच्चों से इलेक्शन से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे। सही जवाब देने वालों बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

**शहर के समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन,एसपी रिष्मा रमेशन,उप विकास आयुक्त रवि आंनद आदि अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन का शुभारम्भ करते हुए खुद भी इसमें शामिल हुए और आम लोगों संग चहलकदमी करते पुलिस लाइन मैदान तक पहुंचे।**

### इस बार 80 पार संकल्प के साथ करें मतदान :डीसी



जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने इंस्टाग्राम पर रिल्स व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। कहा कि अबकी बार 80 पार के संकल्प के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सकारात्मक असर दिखता है जो लोगों के बीच वोट डालने की क्यूरियोसिटी बढ़ाने में मदद करता है। उन्होंने कहा हमारे वोट से ही हमारे देश व राज्य का भविष्य तय होता है। इसलिए मतदान हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन जो दिव्यांग मतदाता व फर्स्ट टाइम वोटर अपने बूथ पर सबसे पहले मतदान करने पहुंचेंगे। उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर हुसैनाबाद एसडीएम आशीष गंगवार,सहायक समाहर्ता रवि कुमार,सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

**खतरनाक ढंग से सवारियों को लटकाकर बेखौफ फर्राटा भर रहे वाहन**

# बढ़ रहे हादसे, सवारी वाहनों की नहीं थम रही ओवरलोडिंग



**लोगों का कहना है कि वाहन चालक ज्यादा कमाई करने के चक्कर में यात्रियों की जान जोखिम में डाल कर वाहनों में ठूंस-ठूंस कर सवारी भर रहे हैं।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इसके बाद भी सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग का सिलसिला बदस्तूर जारी है। एनएच सहित राज्य मार्गों पर सवारियों को खतरनाक ढंग से लटकाकर बेखौफ फर्राटा भरते वाहनों को सहजता से देखा जा सकता है। मेदिनीनगर में तो ओवरलोड सवारी वाहनों की कतार लगी है। लोगों का कहना है कि वाहन चालक ज्यादा कमाई करने के चक्कर में यात्रियों की जान जोखिम में डाल कर वाहनों में ठूंस-ठूंस कर सवारी भर रहे हैं। यहां तक कि यात्रियों को बाहर तक लटका कर भी ले जा रहे हैं। इस स्थिति में असंतुलित होकर गिर जाने के कारण कई बार दुर्घटनायें भी हो चुकी हैं। इसके बाद भी संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। रांची रोड, पांक रोड, शाहपुर रोड से होकर प्रतिदिन शहर में ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में मजदूर काम के लिये आते हैं। उक्त मार्गों पर समुचित यात्री सुविधा के अभाव में मजदूर जान हथेली पर लेकर डग्गामार वाहनों में लटककर यात्रा करने के लिये विवश हैं। लोगों ने यातायात विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### एमएमसीएच आने वाले मरीज व तीमारदार परेशान

# 17 लाख टैक्स, फिर भी कच्ची सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुनकर हैरानी होगी, किंतु अक्षरशः सत्य बात है। नगर निगम को 17 लाख रुपये टैक्स देने के बाद भी मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज मार्ग का निर्माण नहीं कराये जाने से मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि मेन रोड को कालेज से जोड़ने वाला 500 मीटर का मार्ग जहां अभी तक कच्चा है। वहीं मार्ग पर गंदगी का अंबार लगा है। बरसात के दिनों में तो कच्चे मार्ग से आने-जाने में मरीजों व परिजनों को अत्यंत पीड़ा होती है। कई बार तो फिसलकर गिर जाने के कारण मरीज दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### शिव-पार्वती मंदिर की जमीन की एसी ने जांच की

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर मोहल्ले में विवेकानंद चौक के समीप स्थित शिव-पार्वती मंदिर की जमीन पर किए जा रहे कथित अतिक्रमण के मामले की शनिवार को अपर समहर्ता कुंदन कुमार ने जांच की। उपायुक्त के निदेर्शानुसार टीम गठित कर विवादित जमीन की जांच की गई। टीम एसी के अलावा डीसीएलआर प्यारेलाल, चैनपुर के सीओ चंद्रशेखर कुणाल शामिल थे। दोनों पक्ष के लोगों के मौजूदगी में विवादित भूमि की माफी की गई। इसके बाद कागजात की जांच की जा रही है। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बताया कि उपयुक्त के निदेर्शानुसार विवादित भूमि की जांच की जा रही है। इस मामले में अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सकता है। जांच चल रही है।

### विद्यासागर की याद में विनयांजलि सभा का आयोजन

# महान संत थे जैन मुनि आचार्य विद्यासागर : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की स्मृति में दिगंबर जैन समाज के द्वारा रविवार की अपराह्न स्थानीय जैन मंदिर में विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें पलामू सांसद वीडी राम, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष व पूर्व मेयर समेत बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन व संचालन गुंजन रचना कासलीवाल ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज की चर्या , आचरण व तेज असाधारण होने के बावजूद उन्होंने हमेशा लोगो के बीच सामान्य ही रहना पसंद किया। कर्नाटक प्रांत के अत्यंत छोटे से गांव सदलगा बेलगाम में वर्ष 1946 शरद पूर्णिमा के दिन जन्म लेकर अपने आभा मंडल से पूरे विश्व को प्रकाशमान करने वाले विद्याधर ने वर्ष 1968 में आचार्य ज्ञानसागर महाराज से दीक्षा लेकर संत शिरोमणी विद्यासागर के नाम से ख्याति अर्जित की। वर्ष 1972 में आचार्य पद आरोहण करने के पश्चात संत शिरोमणी ने 131 मुनि ,300 से ज्यादा अन्य दीक्षा एवं हजारों ब्रह्मचारियों को दीक्षा प्रदान की। खास बात यह भी है कि उन्होंने अपने पूरे परिवार यानि माता -पिता, तीन भाई व दो बहनों समेत पूरे परिवार को मोक्ष मार्ग अर्थात संयम पथ पर लगा दिया। मौके पर शंकर शुक्ला, आरएन सिंह, नवल तुलस्यान, अमरजीत सिंह वालिया, जयराम मेहता, विनोद मिश्रा, दिलीप तिवारी, सहारयार खान, जिशान खान,विनोद सिंह, इंदरजीत सिंह डिंपल,डीएस श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश गोयल,सुनील गोस्वामी, स्वर्णकार अध्यक्ष सरस जैन, सचिव सागर जैन उपस्थित थे। आयोजन में मीडिया प्रभारी मनोज पहाड़िया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सम्मेलन

### रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र विषय पर न्यायविदों ने किया मंथन

# गिरफ्तारी से पूर्व पुलिस को बरतनी चाहिये विशेष सतर्कता



**एनडीपीएस रूल पर चर्चा**

जमानत व न्याय शास्त्र के प्रमुख मुददे पर चर्चा के दौरान पहली पाली में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी के पूर्व पुलिस को 41 की नोटिस का अनुपालन कितना आवश्यक है। दूसरी पाली में एनडीपीएस एक्ट 1985 पर इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग स्कूल रांची के इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र विषय पर रविवार को गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज के सभागार में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा, न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी,न्यायिक अकादमी के डायरेक्टर सुधांशु कुमार शशि, पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव व उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। न्यायिक अकादमी झारखंड के सहयोग से पलामू,गढ़वा व लातेहार न्याय मंडल की और से आयोजित सम्मेलन में गढ़वा के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, लातेहार के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीएनएस लॉ कॉलेज की छात्राओं द्वारा मनोरम सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में प्रख्यात न्यायविदों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा भी गिरफ्तारी के तरीके पर लगातार आदेश जारी किया जाता है। बार-बार सुरक्षा उपाय निर्धारित किया गया है। जिनका पुलिस और मजिस्ट्रेट को पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की कठोर शक्ति का सहारा लेने से पहले पुलिस को अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिये। कार्यक्रम का संचालन पलामू व्यवहार न्यायालय की सिविल जज सीनियर डिवीजन शिखा अग्रवाल ने किया। इस मौके पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डी जे संतोष कुमार, विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, पीएन पाण्डेय,अमरेश कुमार, शंकर महाराज, एसीजेएम आनंद सिंह, डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव उपस्थित थे।



### शहीद नेपाल रवानी को दी गयी श्रद्धांजलि

# लंबी लड़ाई की देन है झारखंड



**अलग झारखंड राज्य का गठन स्वाभाविक नहीं है। इसके लिये लंबी लड़ाई व बड़ी कुर्बानी देनी पड़ी है। राज्य की प्राकृतिक सम्पदा और संसाधन की लूट को 23 वर्ष का युवा झारखण्ड अब बर्दाश्त नहीं करेगा। झारखंड नवनिर्माण का आन्दोलन तेज किया जायेगा।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्टेशन रोड स्थित बिरसा चौक के समीप एक होटल में रविवार को समारोह का आयोजन कर शहीद नेपाल रवानी को श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष बिकेश शुक्ला व संचालन अनिल मनोहर व शंकर चौधरी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि अलग झारखंड राज्य का गठन स्वाभाविक नहीं है। इसके लिये लंबी लड़ाई व बड़ी कुर्बानी देनी पड़ी है। राज्य की प्राकृतिक सम्पदा और संसाधन की लूट को 23 वर्ष का युवा झारखण्ड अब बर्दाश्त नहीं करेगा। झारखंड नवनिर्माण का आन्दोलन तेज किया जायेगा। गणेश रवि ने जोरदार संघर्ष का आह्वान किया। कन्हाई साव ने झारखंड आंदोलन की आपबीती सुनाई। बलराम उरांव ने कहा कि झारखंडी जनता के अरमानों को पुरा करने के लिए जोरदार आन्दोलन करने की जरूरत है। मौके पर अशोक चौरसिया, राजदेव राम, पूनम खलको,मो.असलम, अर्जुन यादव, बंधु सिंह खरवार, संतन मेहता, मुरारी पाण्डेय , विरेंद्र ठाकुर मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के घोरदाग गांव निवासी नरेश राम का पुत्र जैकी कुमार राम मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि जैकी मोटरसाइकिल से गोदरमाना गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान भदूआ घाटी के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### पानी भरने के विवाद में मारपीट, घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के तिकूलडीहा गांव निवासी अब्दुल रफीक खान का पुत्र अमरुद्दीन खान मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में अमरुद्दीन खान ने आरोप लगाया है कि बोरिंग का पानी भरने को लेकर उसके भाई व भाभी ने उसके साथ मारपीट की।

### मंगेतर ने नहीं उठाया फोन तो युवती ने निगला कीटनाशक

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव निवासी अजीत राम की पुत्री चंद्रमुखी कुमारी 22 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि चंद्रमुखी की शादी तय हो गयी है। उन्होंने बताया कि जिस लड़के से उसकी शादी तय हुई है। उसने उसे फोन किया था, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसी बात से क्षुब्ध होकर चंद्रमुखी ने कीटनाशक निगल लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराय। एक अन्य घटना में कांडी थाना क्षेत्र के चौबे मझिगांवा निवासी अंजन गुप्ता ने घर में हुये विवाद के बाद कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति परजिनों ने उसे सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया है।

### बाइकों की टक्कर में एक घायल




**गढ़वा।** रंका मार्ग स्थित सीजो मोड़ के पास रविवार को मोटरसाइकिलों की टक्कर में करके गांव निवासी पारसनाथ यादव घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि चिनिया थाना क्षेत्र के सिगसीगा कला गांव से वे अपने भांजे की शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा जाने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने रंका स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सर्वेश्वरी आश्रम में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

## 299 मरीजों के आंखों की जांच




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** श्रीसर्वेश्वरी समूह आश्रम के तत्वावधान में रविवार को नेत्र शिविर लगाया गया। इस कैंप में 299 रोगियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। इससे पुर्व डेंटल कॉलेज गढ़वा के निदेशक दिनेश सिंह ने अवधूत भगवान राम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद बाबा औघड़ गुरुपद संभव राम ने कहा कि जिस सुख-शांति को हम मृग-मरीचिका की भांति ढुंढ रहे हैं। वह आज के परिवेश के लिए हानिकारक है। शिविर में डॉक्टर बीएन राय ने नेत्र रोगियों की जांच कर दवा देकर उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी। इस दौरान डेंटल कॉलेज के द्वारा दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। आयोजन के लिये ग्रामीणों ने श्रीसर्वेश्वरी समूह के प्रति आभार जताया। मौके पर शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव, विनोद प्रसाद, बीएन पाण्डेय, गोखुल कुमार, रामावतार राम,प्रेम कुमार गुप्ता, प्रभु जयसवाल उपस्थित थे।

हेमंत को न्याय के लिए जेएमएम महिला मोर्चा का मां गढ़देवी मंदिर में अखंड कीर्तन

## न्यायपालिका के साथ जनता व ईश्वर की अदालत पर भरोसा : मिथिलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए झामुमो महिला मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अखंड कीर्तन में गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पादन एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी शामिल हुए। सभी ने पूजा-अर्चना कर मां गढ़देवी से लोकतंत्र की रक्षा करने एवं राज्य और देश की खुशहाली के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने की कामना की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जो स्थिति कर दी है। अब लोकतंत्र के मालिक ईश्वर ही हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो को न्यायपालिका के साथ जनता की अदालत और ईश्वर की अदालत में पूरा भरोसा है। बेगुनाह को निश्चित ही न्याय मिलेगा। श्री ठाकुर ने बताया कि झामुमो की ओर से सभी मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर सहित सभी देवस्थानों में पूजा-अर्चना, कीर्तन, इबादत, चादरपोशी एवं प्रार्थना की जा रही है। ईश्वर न्याय जरूर करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह अच्छी तरह से मालूम है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जिस तरह से जमीनी स्तर पर आदिवासी, मूलवासी के लिए काम किया है। इस बार यहां भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। मौके पर मुख्य से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, आराधना सिंह, रेखा पाठक, सोनी देवी, प्रियंका,मीना, गिरिजा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, रीता देवी, अनिता देवी, गंगाजली देवी, कंचन झा उपस्थित थीं। गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, चिंटू पांडेय आदि ने संकल्प दिलाया।

### बाइक की चपेट में आने से एक की मौत,दूसरा घायल

गढ़वा। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में बाइक की चपेट में आने से गोदरमा गांव निवासी योगेंद्र पांडे की मौत हो गई। वहीं उसी गांव का निवासी चंदन कुमार घायल हो गया। घायल चंदन को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि योगेंद्र पांडे व चंदन विश्रामपुर बाजार से पैदल घर लौट रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल लाया गया जहां योगेंद्र पांडे को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया शौर्य सम्मान समारोह का आयोजन, पुलिस कर्मियों को सराहा

## बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में शनिवार की संध्या शहर के टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में शौर्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में एसपी दीपक कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस पदाधिकरियों एवं कर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि गत दिनों शहर के गढ़देवी मोड़ स्थित एक जेवर की दुकान में हुई बड़ी लूट के मामले का गढ़वा पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुये लूटे गये करोड़ों के आभूषण बरामद करने के साथ ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल - स्वच्छता एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एसपी सहित उद्भेदन करने वाली टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता का सम्मान पाना पुलिस के लिए बहुत बड़ी बात है। यह सम्मान पुलिस की जिम्मेदारी को और बढ़ा देगी। उन्होंने कहा कि जनता को भी धैर्यपूर्वक पुलिस के कार्यां में सहायोग करना चाहिए। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारयों एवं पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने, प्रमोशन देने के लिए विभागीय नियमानुसार अनुशंसा सरकार को भेजें। वह निश्चित रूप से पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### बढ़ जाती है चुनौती, बढ़ता है मनोबल

डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन कर जनता जब सम्मानित करती है तो इससे सरकारी कर्मियों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग काफी मिलनसार हैं। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि पुलिस के लिए नागरिक सम्मान पाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। इस प्रकार के आयोजन से काफी उत्साह मिलता है। मौके पर एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, गढ़वा थाना प्रभारी केके साहु, चैंबर अध्यक्ष बबलू पटवा, सर्राफा संघ के अध्यक्ष भुवनेश्वर नाथ सोनी, व्यवसायी नंद कुमार गुप्ता, विनोद जायसवाल, ज्योति प्रकाश केशरी, जय सोनी, मुरली श्याम सोनी, विनोद पाठक आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन साहु ने किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रसिद्ध व्यवसायी राकेश पाल, तनवीर आलम, दिलीप गुप्ता, शिव केशरी, सन्तोष अग्रवाल, पूनम कांस्यकार, मनीष केशरी, अजय केशरी, पंचम सोनी, बजरंगी सोनी उपस्थित थे।

मंत्री की उपस्थिति में झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

## शौकत सचिव व मुमताज बने कोषाध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राज्य के पेयजल-स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम की उपस्थिति में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कमेटी का विस्तार किया है। कमेटी में 51 लोगों को जगह दी गई है। इसमें में जैदुल्लाह अंसारी, राहत हुसैन, हिफाजत अंसारी, आफताब अंसारी, नुरूल हक, आशीक अंसारी को उपाध्यक्ष, शौकत हुसैन अंसारी को सचिव, मुमताज खां को कोषाध्यक्ष, मो. एहसान अंसारी को संगठन सचिव, मंजर खान को प्रवक्ता, इद्रीश अंसारी मीडिया प्रभारी तथा अब्दुल जब्बार अंसारी, अहमद अंसारी, वकील अंसारी, अरमान सिद्दीकी, लाल बाबू खान, नीलम कुजूर व अलमुद्दीन अंसारी को सह सचिव नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी के 35 सदस्य भी बनाये गये। इस मौके पर मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, ताहिर अंसारी, फुजैल अहमद, करीब अंसारी, सद्दाब खां, बदरूदीन अंसारी, जियाउल हक अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत बन रहा 50 शैय्या का भवन

## क्रिटिकल केयर ब्लाक का पीएम ने किया आनलाइन शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 50 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर ब्लाक का रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आनलाइन शिलान्यास किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम के अलावा उपायुक्त शेखर जमुआर, भाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप आदि उपस्थित थे। सांसद श्री राम ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। इसका एक उदाहरण है कि आज सदर अस्पताल परिसर में 23.75 करोड़ की लागत से शिलान्यास किया गया है। पदाधिकारी और नेता दोनों का काम सेवा करना है। दोनों बेहतर समन्वय स्थापित कर हर जरूरतमंद तक सरकार की तमाम योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में काम किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा सदर अस्पताल परिसर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक बन जाने से स्थानीय लोगों को उसका लाभ मिलेगा। समारोह स्थल पर उपस्थित लोगों ने राजकोट से प्रसारित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखा।

### मेडिकल कालेज खुलने का मार्ग प्रशस्त

क्रिटिकल केयर ब्लाक के बन जाने से सदर अस्पताल परिसर में पुराने अस्पताल भवन, नए अस्पताल भवन, कोविड यूनिट भवन समेत 250 बेड की व्यवस्था हो जाएगी। इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो जाने से गढ़वा में मेडिकल कालेज खुलने का मार्ग प्रशस्त होगा। जबकि क्रिटिकल केयर ब्लाक में वैसे मरीजों का इलाज होगा। जिनकी हालत बीमारी या दुर्घटनाग्रस्त होने पर क्रिटिकल हो। मौके पर सिविल सर्जन के अलावा डीएलओ डा.केएल सहगल, सर्जन डा.अमित कुमार, डा.नाथुन साह, यक्ष्मा विभाग के डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र आदि उपस्थित थे।

### विधायकों का भाग नहीं लेना चर्चा का विषय

आनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम से जिले के सभी विधायकों का दूरी बनाए रखना चर्चा का विषय बना रहा। कार्यक्रम शुरू होने के ठीक 15 मिनट पहले समारोह स्थल के समीप मेनरोड से होकर गढ़वा के विधायक सह राज्य के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का काफिला गुजरा। लेकिन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शिलान्यास समारोह में शामिल नहीं हुए। जबकि भाजपा के भी तीनों विधायक विश्रामपुर-मझिआंव के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही एवं मेदिनीगर-भंडरिया के विधायक आलोक कुमार चौरसिया भी शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। भाजपा के तीनों विधायकों का शिलान्यास समारोह में नहीं आने को लेकर भी लोगों के बीच चर्चा होती रही।

## युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### फंदे से झूलते मिला शव, पिता ने लगाया हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के सोनपुरवा के भठ्ठी मोहल्ला स्थित एक मकान में किराए पर रहनेवाली 27 वर्षीय प्रमिला कुमारी पिता मोहन प्रसाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को कमरे में फंदे से झूलता उसका शव पाया गया। मृतका उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र के बभनी गांव की रहनेवाली थी। वह विगत दो वर्षो से गढ़वा में रहकर एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। बताया गया कि प्रमिला कुमारी के साथ फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली दो और लड़कियां रहती थी,लेकिन दो दिनों का अवकाश होने के कारण वे दोनों शुक्रवार की शाम अपने घर चली गई थीं। रविवार को जब प्रमिला कुमारी का दरवाजा देर तक नहीं खुला तो लोगों को संदेह हुआ। तब आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जब दरवाजा तोड़कर कमरे में गई तो वहां प्रमिला कुमारी का शव फंदे से झूल रहा था। पुलिस ने शव को उतार कर सदर अस्पताल में लाकर पोस्टमार्टम कराया। जबकि सूचना मिलने पर मृतका के पिता मोहन प्रसाद भी गढ़वा पहुंचे। मोहन प्रसाद ने आरोप लगाया कि प्रमिला कुमारी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि शव के प्राइवेट पार्ट में खून लगा हुआ है। इसके बाद इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रमिला कुमारी की शादी हुई थी, लेकिन उसके पति ने उसे छोड़ दिया था। इसके बाद वह गढ़वा में रहकर प्राइवेट फाइनांस कंपनी में काम करती थी। इधर गढ़वा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी छानबीन शुरू कर दी है।

### अबुआ आवास सूची निष्पादन में हो रही दिक्कत, ग्रामीण परेशान

**डंडई।** पदस्थापना पत्र जारी होने के चार दिन बाद भी प्रखंड की नई आवास कोऑर्डिनेटर प्रिया कुमारी द्वारा अभी तक प्रखंड में योगदान नहीं दिया गया है। इससे प्रखंड में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के क्रियान्वयन पर पूरी तरह से विराम लग गया है। उनकी अनुपस्थिति के कारण अबुआ आवास योजना के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य भी ठप पड़ा है। मालूम हो कि अबुवा आवास योजना का लाभ दिलाने को लेकर ठगी के आरोप में प्रखंड के पूर्व आवास कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार को उपायुक्त के द्वारा बुधवार को बर्खास्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि प्रिया कुमारी इससे पूर्व गढ़वा प्रखंड में पदस्थापित थीं। अबुआ आवास की सूची में शामिल लाभार्थी योजना का लाभ पाने के लिये बेसब्री से आवास कोऑर्डिनेटर के आने का इंतजार कर रहे हैं।

विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

## केतार बाजार की लौटेगी रौनक, मिलेगी राहत

### कलम सटा कर लूट रहे अधिकारी, लोग परेशान

विधायक ने चंपाई सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस सरकार को राज्य के विकास और युवाओं के रोजगार की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक, अंचल और थाना में अधिकारी कलम सटा कर जनता से लूट मचा रखे हैं। अधिकारी बिना पैसा लिए आमजनों का एक भी काम नहीं कर रहे हैं। इसका मुंहतोड़ जवाब जनता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देगी। विधायक भानु ने 28 फरवरी को भवनाथपुर के टाउनशिप में आयोजित 51 बहनों की शादी में आशीर्वाद देने के लिए प्रखंड के लोगों से आने का आग्रह किया। इस मौके पर भगत दयानंद यादव, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विक्रमा सिंह,मुंगा साह, राजू सिंह, धीरेन्द्र शुक्ल,धर्मेन्द्र सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, राम प्रसाद कमलापुरी, राम प्रवेश ठाकुर, राकेश सिंह, राजा प्रसाद मौजूद थे।



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को केतार बाजार के कर्पूरी गेट के समीप 1.87 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूजा-अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद की राशि से मुख्य बाजार होते हुए सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर तक बनेगी। मुख्य बाजार में सभा को संबोधित करते विधायक भानु ने कहा कि यह सड़क काफी संकीर्ण हो गयी थी। इस सड़क से आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती थी। अब नयी सड़क का निर्माण कार्य होने से केतार बाजार में पुनः रौनक लौटेगी।

अनियमितता

### बीडीओ ने खरौंधी पंचायत के मुखिया से मांग स्पष्टीकरण

## अबुआ आवास योजना आवंटन में धांधली

**खरौंधी मुखिया को कार्यमुक्त करने के लिये बीस सूत्री अध्यक्ष ने उपायुक्त को दिया आवेदन**






**बीडीओ रविन्द्र कुमार ने प्रत्येक लाभुकों के घर जाकर जांच करने की बात कह कर आक्रोशित लोगों को शांत कराया था। इसके बाद बीडीओ ने खुद खरौंधी पंचायत में 150 लाभुकों का सत्यापन किया था।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास आवंटन में धांधली को लेकर खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजू देवी को कार्यमुक्त करने को लेकर उपायुक्त गढ़वा को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है की सरकार के सख्त निर्देश के बावजूद मुखिया के द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली करते हुए पात्र लाभुकों को आवास से वंचित कर दिया गया है। इसे देखते हुये योग्य लाभुकों का नाम सूची में शामिल करना एवं भ्रष्ट मुखिया को कार्यमुक्त करना अति आवश्यक है। विदित हो कि कई योग्य लाभुकों ने अबुआ आवास की सूची में अपना नाम गायब देख बीते दिनों बीडीओ के समक्ष जमकर हंगामा किया था। बीडीओ रविन्द्र कुमार ने प्रत्येक लाभुकों के घर जाकर जांच करने की बात कह कर आक्रोशित लोगों को शांत कराया था। इसके बाद बीडीओ ने खुद खरौंधी पंचायत में 150 लाभुकों का सत्यापन किया था। जिसमें उन्होंने मात्र 20 लाभुकों को ही अबुआ आवास के लिये पात्र पाया था। इस संबंध में बीडीओ रविंद्र कुमार ने सरकार के महत्वपूर्ण योजना के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी को स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही का द्योतक मानते हुए मुखिया से स्पष्टीकरण मांगा है।

## एक नजर

### शोक सभा में दिवंगत युवा समाजसेवी सह व्यवसाई को श्रद्धांजलि



**चतरा/गिद्धौर।** चर्चित युवा व्यवसायी रामदेव यादव के असमय निधन पर जिला मुख्यालय व प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सड़क हादसे में घायल होने के बाद मौत की सूचना के बाद भारी संख्या में प्रखंड व जिले के लोग दिवंगत के गांव गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीशाखी पहुंचे। इस दौरान शेक संतप्त परिवार को सांतवना देते हुए हर संभव मदद करने की बात कही। साथ ही सभी दिवंगत के अंतिम यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धांजलि ली दी। साथ ही दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा के शांति लिए इश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक योगेंद्रनाथ बैठा, भाजपा नेत्री नीलम देवी, राजद के बिनोद भोगता, व्यवसाई अनु तांबी, जीतू जैन, मनी साह, प्रमोद दांगी, सुरेश यादव, बसंत सिंह, बिंदेश्वरी यादव, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष अर्जुन यादव, हेमन यादव, देवनारायण दांगी, राजद के रामदेव यादव, कपिल कुमार, मनोज कुशवाहा, मनोज दांगी, विकाश पांडेय, दिनेश भारती, रामबृक्ष यादव, देवकुमार साव समेत जिले के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### राजद नेता ने थाना प्रभारी व सर्किल इंस्पेक्टर से की भेंट



**बरवाडीह।** राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी अली हसन अंसारी ने रविवार को नव पदस्थापित सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता व थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राजद नेता ने सर्किल इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका स्वागत किया। साथ ही लोगों को हरसंभव मदद एवं क्षेत्र में शांति बहाल रखने की बात कही। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि उनका भरपूर प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में सभी लोग अमन चैन के साथ रहे। वहीं थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों से भी उनके सहयोग की अपेक्षा की। इसके साथ ही युवा भाजपा नेता मनीष सोनी ने भी थाना प्रभारी राधे श्याम कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

# सड़क दुर्घटना में युवा समाजसेवी रामदेव की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले के चर्चित युवा समाजसेवी सह व्यवसायी रामदेव यादव की दर्दनाक मौत मौत शनिवार देर रात सड़क दुर्घटना में हो गई। सूचना के बाद जिला व प्रखंड मुख्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी के रहने वाले थे। अग्नि संस्कार रविवार को बारीसाखी शमशान घाट पर किया गया, जहां पुत्र रिशु राज ने मुखाग्नि दी।



जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में स्थित तपेज के पास गांव जाने के क्रम में स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराईं। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर गंभीर अवस्था में उन्हे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। दिवंगत शहर के सर्किट हाऊस के समीप और लिपदा बाईपास रोड में रिशु ग्रेनाइट नामक दो टाईल्स दुकानों का संचालन करते थे। मृदभाषी युवा व्यवसाई के आकस्मिक निधन की खबर के बाद जिला मुख्यालय समेत गिद्धौर प्रखंड में शोक की लहर है। विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण कर खुद का सफल व्यवसाय खड़ा किया था। उनके असामयिक मौत से परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। अंतिम यात्रा में जिले के साथ प्रखंड के जनप्रतिनिधि एवं व्यवसाय से जुड़े लोग शामिल हुए। परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने कि बात कही।

# दो अपराधी कार सहित गिरफ्तार, 1 लोडेड पिस्टल, 2 मोबाइल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना पुलिस ने दो अपराधियों को पिस्तौल सहित गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि हर दिन की तरह पुलिस गश्ती में निकली हुई थी। इसी दौरान बालूमाथ-बालू मार्ग पर कल कलिया ग्राम के आगे पुल के पास संदिग्ध अवस्था में एक कार खड़ी दिखी। जैसे ही पुलिस नजदीक पहुंची तो कार से दो युवक निकल कर भागने लगे। पुलिस को संदेह



हुआ तो पुलिस ने दोनों युवकों को खदेड़ कर पकड़ लिया। उनकी तलाशी लेने पर एक लोडेड देसी पिस्तौल मिली। इसके अलावे दो गोली का खोखा, दो मोबाइल फोन भी बरामद कि ए गए। पूछताछ करने पर कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। गिरफ्तार अपराधी राजू रंजन कुमार उर्फ गोलू (23 वर्ष), पिता गंगा प्रसाद सोनी मेन बाजार महुआडांड़, दूसरा अपराधी सूरज कुमार (24 वर्ष), पिता जयराम प्रसाद मेन रोड पिपल चौक महुआडांड़ थाना जिला लातेहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को विभिन्न धाराओं के तहत लातेहार जेल भेज दिया है। छापामारी अभियान में आरक्षी कन्हैया कुमार, आरक्षी प्रेमदीप बाड़ा, चालक रंजीत कुमार आदि शामिल रहे।

# बारियातु में ऑटो चालक की घर में घुसकर हत्या

## आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क को किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र की टोटी पंचायत के हेसला ग्राम निवासी ऑटो चालक ओमप्रकाश साव (35), पिता प्रभु साव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि लगभग दस बजे अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया।

घटना के समय ओमप्रकाश अपने पुत्र सुर्यांस कुमार के साथ अपने कमरे में सोया हुआ था। पत्नी फुलमती देवी छोटे बेटे शुभम कुमार के साथ बगल के कमरे मे सोयी हुई थी। पूछे जाने पर उसने बताया कि अपराधी अंदर कैसे आया मालूम नहीं। अवाज सुनकर उठी तो पति को खून से लथपथ पाया। चीख-पुकार सुनकर लोग आए व जख्मी ओमप्रकाश को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर



बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर सीएचसी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर थाना ले आए। एसडीपीओ आशुतोश कुमार के साथ सदलबल घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के घर गये और तहकीकात में जुट गए। इसी क्रम में घर से एक खोखा भी बरामद किया। दूसरी तरफ आक्रोशित ग्रामीणों ने बारियातु पहुंच कर रांची-चतरा मुख्य सड़क को फुलसु मोड़ पर जाम कर दिया। सूचना पाकर एसडीपीओ आशुतोश व थाना प्रभारी राजा दिलावार पहुंचे व परिजनों व ग्रामीण से वार्ता कर हरसंभव मदद तथा अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वाशन देकर जाम हटवाया। शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया गया।

## प्रखंड कार्यालय में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की, अबुआ आवास व अन्य योजनाओं की गहन जांच

# उपायुक्त ने किया प्रतापपुर प्रखंड का औचक दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर(चतरा)**
उपायुक्त अबु इमरान ने रविवार को प्रतापपुर प्रखंड का औचक दौरा कर मुख्यालय के रामपुर व प्रतापपुर पंचायत में चयनित अबुआ आवास समेत अन्य योजनाओं की गहन जांच की। प्रतापपुर पहुंचने पर उपयुक्त ने सर्वप्रथम प्रखंड कर्मियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन के कार्यों को लेकर प्रखंड क्षेत्र में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कहा जिन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत कम है। उन क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक करें। साथ 80 प्लस आयुवर्ग, दिव्यांग व आदिम जनजाति परिवारों के टोला में भी विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय में नवनिर्मित एफसीआई खाद्यान्न गोदाम व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण के क्रम में निर्माण हो रहे अस्पताल में लगने वाले सामग्री



की जांच कर निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का ही प्रयोग करने का निर्देश दिया। उसके बाद उपायुक्त ने प्रतापपुर पंचायत के पक्का गढ़, सुढ़ी मुहल्ला, बरवाटोला जाकर अबुआ आवास के लाभुकों से मिलकर भौतिक सत्यापन किया। उसके बाद वे सीधे रामपुर पंचायत के गेड़े गांव पहुंचे, जहां अबुआ आवास के लाभुकों से मिलकर उनके रहन सहन, आय के साधन व पेयजल समस्या के बारे में बातचीत की। उपायुक्त से मिलकर ग्रामीण काफी खुश दिखे। वापसी के क्रम में जोगियारा पंचायत के लोगों ने उपायुक्त से मुलाकात कर पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच करने की मांग की। पंचायत के उप मुखिया उमेश भारती ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंप कर पंचायत के मुखिया आशीष भारती द्वारा बुआ आवास में की जा रही अनियमितता से अवगत कराया। उप मुखिया ने ज्ञापन में कहा कि मुखिया अपने नजदीकी लोगों को अबुआ आवास का लाभ दे रहे हैं। जबकि ये लोग सुखी संपन्न हैं। वहीं ऐसे लोग अबुआ आवास के लाभ से वंचित रह गए हैं जो या तो बेघर है अथवा कच्चे खपरैल मकान में रह रहे हैं। उपायुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, थाना प्रभारी कासिम अंसारी शामिल आदि शामिल थे।

# जेई व कम्प्यूटर ऑपरेटर पर लगाया मनरेगा कार्य में शिथिलता बरतने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**
मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र की कदगावांकला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने मनरेगा कार्यों में शिथिलता बरतने को लेकर जेई व कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ डीडीसी व बीडीओ से शिकायत की है। मुखिया ने लिखित शिकायत में बताया है कि मनरेगा जई उमेश कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार द्वारा समय से अपने दायित्वों का निर्वाहन नहीं किया जा रहा है। इससे मनरेगा मजदूरों को समय से रोजगार व भुगतान नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप मनरेगा मजदूर रोजगार के अभाव में पलायन करने को मजबूर हैं।

### मुखिया ने डीडीसी और बीडीओ से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

मुखिया ने वरीय अधिकारियों से सप्ताह में कम से कम दो दिन पंचायत सचिवालय में जई को पदस्थापित करने की मांग की है, ताकि मनरेगा कार्यों में तेजी लाकर समय से मजदूरों को रोजगार मुहैया कराया ज सके। मुखिया ने बताया की 12 फरवरी को हीं बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा से उक्त मनरेगा कर्मियों की शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे मनरेगा जैसी योजना पंचायत क्षेत्र में संचालित नहीं होने से मजदूरों को रोजगार मुहैया नहीं हो पा रहा है।

# लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा ने की कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में रविवार को भाजपा का लाभार्थी जनसंपर्क अभियान का एक दिवसीय कार्यशाला मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन महामंत्री दीपक निषाद कर रहे थे। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक लाभार्थी से घर घर जाकर मिलना और मोदी के चित्र का स्टीकर घर में लगाना व पोस्ट देकर नरेंद्र मोदी सरकार की योजना जन-जन तक पहुंचना है।

मौके पर मंडल कार्यसमिति सदस्य चंद्रभूषण केसरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, रामबृक्ष चौधरी, जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, शंकर साव, राजू भुइयां, कर्मा मुंडा, मंडल उपाध्यक्ष संजय साव, विजय दुबे, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता, राजेश गंझु, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहु, महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद, लाभार्थी सम्मेलन के मंडल संयोजक कृष्णा कुमार, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, मुरारी लाल साहू, संकर मुंडा, यमुना चौधरी, रवि ठाकुर, अजित मुंडा, आशीष गंझु, राजेंद्र यादव, दिगंबर साव आदि उपस्थित थे।



### हर लाभार्थी के द्वार जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

**महुआडांड़।** केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ता जाएंगे लाभार्थी के द्वार। प्रखंड भाजपा अध्यक्ष शंभू प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मंच का संचालन महामंत्री सुनील जायसवाल, जिला प्रभारी भानू प्रसाद, केशवर जायसवाल, बिहारी जायसवाल, दिलीप गुप्ता, मोहन यादव, प्रदीप नाथ शाह, दीपेंद्र शाह, शकील खान, नरेंद्र सिंह, विनोद राम, राम जायसवाल, सिंपल कुमार, गणेश सिंह, मणराज गज, विनोद प्रसाद, नागेश मुंडा, कांति नगेसिया, सुखराम खरवार, रमेश दुबे आदि उपस्थित थे।

# सर्वसम्मति से पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष चुने गए सुभाष गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड के नेतरहाट में शनिवार को पारा शिक्षक संघ का विदाई सह पिकनिक कार्यक्रम हुआ। इसमें पारा शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र खलखो के रिटायरमेंट के अवसर पर विदाई का कार्यक्रम किया गया। सर्व सहमति से प्रखंड के नये अध्यक्ष सुभाष कुमार गुप्ता को चुना गया। वहीं सचिव के लिए निर्मल उरांव, कोषाध्यक्ष पार्वती तिर्की, उपाध्यक्ष सुखन नगेसिया को बनाया गया। वहीं पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने

### महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट में हुआ पारा शिक्षक संघ का विदाई सह पिकनिक कार्यक्रम

सुभाष कुमार गुप्ता ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सरकार से आग्रह किया गया कि समान कार्य का समान वेतन दिया जाए ताकि पारा शिक्षक भी अच्छी तरह से अपने परिवार का पालन कर सकें और बच्चों को पढ़ा सके। मौके पर पारा शिक्षक संघ के सरस्वती कुमारी आदि मौजूद थे।



## समस्या: ग्रामीणों को आवागमन में हो रही है परेशानी

# पीसीसी पथ को तोड़ कर बिछाई जा रही नल जल की पानी पाइप लाइन

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
घर-घर नल-जल योजना को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न सड़कों के किनारे पाइप बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण सड़क को काफी नुकसान हो रहा है। यहां तक की पीसीसी पथ को भी तोड़ा जा रहा है।

बताया जाता है कि बगैर ग्रामीण विकास विभाग से एनओसी लिए पीसीसी पथ को तोड़ कर पानी पाइप लाइन बिछाई जा रही है। संवेदक ने बताया कि मौखिक आदेश लेकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। साथ ही कहा गया था कि तोड़े गए पीसीसी की ढलाई कर दी जाएगी, परंतु ग्रामीणों का



कहना है कि पाइप लाइन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात जर्जर सड़क की मरम्मत व पीसीसी की ढलाई नहीं की गई। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त से समस्या के निदान के लिए पहल करने की मांग की है।

# तेतरिया का कांटा टूटने के चलते ट्रक फंसा, कार्य बाधित

**बालूमाथ।** राजहरा कोल माइंस के तेतरिया खाड़ कांटा नंबर एक टूटने से कोयला लोड ट्रक कांटा में ही फंस गया है। यह घटना ट्रक कांटा के दौरान घटी है, जिससे ट्रक का डीजल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया। यह ट्रक नगड़ा ग्राम निवासी मनु साव का बताया जा रहा है। साव ने बताया कि ट्रक की डीजल टंकी टूट जाने से लगभग 400 लीटर डीजल जमीन पर बह गया है। बता दें कि कांटा नंबर एक वर्षों पुराना है। इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण यह घटना घटी है। कांटा क्षतिग्रस्त हो जाने से कोयल का परिवहन बाधित है। माइंस के परियोजना पदाधिकारी कन्हैयालाल यादव ने बताया कि कांटा से सटे एक प्लेट लगाई गई है जो ट्रकों की तेज रफ्तार से परिवहन होने से क्षतिग्रस्त हो गई है। ट्रक फंसने के कुछ देर बाद ही उसे रिपेयर कर दिया गया है। इसके बाद ट्रक का संचालन हो रहा है। कांटे की सभी समस्याएं दूर कर दी जाएंगी।

# माकपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

## ग्रामीणों से की आरओबी आंदोलन में भाग लेने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
टोरी जंक्शन पर आरओबी (फ्लाई ओवर ब्रिज) समेत अन्य मागों को लेकर माकपा की ओर से आयोजित 28 फरवरी को प्रदर्शन की सफलता के लिए पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में अलौदिया पंचायत सहित अन्य गांवों में जन संपर्क अभियान चलाया गया। ग्रामीणों से जनहित से जुड़े इस आंदोलन में भाग लेने की अपील की। पार्टी नेता सुरेंद्र सिंह ने कहा कि फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास हुए दो वर्ष हो गए लेकिन कार्य की शुरुआत अबतक नहीं हो पाई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

फुट ओवरब्रिज का कार्य कछुए के गति से चल रहा है। टोरी जंक्शन में अंडरब्रिज पास का निर्माण तो किया गया लेकिन वह फ्लॉप रहा। अंडरपास नहीं होने के कारण लाखों लोगों का जीवन रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों ठहर जाता



है। पुराने फुट ओवरब्रिज का विस्तार नहीं होने से आए दिन दुर्घटना होने की खबरें मिलती रहती हैं। बालूमाथ तक रेलवे लाइन बिछाई गई लेकिन आजतक बालूमाथ वासियों को एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन की सुविधा नहीं मिली। भंडारगढ़ा गांव से निकलने के लिए सौ साल के पुराने रास्ते पर रेलवे ने अंडरपास तक का भी निर्माण नहीं किया। टोरी जंक्शन बनने के बाद भी चंदवा वासियों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। रेलवे को सिर्फ अपने राजस्व की चिंता है। माकपा ने आंदोलन में सभी से भाग लेने की अपील की है। जन संपर्क अभियान में जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, अमित उरांव, बिनोद उरांव, नथु उरांव, गणेश उरांव, देवनाथ उरांव, मनोज तुरी, शिवा तुरी, अंकित उरांव, जिदन महली, रोहित उरांव शामिल थे।

## एक नजर

### लोहरदगा में दो नाबालिग से दरिंदगी

**लोहरदगा।** बगडू थाना क्षेत्र में दो नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। सामूहिक दुष्कर्म की इस वारदात को कुल 11 लोगों ने अंजाम दिया है। इन 11 लोगों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं। बगडू थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ घटना में शामिल सभी 11 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस पकड़ में आए आरोपितों में तीन नाबालिग को गुमला स्थित बाल सुधार गृह भेजने की कार्रवाई कर रही है, जबकि शेष आठ लोगों को मंडल कारा लोहरदगा भेजा जाएगा। इस घटना के बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ बगडू थाना के बाहर जमा हो गई थी। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में ताबड़तोड़ छापामारी कर सभी 11 लोगों को पकड़ा गया। घटना की पुष्टि एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि लोहरदगा की रहने वाली तीन नाबालिग शनिवार को सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित कंडरा में जन्मदिन पार्टी मनाने गई थी। जहां से शनिवार देर शाम वापस अपने गांव लौट रही थी। इस दौरान एक नाबालिग अपने घर चली गई, जबकि दो नाबालिग बगडू थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में अपने परिचित के यहां रुक गई। शनिवार देर रात 11 लोग वहां पहुंचे और दोनों नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद सभी आरोपित वहां से फरार हो गए। रविवार को दोनों नाबालिग ने स्वजनों के साथ बगडू थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई। घटना की सूचना लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां को मिली, जिसके बाद एसपी ने एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा को तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने बगडू थाना प्रभारी वारिस हुसैन के साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए 11 आरोपितों को पकड़ लिया है। आगे की कार्रवाई कर रही है।

### हस्तशिल्प कारीगरों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के सैंदा गांव में बांस के हस्तशिल्प कारीगरों का 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम जन सहभागी विकास केंद्र रांची द्वारा कराया जा रहा है। प्रशिक्षण संस्था से ज्योति सिंह द्वारा बताया गया कि इसमें कुल 30 बांस कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और मार्केट लिंकेज का कार्य भी किया जाएगा ताकि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की बाजार में अच्छी मूल्य पर बेचा जाए। यह प्रशिक्षण हस्तशिल्प विभाग द्वारा एंपेनल्ड डिजाइनर विनय सिंह मुंडा, मास्टर ट्रेनर कसई तुरी और संस्था के जिला समन्वयक सुमित आनंद के देखरेख में कराया जा रहा है।

### 'धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान जोरों पर'

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद के द्वारा पूरे जिले में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान जोरों पर चल रहा है।धर्म रक्षा निधि अभियान विश्व हिंदू परिषद के पूर्णकालिको के लिए यह निधि संग्रह किया जाता है। सनातन धर्म के धार्मिक स्थान पर यह संग्रह हुआ राशि समर्पण किया जाता है। मौके पर उपस्थित जिला मंत्री सतीश पांडे, जिला संपर्क प्रमुख चंदन गोयल, जिला नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो, जिला बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू, जिला सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह उपस्थित थे।

अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी और पंचायतों से आए सदस्यों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

# कानून व्यवस्था के तहत कौमी मिल्लत व समाज की बेहतरी के लिए करें काम: एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी तथा पंचायतों से आए मेम्बरान को शपथ दिलाने को लेकर रविवार को उर्स मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ।

इसमें परंपरागत रूप से जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रजवी द्वारा नवनिर्वाचित सदर अब्दुल रउफ अंसारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, जबकि सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद को हाजी अशरफ खान ने शपथ दिलाई। इससे पहले जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रजवी ने तिलावत ए कुरान पाक और मस्जिद ए असनी के इमाम कारी हाजी शाहिद फिदायी के जरिए नात ए पाक के साथ शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत की गई। सदर व सेक्रेट्री को शपथ दिलाने के बाद प्रत्येक पंचायत से अंजुमन बोर्ड के सदस्यों को




इलेक्शन कमेटी के जरिए शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां ने कहा कि कोई भी देश संविधान और कानून से चलता है। अंजुमन इस्लामिया को भी देश की कानून व्यवस्था के तहत कौमी मिल्लत और समाज की बेहतरी के लिए कम करें। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का संपूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के मजलिसे अम्मा, मजलिसे आमला और मजलिसे सुरा है। इसका भी संचालन बेहतर ढंग से हो और समाज के मामलों का निष्ठा पूर्वक निपटारा हो। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि अंजुमन पर समाज के विकास की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पदाधिकारियों को समाज में व्याप्त कुरीतियों, अशिक्षा को दूर करने को लेकर सार्थक प्रयास करने होंगे। पूर्व सदर हाजी अफसर

### अंजुमन पर समाज के विकास की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है : एसडीओ

कुरैशी ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखना और सभी के साथ समन्वय बनाकर समाज के बेहतरी के लिए काम करने की कोशिश की गई। अगर जाने अनजाने कोई गलती भी हुई हो, तो माजरत चाहते हैं। नवनिर्वाचित सदर अब्दुल रऊफ अंसारी व सेक्रेट्री सैयद शाहिद अहमद ने कहा कि समाज के लोगों ने उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे इसे पूरी तरह से निभाएंगे। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जूरी कमिटी के नेसार अहमद, सलीम अंसारी बड़े, आबिद हुसैन, युसूफ अंसारी, इम्तियाज अंसारी, जहुर अंसारी, अल्ताफ कुरैशी, इकबाल खलीफा, असगर अंसारी, हाजी मुमताज अहमद, एनामुल हक आदि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ चैनपुर अंचल के अध्यक्ष बने शिव शंकर प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, चैनपुर अंचल कमेटी का पुनर्गठन हेतु रविवार को रामवि, चैनपुर के प्रांगण में छटन साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। चुनाव पर्यवेक्षक मार्टिन मिंज एवं खीस्त आनन्द मिंज, चुनाव प्रभारी लुईस लकड़ा और जेनेविभा मिंज के कुशल संचालन एवं पर्यवेक्षण में चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष, शिव शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष एनी बाकेन एक्का एवं मनिषा तिर्की, सचिव रामलाल उरांव, संयुक्त सचिव सुरजनाथ सिंह एवं कमला मिंज, संगठन सचिव मुकेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्णा सिंह, जिला प्रतिनिधि विनय उरांव, अरविंद कुजूर एवं अलबिना कुजूर, राज्य प्रतिनिधि सत्यवान खलखो एवं अनुपदेव खलखो को चुना गया। बैठक में मुख्य मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, जिला महासचिव सुरंजन कुमार, जिला उपाध्यक्ष हीरा उरांव संगठन महामंत्री लाल उरांव, जिला कोषाध्यक्ष अनुपदेव खलखो, प्रवक्ता पतिया उरांव उपस्थित थे।

## महंगाई-बेरोजगारी को लेकर कांग्रेसियों ने किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र की अलौदी पंचायत अंतर्गत आरा ग्राम में नया जोश जुडेगा जनता जीतेगा इंडिया कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ कांग्रेसी सदस्य गफार अंसारी की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस द्वारा मंहगाई व बेरोजगारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मोहम्मद अरशद द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। इससे केंद्र सरकार को कोई लेना देना नहीं है। महंगाई व बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है और बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। महंगाई और बेरोजगारी को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा भी की गई। युवा कांग्रेस के सक्रिय सदस्य ने कहा कि भाजपा की सरकार केंद्र में बैठी है और महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। 2024 में कांग्रेस और इंडिया की सरकार बनती है तो सबसे पहले कांग्रेस पार्टी महंगाई को रोकेगी एवं रोजगार देने का काम करेगी। मौके पर लक्ष्मण उरांव, सीमा उरांव, कुलसुम खातून, राबिया बीवी, नौशाद खान, नदीम मिरदहा आदि मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने सैकड़ों लोगों में बांटे कई सामान




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के ओरामार गांव में कमांडेंट मोहम्मद खालिद खान के निर्देशानुसार सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सिविल, मरवा केरागानी, कोचागानी के सैकड़ों लोगों के बीच सोलर लालटेन, स्टील ड्रम, लोहे की कढ़ाई, डेकची, बाल्टी आदि का वितरण किया गया। मौके पर सीआरपीएफ सी 218 बटालियन के कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर लोकेन्द्र सिंह, कुरूमगढ़ कैंप के सहायक उपनिरीक्षक संजय उरांव, थाना क्षेत्र लोग उपस्थित थे।

## टेलीविजन पर सुनी गई 'मन की बात'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात टेलीविजन के माध्यम से सुनी गई। वहीं गुमला में बूथ स्तरीय सम्मेलन की तैयारी के निमित्त बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह मंत्री सधनु भगत, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति उपस्थित रहे। बैठक में पहले प्रत्येक गांव में निर्धारित कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यकर्ताओ को निर्देश दिया गया कि संगठन एवं योजनाओं का लाभ कैसे लोगों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचे उसे लेकर कार्य करे। हमें अपने कार्यों को और गति प्रदान करनी है। सधनू भगत ने कहा कि केंद्र की सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है, जिसके लाभार्थी घर घर पर मौजूद हैं। लाभार्थियों से हमारा संपर्क सदैव होना चाहिए। विपक्ष के लोग जनकल्याणकारी योजनाओं को भी भ्रामक रूप से बताकर उन्हें लाभ से वंचित करते



हैं। मोदी ने गरीबों के लिए आवास की जरूरत को सत्ता में बैठने के बाद ही देना शुरू कर दिया था, लेकिन झारखंड में झारखंड की सरकार आवास को लेकर वर्तमान में योजना बनाई उसमें भी भ्रष्टाचार से संबंधित मामला लगातार अखबारों के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से देखा जा रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं को लेने के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। लोगों को घर बैठे उसका लाभ मिल रहा है। बैठक में ओमप्रकाश सिंह, ब्रजबिहारी प्रसाद, श्रीचंद प्रजापति, राजकिशोर महतो राजमोहन राम, मदनमोहन पाठक, जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार नलिन, सूरजमोहन साहू, नवीन कुमार टिंकू, सामेला भगत, हर्षनाथ महतो राजकुमार वर्मा, मीना बाखला अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, सरोज प्रजापति, पशुपतिनाथ पारस, लखन उरांव, अमरेश भारती, सूरज दसोंधी, नवीन कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, जितेंद्र महतो, मनोज साहू आदि उपस्थित थे।

## भरनो में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भरनो।** भरनो थाना क्षेत्र के मारासीलि गांव में बीती रात एक युवक अरविंद उरांव (19) ने अपने ही घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। जानकारी के अनुसार युवक अपने घर में अकेले ही था। बीती रात अपने रूम में सोने चला गया और गमछा के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब उसका दोस्त उसको शौच करने के लिए उठाने गया तब पता चला कि अरविंद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक परिजनों के द्वारा फंदा काटकर मृतक युवक को नीचे उतार दिया गया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## संदेशखाली मामले के विरोध में प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ बलात्कार की घटना की जय श्री राम समिति ने निंदा की। समिति ने इसको लेकर रविवार को सुभाष चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। हिंदू जागरण मंच के प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा ने कहा बंगाल में महिलाएं खुद सामने आकर खुद पर हुए अत्याचार की बातें बता रही है, परंतु बंगाल सरकार की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिला होने के बाद भी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को मानने को तैयार नहीं हैं। मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक रमेश उरांव ने कहा कि बंगाल सरकार की करनी और उनकी मानसिकता को प्रदर्शित करती है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेंगे। बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।



लोहरदगा जिले से उठे विरोध का स्वर पूरे झारखंड ही नहीं पूरे देश में सुनाई देगा। वीरू दत्ता ने कहा कि मां, माटी और मानुष की बात कर ममता ने बंगाल के हिंदुओं को धोखा दिया है। संरक्षक ओम सिंह, अजय पंकज ने कहा जिस तरह बंगाल की घटना से लोग आहत हुए हैं जल्द ही केंद्र सरकार इस पर ठोस निर्णय लेगी। हम सब केंद्र सरकार से मांग करते हैं जल्द से जल्द बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान ने कहा कि जो महिला होकर महिलाओं का सम्मान न करें ऐसे मुख्यमंत्री को रहने का कोई अधिकार नहीं। अनिल उरांव ने कहा वोट की खातिर एक वर्ग को खुश करने के लिए सनातन समाज को दबाने का काम बंगाल सरकार कर रही है। ओम महतो ने कहा कि जब तक बंगाल में राष्ट्रपति शासन नहीं लगेगा तब तक गांव गांव तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, राजकुमार वर्मा, दिलीप पटनायक, रोहित साहू, समेला भगत, अनूप गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, पूर्णिमा वर्मा, बेली दाम, विकास वर्मा, हेमंत वर्मा, सुनील अग्रवाल, नीरज, विक्की कसेरा, प्रदीप साहू, राज महतो, अनुज कुमार, नगर अध्यक्ष दीपक साहू नगर महामंत्री सुशील पटनायक आदि मौजूद थे।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी से अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई में एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि एकागुड़ी पथ से एक ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते पकड़ा गया। चालक ने बालू परिवहन का कागजात नहीं दिखाया तो ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाने में सुरक्षित रख जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय करवाई हेतु पत्र लिखा गया है। किसी प्रकार से अवैध बालू परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मनोज दल बल के साथ मौजूद थे।

## 11 लोगों के बीच अबुआ स्वीकृति पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**



चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कौशल भवन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित जुडिशल निर्मला बरला द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी सलाह देते हुए डायन बिसाही, बाल विवाह, सुलहनामा, शिक्षा सहित कई विषयों पर जागरूक किया गया। वहीं प्रदीप पांडे ने भी कानूनी अधिकार की कई जानकारियां दीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पेंशन योजना मनरेगा योजना सहित कई जानकारियां दी। वहीं शिविर में 11 लोगों के बीच अबुआ आवास, सात लोगों के बीच जॉब कार्ड, 6 केसीसी, धोती साड़ी एवं फूलोंझानो योजना के तहत 10000 का चेक का वितरण किया गया।

**पहल** एकल अभियान का वार्षिक उत्सव सह सभा वनवासी कल्याण केंद्र में हुई

# 'एकल विद्यालय क्षेत्र की संपूर्ण विकास की योजना'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एकल अभियान के वार्षिक उत्सव सह सभा वनवासी कल्याण केंद्र के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता सतीश जायसवाल ने की।

उन्होंने बताया कि एकल अभियान के तहत आरोग्य योजना, ग्राम विकास, जागरण शिक्षा, संस्कार केंद्र और एकल विद्यालय चलाए जा रहे हैं। एकल विद्यालय वनवासी और पिछड़े क्षेत्र की संपूर्ण विकास की योजना है। जहां आज भी सुदूरवर्ती इलाकों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। वैसे क्षेत्रों में एकल विद्यालय संचालित कर बच्चों को तीन घंटे की अनौपचारिक शिक्षा गांव के ही युवक और युवतियों द्वारा दी जाती है। पंचमुखी शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पूरे देश के



जिलों में इस योजना को मूर्तरूप देना है। एकल विद्यालय संचालन के लिए गांव के ही युवक-युवतियों में से एक आचार्य का चयन किया जाता है। गांवों के लोग ही उनका चयन करते हैं। इस अभियान से जुड़ कर पांच लाख से अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की साप्ताहिक और मासिक समीक्षा की जाती है। शहर में सब का ध्यान होता है। छोटे-छोटे गांव और पिछड़े इलाकों में सरकारी कार्यक्रम नहीं पहुंच पाते हैं, सरकार की योजनाओं को लेकर लोगों में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम संस्कार केंद्र के माध्यम से ग्रामीण समस्याओं का निराकरण किया जाता है। ग्रामीणों की सहभागिता से छोट-छोटे विवाद का गांवों में ही निपटारा, समरस, व्यसन मुक्त और स्वच्छ गांव होगा, तभी देश में राम राज्य स्थापित होगा। अंचल के 300 आचार्य को उनके कार्य कार्य की सराहना करते हुए उपहार भेंट किया गया। मौके पर अंचल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अंचल सचिव मनोज मिश्रा, अंचल के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा एवं भाग के अध्यक्ष नवल अग्रवाल, भाग के सचिव निलेश गुप्ता अंचल के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पतंजलि समिति की बैठक में 10 से योग शिविर लगाने का लिया निर्णय

### सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 10 मार्च से होने वाले योग शिविर की तैयारियों को लेकर एवं संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस योग शिविर में 2011 में हुए आतंकवादी हमले में कई गोलियां लगने के बावजूद जान की बाजी लगाकर देश की एवं नागरिकों की रक्षा करने में सफल कमांडो प्रवीण कुमार अपनी उपस्थिति से लोहरदगा वासियों को प्रेरित करेंगे। इन्हें



आयरन मैन का भी खिताब मिला है। जिला प्रभारी ने विशेषकर युवाओं को अवश्य योग शिविर में भाग लेने को कहा है। कार्यक्रम के विषय में विशेष सूचना आगामी रविवार को होनेवाली बैठक के बाद दी जाएगी। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, शिक्षिका किरण देवी, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, रविशंकर जी, बंशी साहू, रामसुभग राय, विनय कुमार, सतीश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हुंकार महारैली में शामिल होने के लिए डुमरी प्रखंड से सैकड़ों रांची रवाना



**गिरिडीह।** हुंकार महारैली में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह डुमरी प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में कुड़मी कुरमी समाज से सदस्य रांची रवाना हुए। कुड़मी/कुरमी को एसटी की सूची में सूचीबद्ध करने, कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची मे शामिल करने की मांग को लेकर आज रांची में हुंकार रैली का आयोजन किया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष कुवियुमो थानेश्वर महतो ने कहा कि हमारे समाज को जब तक हक अधिकार नहीं मिलता है आन्दोलन जारी रहेगा। बताया कि हुंकार महारैली में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लाखों की संख्या में जुटेंगे और अपनी एकता का परिचय देंगे। इस दौरान केन्द्रीय महासचिव रामचंद्र महतो प्रवक्ता निरंजन महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, काशीनाथ महतो, दीपनारायण महतो, दिनेश्वरी देवी, विमला देवी आदि सैकड़ों सदस्य रांची रवाना हुए।

### बरकट्ठा बाजार में मां शारदा इंटरप्राइजेज ई-रिक्शा एवं स्कूटी शोरूम का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** बाजार स्थित दिव्य कल्याण आश्रम के सामने में माँ शारदा इंटरप्राइजेज ई-रिक्शा एवं स्कूटी शोरूम के उद्घाटन बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार, समाजसेवी सुनील कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि सी.के पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की बहुत खुशी की बात है की बरकट्ठा क्षेत्र मे ई रिक्शा शो रूम का उद्घाटन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस शो रूम के खुलने से क्षेत्र के लिए बिना डीजल व पेट्रोल के वाहन से सफर करने का मौका मिलेगा। ई रिक्शा पर्यवारण के दृष्टिकोण से भी लाभकारी है। एक तरफ पेट्रोल डीजल की भी बचत है दूसरे तरफ पर्यवरण के लिए भी हितैसी है।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित, 27 फरवरी को धरना प्रदर्शन

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की एक आपात बैठक 25 फरवरी को जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बताया गया की 21 फरवरी को रामगढ़ थाना में घटित घटना में अनिकेत भुईयां की मौत मामले पर हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा द्वारा अपना विरोध जताते हुए इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की है । बैठक में वक्ताओं ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा द्वारा अनिकेत भुईयां की मौत को पुलिस प्रशासन द्वारा बताए जा रहे आत्महत्या की घटना नहीं लगती । इसलिए हम इसकी सीबीआई से जांच की मांग करते हैं ताकि सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके । वक्ताओं ने कहा की भारतीय जनता पार्टी मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी हैं और परिवार को न्याय नहीं मिलने तक पार्टी सड़क से सदन तक इस मामला की सत्यता जनता के सामने लाने को दृढ़संकल्पीत हैं।

### दुमका में सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत, महिला समेत दो घायल

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र बनवारा सड़क पथ पर पहाड़पुर गांव के समीप रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में अनियंत्रित बाइक चालक की मौत हो गई। इस घटना में बाइक के पीछे बैठा एक अन्य व्यक्ति और 57 वर्षीया एक ग्रामीण महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक बनवारा की ओर से पल्सर बाइक पर सवार युवक तेजी से परीपा गांव की ओर आ रहा था। इसी बीच पहाड़पुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर किरानी मिर्धा के घर में घुस गया। घटना के दौरान घर के दरवाजे पर खड़ी गृहस्वामी किरानी मिर्धा की 57 वर्षीया पत्नी ढेनामुनी देवी को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक बिकेश कुंवर (19) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर पीछे बैठा परदेशी राय भी गंभीर रूप से घायल हो हो गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे सरिया ओवरब्रिज का शिलान्यास

## भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक विनोद सिंह भी रहेंगे उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

अमृत भारत योजना के तहत हजारीबाग रोड स्टेशन पर बहुप्रतीक्षित योजना रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे उक्त कार्यक्रम को लेकर धनबाद रेलमंडल के वरीय अभियंता 2 सूरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि अमृत भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत का विकसित रेल योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवम 1500 रोड ओवरब्रिज अंडर पास शिलान्यास कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा ।इसको लेकर सरिया रेलवे बी 20 टी गुमटी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण व केसवारी रेल फाटक पर फ्लाईओवर को लेकर शिलान्यास किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर रेलवे के द्वारा तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं इस ओवरब्रिज निर्माण से दुर्घटना में कमी व स्कूली, एम्बुलेंस की गाड़ियों को जाम से निजात मिलेगी साथ ही आये दिन ट्रेनों व वाहन व पैदल यात्रियों के बीच टकराव की संभावना को खत्म किया जाएगा साथ ही दुर्घटना से लोगो को निजात मिलेगी। इस ओवरब्रिज निर्माण कार्य से आवागमन में बेहतर सुविधा बहाल होगी जिससे एनएच 19 बगोदर व दुमका मुख्य मार्ग के आवाजाही में लोगों को सुगम सुविधा होगी साथ ही शहरी विकास प्रभावी ढंग से एकीकृत किया जा सकता हैं जिससे रेल क्षेत्र के आस पास बेहतर शहर का डिजाइन के ऊपरी सड़क पुल का निर्माण हजारीबाग रोड स्टेशन पर 345/32/34 पर किया जाएगा जो आरओबी राजधनवार रोड मुख्य मार्ग से जुड़ता हैं साथ ही सरिया खुर्द गांवों से व दूसरी तरफ बड़की सरिया से जुड़कर इस गेट जीटी रोड से एन एच/19 आर ओ बी निर्माण में रेलवे की लागत 20.33 करोड़ व राज्य सरकार की लागत 29.33 करोड़ रुपया हैं ।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से धनबाद रेल मंडल से वरीय अभियंता 2 सूरज कुमार ,वरीय कार्य अभियंता राणा चक्रवर्ती, आर के झा एवम हजारीबाग रोड स्टेशन प्रबंधक एस एन भट्टाचार्य समेत रेलवे के अन्य अधिकारी मौजूद थे






**सरिया नागरिक मंच के अध्यक्ष ने कहा**

सरिया में ओवरब्रिज का मांग स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी पूर्व सांसद रविन्द्र राय वर्तमान विधायक विनोद सिंह पूर्व विधायक नागेंद्र महतो के साथ आजसू नेता अनूप पांडेय व समाजसेवी जयप्रकाश मंडल जी का अहम भूमिका रही हैं।

**भाजपा नेता देवनाथ राणा ने कहा**

आदरणीय भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी के अथक प्रयास से ही सम्भव हो पाया हैं। सरिया रेलवे फाटक पर इन्होंने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी नहीं होगी। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए तत्पर हैं ।

### प्रोजेक्टर से पीएम मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**बरही ।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में पीएम मोदी ने कई स्वास्थ्य सेवाओं का शिलान्यास किया. जिसका सीधा प्रसारण अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया. जिसे डीएस डॉ ज्ञानी की की उपस्थिति में अनुमंडलीय अस्पताल के सभी स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम व कर्मियों ने देखा. डॉ ज्ञानी ने बताया कि पीएम के इस कार्यक्रम का बरही और पदमा और बरही के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर लाइव प्रसारित किए जा रहे है.

### जाम मुक्त अभियान के दूसरे दिन भी माईकिंग, गड्ढे भरे

**बरही ।** जाम मुक्ति अभियान के दूसरे दिन भी नव पदस्थापित इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार सड़को पर माईकिंग करते नजर आए. बरही को जाममुक्त बनाने के लिए गया रोड आदि सड़को पर उभरे गड्ढे को भी सीमेंट और कंक्रीट से भरवाने का काम किया. उन्होंने बताया कि शीघ्र ही बरही बाईपास के दोनो छोर पर बेरियर लगाए जायेंगे. शहर में दिल्ली-कोलकाता पथ पर सीधे जाने वाले वाहनो को शहर में प्रवेश होने नहीं दिया जायेगा. बड़े वाहन भी जाम का मुख्य कारण है. उन्होंने स्पष्ट बताया कि यह अभियान अभी नियमित चलाए जाएंगे.

## माले के जिला सम्मेलन के लिए गिरिडीह प्रखंड ग्रामीण क्षेत्र से किया गया प्रतिनिधियों का चुनाव

**जिला पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सर्वसम्मति से चुने गए 7 प्रतिनिधि और 2 पर्यवेक्षक**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले के 13वें जिला सम्मेलन की तैयारी क्रम में आज गिरिडीह ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न हुआ। सदर प्रखंड के कोवाड़ में आयोजित प्रतिनिधि चुनाव के जिला पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य सह किसान नेता पूरन महतो मौजूद थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पार्टी सदस्यों को जिला सम्मेलन को जोरदार तरीके से सफल करने का आह्वान किया। वहीं, अपने संबोधन में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, जिला सम्मेलन को लेकर पार्टी कतारों में काफी उत्साह है। पुराने सदस्यों के नवीकरण के साथ नए सदस्यों की भी भर्ती की जा रही है। इस बार के सम्मेलन को सफल करने के साथ कोडरमा लोकसभा क्षेत्र को जीतने का संकल्प भी लिया जा रहा है। कहा कि, भाजपा के शासन में लोगों को परेशानी-ही-परेशानी उठानी पड़ी है। नोटबंदी, जीएसटी, बेरोजगारी, महंगाई ने आम लोगों को तबाह कर दिया है। सरकार के पास आम जनता के सवालों का कोई जवाब नहीं है। गिरिडीह ग्रामीण क्षेत्र से कुल 7 प्रतिनिधियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जबकि 2 लोगों को पर्यवेक्षक के रूप में चुना गया। ये सभी निर्वाचित प्रतिनिधि और पर्यवेक्षक 17-18 फरवरी को मिजार्गंज (जमुआ) में होने वाले 2 दिवसीय 13वें जिला सम्मेलन में भाग लेंगे।

## भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे बाबूलाल, सुनी पीएम के मन की बात

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को धनबाद पहुंचे। वे हाउसिंग कॉलोनी स्थित धनबाद लोकसभा चुनाव के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद उन्होंने धनबाद सांसद, विधायक और भाजपा कार्यकताओं संग कार्यालय में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक मार्च को प्रधानमंत्री मोदी धनबाद आ रहे हैं। इस दौरान वह सिन्दरी हर्ल कारखाने का उद्घाटन करने के साथ बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा में एक विशाल जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर धनबाद और बोकारो के प्रत्येक गांव, मुहल्ला, टोला के लोग पहुंच कर प्रधानमंत्री के भाषण को सुन सकें इसपर कार्यकताओं काम करने की जरूरत है। साथ ही कहा कि जनसभा में अन्य जिलों से भी कार्यकर्ता आ रहे हैं। खासकर आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य-संगीत के साथ जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे, इसकी भी हमें व्यवस्था करनी है। भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आज यहां प्रधान कार्यालय का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के हाथों किया गया। एक मार्च को प्रधानमंत्री मोदी का आगमन धनबाद में होगा। इस दौरान उनके जनसभा में कैसे अधिक से अधिक लोग शामिल हो इसकी तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा सबसे सुरक्षित सीट है, इसका उन्हें भरोसा है। इस बार ऐतिहासिक जीत होगी। प्रधानमंत्री के 400 पार का संकल्प भी पूरा होगा।

## उसरी नदी और पर्यावरण बचाने को घर-घर चलेगा जागरूकता अभियान

**उसरी के बाद प्रदूषण के लिए औद्योगिक क्षेत्र की और अभियान चलाएंगे- राजेश सिन्हा**

**आम और खास को पर्यावरण अभियान से जोड़ना है- कृष्ण मुरारी शर्मा**

**पदयात्रा कर सैकड़ों लोगों ने उसरी नदी बचाने का लिया संकल्प**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

उसरी नदी को बचाने के लिए उसरी नदी जहां से शुरू हुई वहां से गिरिडीह तक घर घर उसरी नदी और पर्यावरण को बचाने का अभियान चलाया जाएगा। उक्त बातें उसरी बचाओ अभियान के संयोजक मंडली के सदस्य राजेश सिन्हा ने रविवार को पदयात्रा कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि उसरी नदी को बचाने और संवारने की दिशा में हम सब मिलकर एक गैर राजनैतिक संगठन के बैनर तले काम कर रहे हैं और परिणाम बहुत जल्द दिखेगा, उसरी नदी के बाद औद्योगिक क्षेत्र में आंदोलन होगा, गिरिडीह को बर्बाद नहीं करने देंगे। वही संयोजक मंडली के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि उसरी नदी और पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने छात्र, नौजवान, मजदूर, किसान सभी से उसरी बचाओ अभियान से जुड़ने की अपील की। जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि उसरी नदी के संरक्षण और संवारने के लिए सरकार जिला प्रशासन गंभीर है। जिला पर्यावरण समिति के सदस्य राजकुमार राज ने कहा कि जिला प्रशासन ने उसरी बचाओ अभियान की सभी मांगों को मान लिया है और उस पर जल्द काम भी शुरू होगा। नागरिक विकास मंच के विनय सिंह ने कहा कि बहुत सालों से उसरी को बचाने में हम लगे हैं और लगे रहेंगे। लायंस क्लब के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि उसरी बचाओ अभियान अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम में सभी का साथ और सहयोग जरूरी है। महिला नेत्री कुसुम सिन्हा ने उसरी बचाओ अभियान में नारी शक्ति को आगे आने का आह्वान किया। संयोजक कमिटी के आलोक मिश्रा ने कहा की घर घर को इस अभियान से जुड़ना होगा तब ही सफलता हाथ लगेगी।

## 35 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय द्वारा एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित




**फाइनल मैच कोरचाचो और पंदनाटांड़ टीम के बीच, पंदनाटांड़ 1 गोल से बनी विजेता**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**तिसरी।** 35 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय द्वारा छात्राओं का एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। नक्सल प्रभावित जिला गिरिडीह में विकास हेतु कमांडेंट मनोहर कुमार पांडे के निर्देश पर तिसरी के गांधी मैदान में एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चकलमुंडा , पंदनाटांड़ कोरचाचो, महादेव टांड़ रानीगदर व अन्य टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक, जिला परिषद रामकुमार राउत, तिसरी मुखिया किशोरी साव, खिजुरी मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम मैच पंदनाटांड़ और महादेव टांड के बीच में हुआ। पांदनाटांड़ दो गोल से विजय हुई। इसके बाद सभी टीमों ने मैच खेला और फाइनल में कोरचाचो और पांदनाटांड़ टीम खेली। जिसमे 1 गोल से पंदनाटांड़ विजय रही ।विजेता टीम तथा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा फुटबॉल किट, क्रिकेट किट, शर्ट, जूता मौजा नेट इत्यादि दिया गया।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडियन ऑयल के पीएनजी प्रोजेक्ट का भी किया उद्घाटन

# गोड्डा-दुमका में रखी गई एचपीसीएल गैस नेटवर्क की आधारशिला

**पूरे क्षेत्र में उठेगी सामाजिक-आर्थिक समृद्धि की लहर**



**आरएनएम ।नई दिल्ली/रांची**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को पीएनजी और सीएनजी के लिए झारखंड के गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में एचपीसीएल के गैस नेटवर्क की आधारशिला रखी। साथ ही, झारखंड के देवघर में सिटी गैस वितरण परियोजना के तहत इंडियन ऑयल के पीएनजी का उद्घाटन किया। लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे भी गोड्डा, झारखंड से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में एचपीसीएल का दूरदर्शी गैस नेटवर्क छह जिलों में 14507 वर्ग किमी के विशाल विस्तार को कवर करता है और 14 लाख से अधिक घरों के जीवन को प्रभावित करता है। 1750 करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक निवेश की यह महत्वपूर्ण परियोजना गोड्डा, दुमका, पोड़ैयाहाट, शिकारीपाड़ा, जरमुंडी, महगामा, पथरगामा, जामताड़ा, मिहिजाम, पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और साहिबगंज जैसे क्षेत्रों में नई जान फूंक देगी। 370 किमी स्टील और पर्याप्त एमडीपीई से युक्त मजबूत गैस नेटवर्क घरों को पाइप गैस कनेक्शन प्रदान करेगा। इस योजना में 100 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना भी शामिल है, जिससे टिकाऊ परिवहन समाधान के एक नए युग की शुरूआत होगी।


देवघर में, इंडियन ऑयल की पीएनजी परियोजना 6 लाख से अधिक घरोंको पहुंचती हुई 6264 वर्ग किमी में तीन जिलों को कवर करती है। 303 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह परियोजना 350 किमी एमडीपीई नेटवर्क के माध्यम से 2027 तक 30,000 परिवारों को जोड़ने के लिए तैयार है। संथाल परगना डिवीजन के तहत देवघर अग्रणी के रूप में उभरकर पीएनजी को अपनाने वाला पहला जिला बन गया है, जो ऊर्जा पहुंच और स्थिरता की दिशा में एक गहन बदलाव की शुरूआत है।

इन परियोजनाओं के निहितार्थ बहुत गहरे हैं, जो वहां के निवासियों के जीवन में क्रांति लाने और वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को प्रेरित करने का दावा करते हैं। अकेले देवघर में 30,000 से अधिक परिवारों और 100 वाणिज्यिक/औद्योगिक संस्थानों को पीएनजी कनेक्शन से लाभ होगा, जिससे झंझटमुक्त और सस्ता ईंधन उनकी पहुंच में होगा। पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) गोड्डा-दुमका में पर्यावरण-अनुकूल, विश्वसनीय और निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए 2 लाख से अधिक परिवारों और वाणिज्यिक/औद्योगिक संस्थाओं को अपना लाभ पहुंचाएगी। ये पहल ग्राहक अनुभव को प्राथमिकता देती है और रसोई में सीधे खाना पकाने के ईंधन तक निर्बाध पहुंच के साथ समय और लागत की बचत करती है। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक समृद्धि की लहर जगाते हुए महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि पीएनजी परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन झारखंड के निवासियों को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा प्रदान करने के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज बॉक्स

### रुपये की डिमांड पूरी नहीं करने पर प्रेमिका का गला काटा, भर्ती



**धनबाद।** पैसों की डिमांड पूरा नहीं होने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेतकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। फिलहाल युवती गंभीर स्थित में धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है। मामला धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया का है। बताया जाता है कि धनबाद के केंदुआडीह पांच नंबर में रिश्तेदार के यहां रहने वाली प्रियंका कुमारी पिछले चार वर्षों से धनबाद के बरमसिया का रहने वाले एक युवक सूरज यादव जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला है, उससे प्यार करती थी। इस बीच कुछ ऐसा हुआ, जिससे युवती का प्यार से भरोसा उठ गया। अस्पताल में इलाजरत पीड़ित युवती ने कहा कि उसके कथित प्रेमी ने उसे रविवार की सुबह बरमसिया मिलने के लिए बुलाया था। उसके प्रेमी को पता था कि युवती के बैंक खाते में चार लाख रुपये जमा हैं। उसी चार लाख रुपये की वह मांग कर रहा था। पीड़ित के मुताबिक आज सुबह भी उसने रुपये की डिमांड की। युवती ने जब रुपये देने से साफ मना कर दिया तब गुस्से उसके प्रेमी ने धारदार हथियार से उसका गला रेत कर उसकी जान लेनी चाही लेकिन वह किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाई। पुलिस युवती के बयान पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### जमुआ पुलिस ने मवेशी लदे दो पिकअप वैन को किया जब्त




**गिरिडीह।** जिले के जमुआ पुलिस ने बीती रात मवेशी लदे दो पिकअप वैन को जब्त किया है। दोनों ही वैन में तस्करी के लिये ले जाये जा रहे 13 मवेशियों को पुलिस ने तस्करों के चंगुल से मुक्त करा उन्हें गोशाला भेजने की तैयारी में जुटी है। बताया गया कि एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली कि देवरी और जमुआ के रास्ते मवेशी तस्कर मवेशियों को वाहनों में लादकर तस्करी करने ले जा रहे हैं। उक्त सूचना के आलोक में एसपी श्री शर्मा ने डीएसपी नीलम कुजूर के नेतृत्व में एक टीम गठित की। अंधेरे का फायदा उठा भाग गये वाहन चालक। टीम ने पूरी सक्रियता के साथ छापेमारी करने में जुट गयी। इसी दौरान शनिवार रात्रि में खड़गड़ीहा के महतोटांड़ के समीप अल्कासिया जंगल में टीम ने मवेशी लदे 2 पिकअप को धर दबोचा। जांच करने पर उन दोनों वाहनों में 14 मवेशी लदे मिले। पुलिस टीम ने दोनों पिकअप वैन को अपने कब्जे में लिया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों ही वाहनों ले ड्राइवर मौके से भाग निकले। गौरतलब है कि जिले के देवरी, जमुआ, बेंगाबाद और गांडेय अहिल्यापुर के रास्ते आये दिन मवेशी तस्करों द्वारा मवेशियों की तस्करी की जाती है। तस्करों के ये सभी रास्ता काफी सुरक्षित जोन बनता जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि तस्कर मवेशियों को बिहार से गिरिडीह जिले के रास्ते बंगाल होते हुए बंगलादेश पहुंचाया करते हैं। हालांकि जिले की पुलिस की मुस्तैदी से अब तक कई मवेशी तस्कर गिरफ्तार किये गये हैं। बावजूद इसके मवेशी तस्करी का यह कारोबार अब भी काफी फलफूल रहा है।

### आगामी 27 फरवरी को प्रखंड के 37 मुखिया देंगे एक दिवसीय सांकेतिक धरना



**गिरिडीह।** धनवार के गांधी चौक में रविवार को मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष रामदेव यादव तथा मुखिया संघ के धनवार प्रखंड अध्यक्ष शंकर पासवान ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कहा कि अबुआ आवास में ग्राम सभा को मान्यता नहीं देना तथा कोटिवार को सुधार करते हुए ग्राम सभा को मान्यता देने, अल्पसंख्यक, ओबीसी ओर जेनरल का कोटा बढ़ाना सरकार के आदेश के बावजूद धनवार अफसीआई गोदाम में बेक्लॉक चल रहा है। उसको सुधार कर रेगुलर करना,मनरेगा योजना की स्वीकृति में कर्मी ओर पदाधिकारियो का हस्तक्षेप व मनमानी पर रोक लगाना, आदि मांगो को लेकर आगामी 27 फरवरी को प्रखंड के 37 मुखिया एक दिवसीय सांकेतिक धरना का आयोजन किया जाएगा। कहा कि अगर उक्त मामले में सुधार नही हुई तो धनवार प्रखंड कार्यालय में प्रखंड के सभी मुखिया आमरण अनशन, भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। साथ ही साथ प्रखंड व अंचल कार्यालय में ताला जड़ दिया जाएगा। मौके पर मुखिया सजरुल अंसारी, उमेश दास, कार्तिक दास, मुजाहिद अंसारी, अंसारी भाई, संतोष साव आदि लोग मौजूद थे ।

### रविदास जयंती पर गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में स्टोरी टेलिंग कंपटीशन आयोजित



गिरिडीह। रविदास जयंती के अवसर पर गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में स्टोरी टेलिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया कक्षा 1 से कक्षा 7 तक के बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागी बच्चों ने महापुरुषों पर आधारित कहानी, मोटिवेशनल कहानी, किड्स स्टोरी ,अपने पाठ पुस्तक की कहानी को बेहतरीन अदा से सुनाकर उपस्थित लोगों को खुश कर दिया प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रिंसिपल दिगंबर कुमार देवांगन ने कहा कि बच्चों को कहानी से काफी प्रेरणा मिलती है और सफलता के लिए महापुरुषों की कहानी शिक्षक के तरह काम करता है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उक्त स्कूल में ऐसे आयोजन समय समय पर होता रहता है।

### गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर हाई स्कूल मैदान में जेबीकेएसएस की प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न



**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर हाई स्कूल मैदान में रविवार को जेबीकेएसएस की प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र रवानी ने की जबकि संचालक कुंदन वर्मा के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय उपाध्यक्ष यमुना मंडल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए केंद्रीय आदेशानुसार प्रखंड के सभी पंचायतों में कमेटी का विस्तार करने हेतु प्रखंड स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया। मौके पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री महराज मंडल ने कहा कि जयराम महतो की कार्यशाली से लोग प्रभावित होकर हजारों युवा पार्टी में जुड़ रहे हैं। कहा कि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति में झारखंड के सभी विधान सभा सीटो पर चुनाव लड़ेंगी।

**ज्ञानी वो व्यक्ति नहीं होता जो बहुत-सी बातें जानता है, बल्कि ज्ञानी तो वो होता है जो काम की बातें जानता है : अज्ञात**



# टूटते गठबंधन से आस लगाती कांग्रेस

**पश्चिम** बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी अलग हो गए। बिहार में गठबंधन के अगुआ रहे नीतीश कुमार गठबंधन से अलग हो गए। पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की राहें अलग हो गईं। उत्तर प्रदेश में आरएलडी गठबंधन से अलग हो गई। अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के अलग होने की चर्चा है। सियासी गलियारों में गठबंधन के इस बिखराव के मायने और कारण निकाले जा रहे हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों और कांग्रेस के ही कद्दावर नेताओं के मुताबिक गठबंधन में यह टूट कांग्रेस को बड़ा फायदा पहुंचाने वाली है। पार्टी में ही अंदरखाने कई नेता ऐसी टूट को कांग्रेस के लिए संजीवनी मान रहे हैं।बीते कुछ समय से गठबंधन से टूट रहे सियासी दलों के रिश्तों का सियासी पैरामीटर पर आकलन किया जा रहा है। राजनैतिक जानकारों का मानना है कि जो इंडी गठबंधन पिछले साल जून में तैयार हुआ था। उसकी मंशा तो सही थी लेकिन गठबंधन एकदम विपरीत विचारधारा के लोगों से था। वरिष्ठ पत्रकार बृजेंद्र शुक्ला कहते हैं कि भाजपा से लड़ने के लिए ज्यादातर सभी दल एक साथ आ गए। लेकिन इन दलों में सबकी विचारधारा बिलकुल अलग-अलग थी। ऐसे में कयास उसी वक्त लगाए जाने लगे थे कि यह सब दल क्या एक साथ चल पाएंगे? वह कहते हैं कि हुआ भी वैसा ही। अमूमन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से अलग होने लगे। पहले ममता बनर्जी गईं, फिर नीतीश कुमार चले गए। आम आदमी पार्टी ने भी सियासी मैदान में अलग चलने का ऐलान कर दिया। अब अखिलेश यादव के अलग होने की बात कही जा रही है।राजनीतिक विश्लेषक प्रभात कुमार कहते हैं कि सियासी कसौटी पर अब यह परखना जारी है कि गठबंधन में टूट से किसको फायदा हो रहा है। प्रभात कहते हैं कि कांग्रेस से अलग होकर सभी दल खुद को मजबूत मान रहे हैं। क्योंकि ज्यादातर क्षेत्रीय दलों को यह लगता है कि राज्यों में उनकी स्थिति कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है। ऐसे में गठबंधन के साथ जाकर कांग्रेस को सीट की शेयरिंग में उनका नुकसान था। यही हाल पंजाब में आम आदमी पार्टी के लिए कहा जा रहा है। दिल्ली में भी सीटों पर बात बनी तो अलग-अलग चुनाव लड़ने के रास्ते बन सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता और पूर्व विधायक इलियास मोहम्मद कहते हैं कि गठबंधन के साथ जाने को लेकर उनके दल में कई लोग पहले से विरोध में थे। टीएमसी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि अब जब पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी अलग चुनाव लड़ रही है, तो ज्यादा मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। उनका कहना है कि बीते साल हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सभी राज्यों में अकेले ही चुनाव लड़ी थी। इसमें हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में तो कांग्रेस को सरकार बनी। हालांकि बाद में हुए पांच राज्यों में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ी, जिसमें उसे सियासी तौर पर नुकसान हुआ। उनका कहना है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आने वाले लोकसभा चुनावों में फायदा मिल सकता है। इसके अलावा उनका यह भी मानना है कि कल अगर चुनाव के बाद गठबंधन की जरूरत पड़ती है, तो अलग-अलग दलों के साथ चुनाव के बाद भी गठबंधन हो सकता है। ऐसे में बेहतर है अगर कांग्रेस पार्टी अलग चुनाव लड़ती है, तो यह उसके लिए एक तरह से संजीवनी का काम करने वाली है। इन परिणामों के आधार पर कांग्रेस अपनी आगे की बड़ी सियासी रणनीति भी तय कर सकती है। पर अंत भला तो सब भला लोकसभा चुनाव से पहले आखिरकार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो गया। शनिवार दोनों दलों की ओर से इसकी घोषणा की गई। दिल्ली, गुजरात, हरियाणा और गोवा में ये दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली में आप  सात लोकसभा सीटों में से चार - पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली और पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी और वहीं कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ेगी। हालांकि इसे अवसरवादिता की हद कहा जा रहा है ।

इन दिनों

# रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प


डी जे नारायण

**भारत** में रेलवे स्टेशन देश के लगभग हर व्यक्ति की यादों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वे देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन के साथ न केवल यात्रा लॉजिस्टिक्स के गौरव का महत्वपूर्ण संकेत हैं, बल्कि देश की वास्तुकला संबंधी तस्वीर का परिदृश्य दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व भी हैं। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है। भारतीय रेलवे का अनुभव करने का अर्थ है, भारत को एक राष्ट्र के रूप में भी अनुभव करना। आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्से को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट प्रयास किये जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधीनगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यह पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसे पुनर्विकसित किया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग? 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी। केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन' के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किये जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं। आज जो परिणाम देखे जा रहे हैं, वे विशेष रूप से 2019 के बाद से किये जा रहे प्रयासों और प्रबंधन पहलों का परिणाम हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री के पास स्टेशन पुनर्विकास के लिए व्यापक दूरदर्शिता है। जब हम मूल डिजाइन के साथ गये, तो उन्होंने डिजाइन को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने हमसे 50 साल आगे के लिए स्टेशनों को डिजाइन करने को कहा। इसलिए, हमने दोबारा से डिजाइन तैयार किया और फिर निर्माण शुरू किया। आज हम दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम कर रहे हैं। 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है'। रेलवे स्टेशनों के विकास/ पुनर्विकास की प्रकृति जटिल है, जिसमें यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा शामिल है और इसके लिए दमकल की मंजूरी, विरासत, पेड़ काटने, हवाई अड्डे की मंजूरी आदि जैसी विभिन्न वैधानिक मंजूरियों की आवश्यकता होती है। छोड़ी हुई भूमि से संबंधित चुनौतियों जैसे जनोपयोगी वस्तुओं के स्थानांतरण, अतिक्रमणों, यात्रियों की आवाजाही में बाधा डाले बिना ट्रेनों के संचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट किये जा रहे कार्यों की वजह से प्रतिबंध के कारण भी प्रगति प्रभावित होती है। स्टेशन विकास कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों की आवश्यक मंजूरी के लिए शहरी/ स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों के साथ व्यापक परामर्श किया जा रहा है। 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एक बहुत बड़ा काम है और गति एवं पैमाने के साथ इन स्टेशनों के वैज्ञानिक पुनर्विकास के पीछे एक सर्व-समावेशी गहन प्रक्रिया चल रही है। टेंडर जारी करने से पहले विभिन्न स्तरों पर चर्चा के साथ समग्र रूप से डिजाइनिंग की गई है। इसके अलावा, एक मानक निविदा दस्तावेज तैयार किया गया और सभी के साथ साझा किया गया ताकि एक निश्चित समय पर काम पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय रेलवे ने पुनर्विकास कार्य हरसंभव तरीके से बेहतर करने के लिए भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम का विलय कर दिया। सभी प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपयुक्त उपयोग के लिए विभिन्न शीर्ष क्षेत्र विशेषज्ञों, आर्किटेक्ट्स और पाइलिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया। जोन और मुख्यालयों में गतिशक्ति निदेशालयों के निर्माण के अलावा, इसके लिए 9000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित करने से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और तेज करने में भी मदद मिली है। इस योजना में स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशन तक पहुंच, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट/ एस्केलेटर आवश्यक, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि। इस योजना में भवन में सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों किनारों के साथ जोड़ना, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान की भी परिकल्पना की गई है। प्रत्येक स्टेशन पर एक विशाल छत प्लाजा होगा, जिसमें खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के साथ-साथ सभी यात्री सुविधाएं एक ही स्थान पर होंगी। पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं के साथ यातायात की सुचारु आवाजाही के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है और इसे मेट्रो, बस आदि जैसे परिवहन के अन्य साधनों के साथ जोड़ना सुनिश्चित किया जायेगा। सौर ऊर्जा, जल संरक्षण/ पुनर्चक्रण और बेहतर वृक्ष आवरण के साथ ग्रीन बिल्डिंग तकनीकों का उपयोग किया जायेगा। आगमन/ प्रस्थान को अलग-अलग किया जायेगा, अव्यवस्था मुक्त प्लेटफार्म, बेहतर सतह, पूरी तरह से ढके हुए प्लेटफार्म होंगे। भारतीय रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाला है और जिस गति से बदलाव हुआ है उससे हर पर्यटक आश्चर्यचकित होगा। **(पूर्व महानिदेशक, पीआईबी/ अध्यक्ष, कलाक्लैप टेक्नोलॉजीज, सीईओ स्टेजक्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड)**

## काव्य कोना


### मध्यम-मध्यम

चंचल मन डोले
हौले-हौले मध्यम-मध्यम
दूर से आता पवन का झोंका
हौले-हौले मध्यम-मध्यम
परकोटे से छन-छन कर आती
भीनी-भीनी सुगंध, ठहर-सी जाती
चूमते स्पर्श करता
गुजरने का आभास कराता
झरोखे में छवि दिखलाता
चंचल मन में झंझावात उठाता
सन्नाटे में कोलाहल का संकेत
शांत जल में लहर उठाता
मध्यम-मध्यम
चंचल मन डोले
हौले-हौले मध्यम-मध्यम
तेरे नैन हरदम बोले
बन भँवरा बस डोले
अधीर-आतुर मन खोले
मन पाँखी नभ मुख हो ले
चंचल मन डोले
हौले-हौले मध्यम-मध्य


■ नाग मणि

## आपकी बात

### बच्चों के लिए नुकसान दायक है मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग


दिलीप कुमार

आज के दौर में मोबाइल के प्रयोग से चाहे बच्चा हो, बड़ा हो या बुजुर्ग, कोई भी इससे अछूता नहीं रहा। एक नहीं बल्कि दो-दो मोबाइल का प्रयोग सामान्य सी बात होती जा रही है। खासकर आजकल अभिभावक बच्चों को खाना खिलाने या शांति से बैठाए रखने के लिए भी अकसर उन्हें मोबाइल



फोन थमा देते हैं। जबकि यह बिलकुल ही गलत है और यह बच्चे के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। लोगों को यह लगता है कि मोबाइल से बच्चा नई नई चीजों के बारे में सीखता है, लेकिन यह भी सच है कि इसके लगातार एवं अधिक प्रयोग से न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। मोबाइल के अधिक उपयोग से मानसिक तनाव जैसी समस्या बढ़ती है। ऐसे में मां-बाप एवं अभिभावक को विशेष ध्यान देने की जरुरत है जिससे कि बच्चे को इस खतरे से बचाया जा सके। बच्चे के लिए सीमित समय के लिए उपयोग निर्धारित कर मोबाइल की लत की समस्या को कम किया जा सकता है। इसके बदले बच्चे खेलेंगे तो न केवल उनका शारीरिक विकास होगा बल्कि उनका मानसिक विकास भी होगा और दिमाग तेज होगा। उनकी ऑंखें सेहतमंद रहेंगी। मोबइल के बदले बच्चे किताबें पढ़ सकते हैं। इससे उनका ज्ञानवर्धन भी होगा। अभिभावकों को चाहिए कि जितना हो सके बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं क्योंकि इस समय बच्चों को सबसे ज्यादा मां-बाप के प्यार और दुलार की जरूरत होती है। बच्चों को प्यार से समझाया जा सकता है कि मोबाइल उनके लिए नुकसानदायक है। साथ ही उनके शौक के हिसाब से बच्चों को डांस, म्यूजिक और पेटिंग जैसे कामों को करने के लिए प्रेरित करना चाहिए जो उनके बेहतर विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा। **सहायक लेखा अधिकारी, पोटमा, गढ़वा (झारखण्ड )**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

सियासत

# संदेशखाली : ममता की नफरत का प्रतीक


प्रवीण गुगनानी

**बांग्ला** की दो लोकोक्तियाँ हैं- थेलाई ना पोरले बेरल गाछे ओथे ना - अर्थात आपकी समस्याओं से पार पाने हेतु आपको उस समस्या का सामना करना ही होगा। दूसरी बांग्ला कहावत है- किछुतेई किछु न फेसतेई पोइसा- कुछ प्राप्त करने हेतु आलस्य छोड़कर कर्म करना ही होगा। आज की परिस्थिति में बंगाल में ममता व उनकी तृणमूल एक समस्या है और सोनार बांग्ला के बंधुओं को कुछ कर्म करके इन्हें सत्ता से बाहर का मार्ग दिखाना ही होगा। संदेशखाली, पश्चिम बंगाल में हाल ही के महिला यौन उत्पीड़न को लेकर जो समाचार आ रहे हैं उन सबके अतिरिक्त सच और भी है। सच यह है कि संदेशखाली के आसपास की चौदह में से आठ विस क्षेत्र अनुसूचित व जनजातीय वर्ग हेतु आरक्षित हैं। सच यह यह भी है कि इन चौदह संवेदनशील विधानसभाओं की सीमा बांग्लादेश से सटी हुई है। सच यह भी है कि यह मानव तस्करी अर्थात ह्यूमन ट्रेफिकिंग के धंधे का गढ़ बना हुआ है। सच यह भी है कि तृणमूल ने भारत भर में रोहिंग्याओं, आतंकियों, घुसपैठियों, तस्करों को प्रवेश देने हेतु इस क्षेत्र को सुरक्षित द्वार बनाया हुआ है। संदेशखाली की इस घटना की पृष्ठभूमि में यह संदेश भी है कि प. बंगाल किस प्रकार मानव तस्करी व हिंदू कन्याओं के अपहरण व उन्हें सीमापार पहुँचा देने का गढ़ बना हुआ है। हिंदू कन्याओं को पहले यौन उत्पीड़न के जाल में फंसाना और फिर वीडियो आदि के माध्यम से उन्हें ब्लैकमेल कर सीमा पार बेच देने में तृणमूल कार्यकर्ता लगे हुए हैं। हाल ही की घटना में ममता बनर्जी के प्रिय शेख शाहजहां की प्रत्यक्ष संलिप्तता इसका ज्वलंत व प्रामाणिक उदाहरण है। मुस्लिम तुष्टिकरण में कांग्रेस से होड़ लगाती हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ममता को शेख शाहजहां की जेब में रेहन रख छोड़ा है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते ममता बनर्जी से महिला तस्करी, उत्पीड़न, बलात्कार संबंधित मामलों में जो सक्रियता दिखनी चाहिये थी उसका सहस्त्रांश भी उनकी कार्यशैली में देखने को नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में आज महिलाएं सर्वाधिक असुरक्षित आभास कर रही हैं।

> **पश्चिम बंगाल में हाल ही के महिला यौन उत्पीड़न को लेकर जो समाचार आ रहे हैं उन सबके अतिरिक्त सच और भी है। संदेशखाली के आसपास की चौदह में से आठ विस क्षेत्र अनुसूचित व जनजातीय वर्ग हेतु आरक्षित हैं।**

## फेसबुक वॉल से


**Avani Kant Vivek**
2 h ·
मेरे फेसबुक फ्रेंड लिस्ट में अगर कोई JSCA (झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन) के अधिकारी हों तो इस खबर के हेडिंग देखकर थोड़ा शर्म कर लीजियेगा। देश राज्य का नाम रौशन किया आपलोगों ने... कण कण में लूट खसोट मचा हुआ है।

24,743 likes
abpnewstv भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में टेस्ट सीरीज का चौथा मैच खेला जा रहा है. तीन दिन के बाद मेहमान इंग्लैंड मुकाबले में आगे दिख रही है. लेकिन इसी बीच क्रिकेट स्टेडियम से एक तस्वीर सामने आई है. दरअसरल, इंग्लिश टीम के समर्थकों के क्लब बार्मी आर्मी ने सोशल मीडिया
Sidharth + 8 · 8 comments

## X - से

**AajTak** @aajtak · 2h
रिश्वत के आरोप में नेताओं को ऐसे पीटने पर आपकी राय?

*AAP के पार्षद को महिलाओं ने सरेराह चप्पलों से पीटा, कॉलर पकड़कर खींचा और फाड़ा कुर्ता; थाने में घुसकर बचाई जान

*महिलाओं ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी से निर्वाचित हुए वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद जुगल मेहरा ने प्रधानमंत्री... Show more



426 · 1.1K · 3.9K · 194K

# रूस-यूक्रेन और हमास-इजरायल युद्ध से मानवता त्रस्त


किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तर पर सर्वविदित है कि रूस यूक्रेन की लड़ाई को 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और 25 फरवरी 2024 से यह तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गई है। उधर हमास-इजरायल युद्ध भी लंबा पीछे खींचा जा रहा है। दुनियां बट चुकी है और धड़ाधड़ एक दूसरे पर प्रतिबंधों की बौशार हो रही है जिसका दुष्टपरिणाम मानव प्रजाति पर ही पढ़ रहा है। क्योंकि प्रतिबंधों से उन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बड़ रही है, सुविधियें घटेगी, शॉर्टेज मचेगी तो व्यवस्थाएं धुयस्थ होगी जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से दुष्टपरिणाम संबंधित चीजों से नागरिकों पर ही पड़ेगा जिसे रेखा अंकित करना होगा। संयुक्त राष्ट्र शायद इस स्थिति या पावर में नहीं है कि वैश्यविक विवादों या उपरोक्त दोनों युद्ध को रोक सके जिसका अंदेशा आज समाप्त हुए रायसोनी डायलॉग में भारतीय विदेश मंत्री ने के बयान में ही चलता है। इसके पूर्व भी माननीय पीएम कह चुके हैं कि संयुक्त राष्ट्र को सशक्त करने की जरूरत करनी होगी। वैसे तो अनेक देश अपने हालात और सुलभ परिस्थितियों को दिशा देने अनेक प्रतिबन्ध संबंधित देशों पर लगाते रहते हैं, उपरोक्त दोनों युद्ध जिसमें रूस यूक्रेन का अब तीसरा वर्ष शुरू हो चुका है ऊपर से आज दिनांक 24 फरवरी 2024 को अमेरिका नें रूस पर 500 नये प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया है, मतलब साफ है की नकेल कसना है। मेरा मानना है यह स्थिति रूसी विपक्षी नेता और रूसी राष्ट्रपति के ध्रुविरोधी गैलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर निकाली गई भड़ास का नतीजा है। चुंकि अमेरिका ने रूस पर फिर 500 नये प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया है, और रूस पर नकेल कसने की कोशिश की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धि जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका नें यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध की दूसरी बरसी पर रूस पर 500 नये प्रतिबंध लगाने की करें तो, यूक्रेन पर हमले के दो साल बाद अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने रूस पर नये प्रतिबंधों की घोषणा की है।

> **दुनियां बट चुकी है और धड़ाधड़ एक दूसरे पर प्रतिबंधों की बौशार हो रही है जिसका दुष्टपरिणाम मानव प्रजाति पर ही पढ़ रहा है। क्योंकि प्रतिबंधों से उन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बड़ रही है।**

## बोधि वृक्ष

# गढ़वा जिले का श्रीबंशीधर मंदिर

**गढ़वा** के श्री बंशीधर मंदिर में 1280 किलो सोने से बनी है कृष्णजी की मूर्ति, तीन राज्यों के संगम स्थल पर है स्थित बंशीधर मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की अछूत व अद्वितीय प्रतिमा है। इस मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है। यहां प्रतिवर्ष वृंदावन से आये विद्वान पंडित भागवत कथा करते हैं। गढ़वा जिले के अनुमंडल मुख्यालय श्री बंशीधर नगर स्थित श्री बंशीधर मंदिर एक ऐतिहासिक धरोहर है। इस मंदिर में 32 मन यानी 1280 किलोग्राम शुद्ध सोने से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ वाराणसी से मंगाया गया अष्टधातु का मां राधिका की प्रतिमा स्थापित है।



झारखंड, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर श्री बंशीधर मंदिर बांकी नदी के किनारे अवस्थित है। श्रीकृष्ण की यह अछूत प्रतिमा जमीन में करीब 5 फीट गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित 24 पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पुष्प पर विराजमान है। श्रीकृष्ण की आदमकद प्रतिमा करीब साढ़े चार फीट की है। नगर उंटारी राजपरिवार के संरक्षण में यह मंदिर देश व विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वहीं स्थानीय लोगों के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है। श्री बंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव वृंदावन की तर्ज पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स

इन एप्लिकेशन्स का उपयोग करके, फोटोग्राफी के शौकीनों को फोटो एडिटिंग के क्षेत्र में अपनी क्रिएटिविटी का पूरा उद्योग मिलता है। ये एप्लिकेशन्स न केवल हाई क्वालिटी फोटोज के लिए सहायक होते हैं, बल्कि उपयोगकताओं को प्रोफेशनल फोटोग्राफी का एक अच्छा अनुभव भी प्रदान करते हैं। **(समाप्त)**

### ओला या उबर में अधिक किराया वसूलने पर मिलेंगे पैसे वापस, पैसे वापस पाने के लिए अपनाएं ये तरीके

जब भी आप ऑनलाइन कैब सेवा का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको सेवा प्रदाता द्वारा दिये गये किराये के अनुसार ही भुगतान करना पड़ता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि सेवा प्रदाता किराया बढ़ा देता है, जिससे उपयोगकर्ता को अत्यधिक नुकसान होता है। ऑनलाइन टैक्सी सेवाओं का इस्तेमाल करना आजकल बहुत साधारण हो गया है। बड़े शहरों में ट्रैफिक और परिवहन की समस्याओं के साथ-साथ लोग अपने दैनिक सफरों को ढंग से संभालने के लिए ऑनलाइन कैब सेवाओं का सहारा लेते हैं। इनमें से ओला और यूबर भारत में सबसे लोकप्रिय हैं। लेकिन कई बार यह सेवाएं अपने उपयोगकर्ताओ को



अतिरिक्त किराया लेने के आरोप में परेशान कर देती हैं। अगर आपको भी ऐसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो आपको इस पर आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता हो सकती है।

**(क्रमशः)**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

एम्स दिल्ली के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी व मानव पोषण विभाग में हुए अध्ययन में सामने आए गंभीर तथ्य

# इलाज पर खर्च बढ़ने का परिवार के बजट पर पड़ रहा असर

- राशन व शिक्षा खर्च में करनी पड़ रही कटौती
- बच्चे परिवार का खर्च पूरा करने को कर रहे काम
- जर्नल इमराल्ड इनसाइट में प्रकाशित हुई है रिपोर्ट

**आरपी सिंह। नई दिल्ली।** जर्नल इमराल्ड इनसाइट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार इलाज पर खर्च बढ़ने का असर मरीज के परिवार के भोजन खर्च पर पड़ रहा है। लोग अपने परिजनों के इलाज के लिए अपने भोजन में कटौती करके, कम खाकर ही, एक दो चीजें बना खा कर ही गुजारा करने पर मजबूर हो रहे हैं। एम्स दिल्ली के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी व मानव पोषण विभाग में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आयी है।

रिपोर्ट के अनुसार इलाज के खर्च बढ़ने के कारण लोग पौष्टिक भोजन से दूर हो रहे हैं। लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा परिवारों ने अनाज, दाल व चीनी तो किसी तरह खरीद रहे हैं, लेकिन फल, घी, दूध, दूध उत्पाद, सब्जियां, मांस, अंडे, तेल की खरीद व खपत लगभग नहीं के बराबर कर रहे हैं। 414 मरीजों पर किये गये इस अध्ययन के प्रमुख डॉ अनूप सारया का कहना है कि हो सकता है अनाज व दालें सस्ती होती हैं, इसलिए मरीज के परिवार के लोग खर्च बचाने के लिए, दवा का पैसा जुटाने के लिए बस यह खाकर रह रहे हैं।

इस अध्ययन का उद्देश्य यह जानना था कि स्वास्थ्य देखभाल पर बढ़ते औकात से ज्यादा खर्च का घरेलू बजट पर दबाव पड़ने और भोजन की आदतों में बदलाव पैदा करने पर क्या प्रभाव पड़ता है। यह एक अस्पताल में क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन था, जिसमें 414 ऐसे मरीज शामिल थे, जिनका किसी गंभीर या पुरानी बीमारी का इलाज चल रहा था। अध्ययन में शामिल इन 414 मरीजों के परिवारों में कुल 2,550 सदस्य थे।

अध्ययन के अनुसार, लंबी बीमारी का मतलब ऐसी बीमारी से था, जो कम से कम एक साल तक रहती है। इसके लिए डॉक्टर को नियमित रूप से दिखाना पड़ता है और रोजाना के कामों में परेशानी होती है या दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। जैसे क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस (अग्नाशय की लंबी बीमारी), इंफ्लेमेटरी बॉवेल डिजीज (आंतों में सूजन की लंबी बीमारी) व क्रॉनिक लिवर डिजीज (जिगर की लंबी बीमारी)।

अध्ययन में पाया गया कि ग्रामीण परिवारों में शहरी परिवारों की तुलना में खाने-पीने की चीजों में कमी 1.8 गुना ज्यादा देखी गई। जिन घरों के मरीज भर्ती थे, उनके यहां खाने की खपत में 1.3 गुना कमी आई। बीमारी के बाद न केवल खाने-पीने की चीजों में कमी आई, बल्कि खाने की गुणवत्ता भी कम हो गई। जैसे, दूध व सब्जी में पानी मिलाना या सस्ते बिना पैकेज वाले खाद्य पदार्थ खरीदना।

बीमारी के अतिरिक्त खर्च का सबसे बड़ा व भयानक प्रभाव बच्चों पर देखे गए। जहां खाने-पीने की चीजों में कमी करने वाले कई परिवारों ने बच्चों की शिक्षा को नजरअंदाज कर दिया, या बच्चों ने परिवार व दवा के खर्च पूरा करने के लिए कहीं काम करना शुरू कर दिया।

## प्रतिबंधित संगठन सिमी का सदस्य हनीफ शेख गिरफ्तार, 22 साल से था फरार



**एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्य हनीफ शेख को 22 साल बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ 2001 में दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में यूएपीए के तहत मामला दर्ज हुआ था। हनीफ शेख सिमी के मैगजीन इस्लामिक मूवमेंट के उर्दू संस्करण का संपादक था।

स्पेशल सेल के डीसीपी आलोक कुमार ने रविवार को बताया कि पिछले चार साल से स्पेशल सेल की टीम हनीफ शेख का पीछा कर रही थी। हनीफ पर साल 2001 में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के मामले में एफआईआर हुई थी। इसके ट्रायल के दौरान 2002 में उसे भगोड़ा भी घोषित किया गया था। हनीफ को पकड़ना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही थी, क्योंकि वह महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सिमी की बैठक में भाग लेने और अन्य घटनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। जब स्पेशल सेल दक्षिणी रेंज को उसके गिरफ्तारी की जिम्मेदारी दी गई तो टीम के प्रमुख सदस्यों ने दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ उप्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का दौरा किया और हनीफ शेख से जुड़ी तमाम जानकारियां इकट्ठा कीं। उसके कई ठिकानों को भी टीम ने देखा। उसके अलग-अलग राज्यों में जाने के तमाम रूटों का भी पता लगाया।

## ममता सरकार के बंगाल में रोज हो रही लोकतंत्र की हत्या : सुवेंदु अधिकारी



**एजेंसी। नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने शनिवार रात जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर के कोयना मेस में ₹सन्नाटे का शोरः पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ राजनीतिक हिंसा की वास्तविकता₹ विषय पर मेस टॉक का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती राजनीतिक हिंसा की समस्या पर छात्र समुदाय का ध्यान आकर्षित कराना और इस मुद्दे पर सार्वजनिक चर्चा को बढ़ावा देते हुए प्रताड़ित महिलाओं के लिए न्याय सुनिश्चित कराना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सांसद डॉ सुकांता मजूमदार और पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुवेंदु अधिकारी ने चर्चा में हिस्सा लिया और खुल कर जेएनयू के छात्रों से बात की। सुकांता मजूमदार ने कहा, बंगाल का संदेशखाली नर्क से कम नहीं है जहां अत्यंत बर्बर अत्याचार महिलाओं को सहना पड़ रहा है। अपनी बात कहते हुए एक वयोवृद्ध महिला ने बताया कि उसने अपनी बहु को मध्यप्रदेश काम करने के लिए भेज दिया है। कारण पूछने पर उसने बताया की इसकी बहू सुंदर है, यदि संदेशखाली में रखते तो टीएमसी के लोग इससे उठा ले जाते।

इतनी बर्बर एवं दुरूह परिस्थिति में रहने के बावजूद साहस करते हुए वहां की महिलाएं जिस तरह आकर अपनी पीड़ा मीडिया को बता रही हैं, वह उनकी पीड़ा की पराकाष्ठा को बता रहा। उन्होंने कहा संदेशखाली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के आरोपित शाहजहां शेख पर तत्काल कार्रवाई हो और हमें विश्वास है की हमारी पीड़ित बहनों को न्याय दिलाने के लिए जेएनयू के युवा आवाज उठाएंगे। सुवेंदु अधिकारी ने कहा पश्चिम बंगाल को तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी गुंडों ने जकड़ लिया है। ममता सरकार में रोज लोकतंत्र की हत्या हो रही है और देशभर के सेक्युलर इस विषय में चुप्पी साधे हुए हैं लेकिन समय आने पर जनता इसका न्याय करेगी। संदेशखाली की मन विचलित करने वाली घटना केवल एक घटना नहीं है पूरे बंगाल में टीएमसी के गुंडों का अत्याचार जारी है।

उल्लेखनीय है कि संदेशखाली उत्तर 24 परगना जिले का एक गांव है, जहां फरवरी में महिलाओं ने धमकियों और प्रताड़ना के बावजूद अपने यौन उत्पीड़न की बात मीडिया के सामने रखीं। कुछ महिलाओं को उनके गांव में कुछ लोगों द्वारा यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया जाता था। आरोपितों में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार प्रमुख हैं।

## उप्र के अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पांडेय का पार्टी से इस्तीफा



### मायावती ने एक्स पर लिखा



मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि बसपा राजनीतिक दल के साथ ही बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के मिशन को समर्पित मूवमेन्ट भी है। इस कारण इस पार्टी की नीति व कार्यशैली देश की पूंजीवादी पार्टियों से अलग है। जिसे ध्यान में रखकर ही चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार भी उतारती है। अब बसपा के सांसदों को इस कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही स्वंय जांचना है कि क्या उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता का सही ध्यान रखा। मीडिया द्वारा यह सब कुछ जानने के बावजूद इसे पार्टी की कमजोरी के रूप में प्रचारित करना अनुचित है। बसपा का पार्टी हित सर्वोपरि है। हालांकि मायावती ने अपने पोस्ट में रितेश पांडेय के नाम का कहीं भी जिक्र नहीं किया है।

**एजेंसी। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र से बसपा के सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पांडेय उन सांसदों में शामिल थे जिन्होंने संसद के हालिया सत्र के दौरान संसद की कैंटीन में प्रधानमंत्री के साथ लंच किया था। बसपा अध्यक्ष मायावती को भेजे इस्तीफे में रितेश पांडेय ने कहा, मैंने आपसे तथा शीर्ष पदाधिकारी से संपर्क के लिए अनगिनत प्रयास किए लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं निकला। इस अंतराल में मैं अपने क्षेत्र में एवं पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों से निरंतर मिलता-जुलता रहा। क्षेत्र के कार्यों में जुटा रहा। ऐसे में मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि पार्टी को मेरी सेवा और उपस्थिति की अब आवश्यकता नहीं रही। इसलिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने के अलावा मेरे समक्ष कोई विकल्प नहीं है।

पांडेय ने मायावती को लिखे पत्र में कहा, बसपा के जरिए सार्वजनिक जीवन में जब से मैंने प्रवेश किया, आपका मार्गदर्शन मिला, पार्टी पदाधिकारी का सहयोग मिला तथा पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने मुझे हर कदम पर अंगुली पड़कर राजनीति एवं समाज की गलियों में चलना सिखाया। पार्टी ने मुझे उत्तर प्रदेश विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त किया। पार्टी ने मुझे लोकसभा में संसदीय दल के नेता के रूप में कार्य का अवसर भी दिया। इस विश्वास के लिए मैं आपके, पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं। लंबे समय से मुझे ना तो पार्टी की बैठक में बुलाया जा रहा था, ना ही नेतृत्व के स्तर पर संवाद किया जा रहा है। पार्टी से नाता तोड़ने का यह निर्णय भावनात्मक रूप से एक कठिन निर्णय है। मैं इस पत्र के माध्यम से बसपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देता हूं।

## वरुण गांधी के अमेठी से लोस चुनाव लड़ने की संभावना



**एजेंसी। अमेठी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर अनिच्छुक रहने के कारण, पारंपरिक भव्य पार्टी के गढ़ में लोग अब दूसरे गांधी- वरुण गांधी के पक्ष में हैं।

जब से राहुल गांधी 2019 में अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए, तब से उन्होंने अपने 'पारिवारिक निर्वाचन क्षेत्र' को फिर से हासिल करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

राहुल अब केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद हैं और सूत्रों की मानें तो राहुल फिर से वायनाड से चुनाव लड़ना पसंद करेंगे।

अगर प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव लड़ती हैं तो उनके अमेठी की जगह रायबरेली को चुनने की भी संभावना है। इस आशय का संकेत पहले से ही उस पत्र में दिया गया था, जो सोनिया ने इस महीने की शुरूआत में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था, मुझे पता है कि आप भविष्य में भी मेरे और मेरे परिवार के साथ खड़े रहेंगे, जैसा कि आप अतीत में करते थे।

अनुभवी कांग्रेसी राम करण सिंह, जिन्होंने दिवंगत संजय गांधी के साथ अपना करियर शुरू किया - ने कहा कि गांधी परिवार के साथ अमेठी का रिश्ता तब शुरू हुआ जब संजय गांधी ने 1980 में सीट जीती।

राम करण सिंह ने कहा ऐसा लगता है कि समय अब पूरा हो गया है और ऐसी चर्चाएं हैं कि अगर राहुल गांधी चुनाव लड़ने के लिए सहमत नहीं होते हैं तो वरुण के अमेठी से चुनाव लड़ने की संभावना है। अगर ऐसा होता है तो हम सभी को खुशी होगी।

जब वरुण ने 2014 में लोकसभा चुनाव लड़ा तो उन्होंने अपने दिवंगत पिता के साथ काम करने वाले सभी दिग्गज कांग्रेस नेताओं तक पहुंचने का ध्यान रखा और राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उन सभी ने खुले दिल से जवाब दिया और खुले दिल से वरुण का स्वागत किया।

सूत्रों ने कहा कि भाजपा द्वारा वरुण गांधी को टिकट देने की संभावना नहीं है जो पार्टी की नीतियों के अत्यधिक आलोचक माने जाते हैं।

वरुण अमेठी में स्थानांतरित हो सकते हैं जबकि मेनका गांधी वापस पीलीभीत जा सकती हैं जहां उनका मजबूत आधार बना हुआ है। वरुण के निर्दलीय चुनाव लड़ने की संभावना है और कांग्रेस और समाजवादी पार्टी उन्हें समर्थन दे रही है। वरुण के अखिलेश यादव के साथ अच्छे संबंध हैं। वरुण गांधी के एक करीबी सूत्र ने कहा। संयोग से मेनका के निर्वाचन क्षेत्र सुल्तानपुर में पूर्व ईडी अधिकारी से नेता बने राजेश्वर सिंह भाजपा से एक मजबूत दावेदार हैं।

सुल्तानपुर से ताल्लुक रखने वाले राजेश्वर सिंह लखनऊ की सरोजिनी नगर विधानसभा सीट से विधायक हैं लेकिन सुल्तानपुर में ओवरटाइम कर रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अच्छी किताबों में हैं।

## राम जन्मभूमि मंदिर के लिए कृष्ण की नगरी में तैयार हुआ था रोडमैप

**एजेंसी। नई दिल्ली।** अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से यह मंदिर आम लोगों के लिए खुल गया। बता दें कि 500 साल से ज्यादा समय तक चले राम जन्मभूमि विवाद के बाद पीएम मोदी के प्रयास से अब देश-दुनिया के राम भक्तों के लिए खुशी का क्षण आया। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि राम जन्मभूमि के लिए आरएसएस, भाजपा और अन्य का संघर्ष कैसा रहा होगा। इसका ब्लूप्रिंट श्रीकृष्ण की भूमि पर तैयार किया गया था।

पीएम मोदी हाल ही में मथुरा गए थे और तब उनकी बातों से ऐसा लग गया था कि प्रभु श्रीराम को उनके मंदिर में स्थापित कर देने के बाद अब बारी मथुरा की है। इसे संवारने का काम भी उनके हाथों ही होगा। इसके पहले पीएम मोदी अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में स्थित काशी-विश्वनाथ मंदिर और उनकी नगरी को संवारने का काम कर चुके हैं और आज भी उनकी तरफ से काशी में बचे हुए कामों को आगे बढ़ाने का प्रयास सतत जारी है।

### पीएम मोदी भी थे उस धर्म संसद का हिस्सा



सोशल मीडिया एक्स पर मोदी आर्काइव अकाउंट पर इसके बारे में जानकारी साझा की गई है। इसमें लिखा गया है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर का खाका श्री कृष्ण की धरती से तैयार किया गया था। इसके अनुसार 1991 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक वृन्दावन में हुई थी। इस बैठक में नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे। वह तब भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहे थे। वह संघ से पहले से ही जुड़े थे। ऐसे में वह आरएसएस प्रतिनिधियों की इस बैठक में शामिल होने आये थे।

इसके साथ एक फोटो भी शेयर किया गया है, इसमें उन्हें जमीन पर बैठकर दूसरों के साथ खाना खाते देखा जा सकता है। इस बैठक के दौरान आरएसएस की तरफ से अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण के लिए हर तरह के बलिदान का संकल्प लिया गया था। साथ ही राम जन्मभूमि आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए लोग यहां संकल्पित हुए थे। इसी धर्म संसद बैठक के बाद ही विश्व हिंदू परिषद ने भी अयोध्या में कारसेवा फिर से शुरू करने का संकल्प लिया था। बता दें कि इसके बाद से भाजपा के हर घोषणापत्र में श्रीराम मंदिर प्रमुखता से शामिल रहा। वहीं अब मोदी आर्काइव से पीएम मोदी की इस पुरानी तस्वीर के वायरल होने के बाद ऐसा लगने लगा है कि अब मथुरा के विकास का रोडमैप भी पीएम मोदी के मन में तैयार होगा।

### दिसंबर तक पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण

**अयोध्या।** राम मंदिर में चल रहे सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2024 तक पूरे हो जाएंगे।

- श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर में निर्माण कार्य पूरा करने के लिए यह समय सीमा निर्धारित की है।
- ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा के मुताबिक, पूरे परिसर के अंदर कुछ परियोजनाओं में समय लग सकता है और ये अगले साल के अंत तक पूरी हो जाएंगी।
- योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंदिर परिसर के बाहर, अयोध्या में चल रही सभी विकास परियोजनाओं के लिए समय सीमा भी निर्धारित की है।
- राज्य और केंद्र सरकारें अयोध्या में 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं।
- जिन प्रमुख परियोजनाओं पर काम चल रहा है, उनमें श्री राम कुंड, कर्म क्षेत्र (अनुष्ठानों के लिए), हनुमान गढ़ी, श्री रामलला पुराकालिक दारूशन मंडल, श्री कम्म कीर्ति, गुरु वशिष्ठ पीठिका, भक्ति टीला, तुलसी (ओपन थिएटर), राम दरबार, माता कौशल्या वात्सल्य मंडप, रामंगन, महर्षि वाल्मीक अभिलेखागार केंद्र और माता सीता रसोई अन्नक्षेत्र (रसोईघर) शामिल हैं।
- राम जन्मभूमि परिसर के अंदर विभिन्न सुविधाओं के साथ 12 और मंदिर बनाए जा रहे हैं।
- पूरी तरह बनकर तैयार होने पर मंदिर 161 फीट ऊंचा, 235 फीट चौड़ा और 360 फीट लंबा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नामदार ने जनता का वोट लिया लेकिन सेवा नहीं की : स्मृति ईरानी



**रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के राजकोट से वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी और आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी समेत पांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रायबरेली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक नामदार ने जनता का वोट लिया लेकिन सेवा नहीं की। स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं उस लोकसभा क्षेत्र से हूं, जहां एक नामदार ने जनता का वोट तो लिया पर काम नहीं किया। नामदारों ने जनता के नाम जमीन ली और साइकिल फैक्टरी न बनाकर उसपर घर बना लिया। स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है और अब अमेठी की तरह ही रायबरेली में भी कमल खिलेगा। स्मृति ईरानी ने एम्स लैब टेस्टिंग के आंकड़ों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 10 सालों में 714 मेडिकल कॉलेज पीएम मोदी के नेतृत्व में बनाए गए हैं। जिस राज्य में 12 मेडिकल कॉलेज थे, वहां हमारी सरकार ने 45 मेडिकल कॉलेज बनाए हैं और 15 पर निर्माण कार्य जारी है। हमारी सरकार एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज बना रही है।

### अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस, एनपीपी के चार विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल



**ईटानगर।** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले चार मौजूदा विधायक-दो विपक्षी कांग्रेस से और दो नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) से-रविवार को यहां मुख्यमंत्री पेमा खांडू की उपस्थिति में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। विपक्षी कांग्रेस विधायक निनॉन्ग एरिंग तथा वांगलिंग लोवांगडोंग और एनपीपी विधायक मुच्चू मिथी तथा गोकर बसर भगवा पार्टी के ईटानगर कार्यालय में एक समारोह में भाजपा में शामिल हो गए। एनपीपी अरुणाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी है। शामिल होने के समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा असम के मंत्री और अरुणाचल प्रदेश के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी अशोक सिंघल और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे भी मौजूद थे। साठ सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव अप्रैल या मई में लोकसभा चुनाव के साथ होने की संभावना है। चार विधायकों के पार्टी में शामिर होने के बाद राज्य विधानसभा में कुल 60 सदस्यों में से सहयोगियों के साथ भाजपा की ताकत बढ़कर 56 हो गई, जबकि कांग्रेस घटकर दो पर रह गई। सदन में दो निर्दलीय सदस्य भी हैं।

### हीरानंदानी और उनके बेटे को ईडी का समन पूछताछ के लिए सोमवार को किया तलब

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को समन जारी कर पूछताछ के लिए सोमवार को मुंबई कार्यालय में तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि ईडी ने हीरानंदानी समूह के प्रबंध निदेशक निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को फेमा के उल्लंघन मामले में समन जारी कर पूछताछ के लिए सोमवार को मुंबई के ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। हीरानंदानी समूह के मुताबिक दर्शन हीरानंदानी को ई-मेल भेजकर पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है। हालांकि, वह अपने किसी प्रतिनिधि के जरिए अपना जवाब देने का विकल्प चुन सकते हैं। दरअसल दर्शन हीरानंदानील पिछले कई साल से दुबई में रह रहे हैं। निरंजन हीरानंदानी रियल एस्टेट कंपनी हीरानंदानी समूह के को-फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। समूह ने कहा है कि वह फेमा के तहत जांच में ईडी का सहयोग करेगा। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पिछले हफ्ते फेमा के प्रावधानों के तहत हीरानंदानी समूह के मुंबई और आसपास के चार ठिकानों की तलाशी ली थी। ईडी कुछ विदेशी लेन-देन के अलावा ब्रिटिश वर्जिन आइसलैंड्स स्थित एक ट्रस्ट के लाभार्थियों की भी जांच कर रही है।

### कांकेर में मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के जंगलों में रविवार को सर्चिंग के लिए निकले सुरक्षा दल की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों को मौके से हथियार भी मिले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड के हुरतराई जंगल में सुरक्षा बल का दल कोयलीबाड़ी इलाके में नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। दल में रिजर्व गार्ड और सीमा सुरक्षा बल के जवान थे। इसी दौरान दल पर नक्सलियों ने हमला बोल दिया। सुरक्षा बल ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं और दो हथियार बरामद हुए हैं। कांकेर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

### ओडिशा के पूर्व मंत्री देबासिस नायक ने बीजद छोड़ा, भाजपा में हुए शामिल

**भुवनेश्वर।** अनुभवी बीजू जनता दल (बीजद) नेता और ओडिशा के पूर्व कैबिनेट मंत्री देबासिस नायक ने रविवार को नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। नायक, कई अन्य लोगों के साथ, भाजपा की ओडिशा इकाई के मुख्यालय में एक कार्यक्रम में पार्टी में शामिल हुए। नायक जाजपुर जिले के बारी-डेराबिसी विधानसभा क्षेत्र से चार बार बीजद विधायक थे। वह सूचना एवं जनसंपर्क, और खेल एवं युवा सेवाओं के मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने रविवार को बीजद अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को अपना इस्तीफा सौंप दिया। नायक ने पत्र में लिखा भारी मन से मैं तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा सौंप रहा हूं। मुझे ओडिशा के लोगों के साथ-साथ पार्टी की सेवा करने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। एक बार फिर, धन्यवाद सर। कथित तौर पर दिग्गज नेता लंबे समय से पार्टी में दरकिनार किये जाने से नाराज चल रहे थे। नायक ने यह भी आरोप लगाया कि बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक और पार्टी अपनी स्थापना के बाद से पिछले कुछ वर्षों में बहुत बदल गई है। इस बीच, बारगढ़ जिले के अत्ताबिरा निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस विधायक निहार रंजन महानंदा भी रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

### इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की रविवार को राज्य के झज्जर जिले में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इनेलो प्रवक्ता राकेश सिहाग ने कहा कि पूर्व विधायक राठी एसयूवी में बैठकर कहीं जा रहे थे। जिले के बहादुरगढ़ कस्बे में अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावर एक कार में थे। अधिकारी ने बताया कि अपराध का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### डेब्यू मैच में मुंबई को रोमांचक जीत दिलाने वाली सजना ने कहा

# मैं नारियल की शाखा के साथ बल्लेबाजी करती थी

**एजेंसी। बेंगलुरु।** भारतीय महिला क्रिकेट की नई बल्लेबाजी ऑलराउंडर सजना सजीवन इन दिनों क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। ये वो खिलाड़ी है, जिसने अपने डेब्यू मैच में ही मात्र एक गेंद खेलकर बाजी पलट दी।

एमआई के लिए आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर चार विकेट से जीत दिलाने वाली मशहूर खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में रहीं। केरल के वायनाड के एक गांव मनन्थावडी के कुरिचिया जनजाति से आने वाली सजना सजीवन ने याद किया कि कैसे उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था।






सजना सजीवन ने जियो सिनेमा के साथ बातचीत में कहा जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया तब मैं पांच साल की थी, लेकिन मुझे महिला क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। यह एल्सम्मा शिक्षक ही थे जिन्होंने मुझे इसके बारे में सब कुछ बताया। उस समय मेरे पास क्रिकेट बैट नहीं था, इसलिए मैं नारियल की शाखा आदि के साथ खेलती थी। हालांकि जब मुझे केरल के लिए खेलने के लिए चुना गया, तो मुझे एक पेशेवर किटबैग मिला। हमारी पारिवारिक पृष्ठभूमि थोड़ी कमजोर थी, इसलिए जब मैंने मैच खेला, तो मुझे डीए, टीए और मैच फीस मिली। इससे हमारे परिवार को आर्थिक रूप से थोड़ी मदद मिली। सजना भी इंडिया 'ए' में शामिल हो गईं और उन्हें लगता है कि डब्ल्यूपीएल 2024 उनके लिए अपने भारत के सपने को साकार करने का एक मौका है।

सजना ने कहा मेरी आदर्श हरमनप्रीत कौर भी वहीं हैं, इसलिए मैं यहां बहुत सी चीजें सीखना चाहती हूं। जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं मुंबई परिवार के लिए अपना 100 प्रतिशत दूंगी। मेरा सपना भारत के लिए खेलना है और डब्ल्यूपीएल मंच मुझे वहां तक पहुंचने में मदद कर सकता है। सजना एक बार फिर एक्शन में तब नजर आएगी जब मुंबई इंडियंस रविवार शाम को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डब्ल्यूपीएल 2024 के तीसरे मैच में गुजरात जायंट्स से खेलेगी।

# इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रन पर सिमटी भारत को जीत के लिए मिला 192 रन का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला है। मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रन पर सिमट गई है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे। भारतीय टीम की पहली पारी आज 307 रन पर समाप्त हुई। पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड टीम को 46 रन की बढ़त मिली थी। ऐसे में दूसरी पारी 145 रन पर सिमटने के बाद इंग्लैंड टीम की कुल बढ़त 191 रन की हुई। इस तरह भारत के सामने जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य है। भारत की ओर से दूसरी पारी में रविचन्द्रन अश्विन ने पांच विकेट अपने नाम किए। अश्विन का टेस्ट में यह 35वां फाइव विकेट हॉल है। अश्विन के अलावा कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए।

रांची टेस्ट | तीसरे दिन का खेल खत्म



**तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत जीत से 152 रन दूर :** इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट गवाएं 40 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा नाबाद 24 रन और यशस्वी जायसवाल नाबाद 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत को यह टेस्ट मैच जीतने के लिए अभी 152 रन की और जरूरत है।

**इंग्लैंड की दूसरी पारी :** दूसरी पारी में 46 रन के बढ़त के साथ खेलने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही। इंग्लैंड को 19 के स्कोर पर दो झटके लगे। पहले बेन डकेट 15 रन बनाकर आउट हुए, फिर ओली पोप अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इंग्लैंड को 65 के स्कोर पर बड़ा झटका लगा। पहली पारी में शतक लगाने वाले जो रूट 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड का 110 के स्कोर पर चौथा विकेट गिरा। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे जैक क्राउली 60 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड को 120 के स्कोर पर दो झटके लगे। कप्तान बेन स्टोक्स 4 रन बनाकर बोल्ड हो गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो भी 30 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज भी कुछ ज्यादा योगदान नहीं दे सके और 145 रन पर इंग्लैंड की पूरी टीम ऑलआउट हो गई। टॉम हार्टले 7 रन, बेन फोक्स ने 17 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रविचन्द्रन अश्विन ने 5 विकेट, कुलदीप यादव ने 4 विकेट और रविन्द्र जडेजा ने 1 विकेट लिया।

**भारत ने पहली पारी में बनाए 307 रन, जुरेल ने खेली 90 रन की पारी :** इससे पहले रविवार को आज तीसरे दिन भारत की पहली पारी 307 रनों पर सिमट गई। आज सुबह भारत ने सात विकेट पर 219 रन से आगे खेलना शुरू किया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव ने संभलकर बल्लेबाजी की। दिन का पहला विकेट कुलदीप यादव के रूप में गिरा। कुलदीप 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जुरेल के साथ मिलकर 76 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इसके बाद आकाश दीप ने जुरेल का अच्छा साथ दिया और 40 रन की साझेदारी की। आकाश नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे जुरेल शानदार 90 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। इस तरह भारत की पहली पारी 307 रनों पर सिमट गई।

भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में जुरेल के 90 रनों के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 73 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं शुभमन गिल 38 रन, कुलदीप यादव 28 रन, रजत पाटीदार 17 रन, सरफराज खान 14 रन और रविन्द्र जडेजा ने 12 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की ओर से पहली पारी में शोएब बशीर ने पांच विकेट लिए। बशीर के अलावा टॉम हार्टले ने 3 और जेम्स एंडरसन ने 2 विकेट लिए।

**इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 353 रन :** इससे पहले जो रूट के बेहतरीन नाबाद शतक और ऑली रॉबिन्सन के अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए। रूट 122 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं ऑली रॉबिन्सन ने 58 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने 4, आकाश दीप ने 3, मोहम्मद सिराज ने 2 और रविचंद्रन अश्विन ने 1 विकेट लिया।

### गेंदबाजी करने में मजा आया : अश्विन



**रांची।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने रांची टेस्ट में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कहा कि नई बॉल से गेंदबाजी करने में उन्हें काफी मजा आया, जिससे उन्हें (5-51) के आंकड़े तक पहुंचने में मदद मिली। अश्विन ने कहा टीम ने दमदार प्रदर्शन किया। कुलदीप आज शानदार थे। उन्होंने अपनी गति को बहुत अच्छी तरह से बदल दिया, जब वह ऐसा करते हैं तो उन्हें खेलना बहुत मुश्किल होता है और मुझे उनके पांच विकेट नहीं हो पाने का दुख है। ध्रुव जुरेल का बचाव मजबूत था और उन्होंने बहुत संयम दिखाया, हम ड्रेसिंग रूम में बहुत शांत थे।



### स्मृति ने ही मुझे पावरप्ले का सही इस्तेमाल करने की सलाह दी : मेघना

**एजेंसी। बेंगलुरु।** डब्ल्यूपीएल 2024 में यूपी वारियर्स पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की दो रन की जीत में 44 गेंदों में 53 रन बनाने वाली सब्बिनेनी मेघना ने खुलासा किया कि कप्तान स्मृति मंधाना ने उन्हें पावर-प्ले का यथासंभव उपयोग करने के लिए कहा था। पहली बार आरसीबी के लिए खेलते हुए मेघना ने ऋचा घोष के साथ 71 रन की मैच-निर्णायक साझेदारी करते हुए कुछ शानदार शॉट खेले। दोनों के बीच चौथे विकेट की साझेदारी ने आरसीबी को 54/3 से मजबूत 157/6 तक पहुंचा दिया, जो उनके अभियान को विजयी शुरूआत देने के लिए पर्याप्त था। मेघना ने मैच के बाद कहा स्मृति ने मुझे बताया कि यह पहली बार है जब मैं तीसरे नंबर पर जा रही हूं। मैं इन सभी वर्षों में एक शुरूआती बल्लेबाज थी। इसलिए वह मुझसे बस इतना कह रही थी, जितना हो सके पावरप्ले का उपयोग करो। मेघना ने डब्ल्यूपीएल 2024 का अपना पहला घरेलू मैच खेल रही आरसीबी के समर्थन के लिए फैंस की भी सराहना की। आरसीबी का अगला मैच मंगलवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ होगा।

### नये अवतार में दिखे हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह एक नये अवतार में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों के साथ बिलियर्ड्स खेलकर किया उनका मनोबल ऊंचा राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में चल रहे प्रो लीग हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह भी उपस्थित है और इंडिया टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ उसी आवासीय परिसर में है।आज सुबह ब्रेक फास्ट के उपरांत टीम के कप्तान हरमनप्रीत, सीनियर खिलाड़ी श्रीजेश और मनप्रीत सिंह के बिलियर्ड्स खेलकर उनका मनोबल को ऊंचा किया। हॉकी इंडिया के महासचिव का इस तरह के दोस्ताना व्यवहार से सभी खिलाड़ी काफी उत्साहित हुए।

### झारखंड मलखंब अकादमी में नामांकन के लिए चयन सह प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड मलखंब अकादमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा रांची में में नियमित अभ्यास के लिए बालक-बालिका/पुरुष-महिला वर्ग का नामांकन करने के लिए चयन सह प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन झारखंड संघ के महासचिव सह निदेशक झारखंड मलखंब अकादमी के अजय झा ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान नये सत्र 2024-2025 के लिए 60 बालक-बालिकाओं का चयन किया जायेगा। जो पूर्ण रूप से डे बोर्डिंग होगा एवं 20 बालक जो झारखंड राज्य के दूसरे जिलों से चयन किया जायेगा। उनको अकादमी के द्वारा निःशुल्क आवासीय व्यवस्था दी जाएगी।

इस प्रशिक्षण शिविर में पूरे राज्य से इच्छुक बालक-बालिका खिलाड़ी प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक संजय कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी की देखरेख में चल रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में प्रथम दिन तीस बालक-बालिका ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा के द्वारा सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को समतल जमीन पर योगासन का अभ्यास करने के उपरांत पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड के कौशल्य का बारिकियों से अभ्यास कराया गया।

### राज्यपाल ने स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड का मैच देखा



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को भारत-इंग्लैंड के बीच चल रहे चौथा टेस्ट मैच देखने रांची के जेएससीए स्टेडियम गये और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### पावरलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विशांत अवस्थी ने जीता गोल्ड

**झांसी।** गुजरात के सूरत शहर में सम्पन्न हुई नेशनल पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में झांसी नगर के युवा वेटलिफ्टर विशांत अवस्थी ने गोल्ड मेडल जीत कर गौरवान्वित किया है। अमेरिका में होने वाली इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के लिए चयनित किया गया। विशांत नें स्काट में 200 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 160 किलोग्राम, डेडलिफ्ट में 300 किलोग्राम वजन उठा कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

### दिल्ली शतरंज एसोसिएशन के प्रतिनिधि एआईसीएफ चुनाव में मतदान करने के पात्र नहीं

**चेन्नई।** दिल्ली शतरंज एसोसिएशन उस निर्वाचक मंडल में शामिल नहीं है, जो 10 मार्च को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नए पदाधिकारियों का चुनाव करेगा। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डीसीए के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने आईएएनएस को बताया हम सोमवार को अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

### आईजीआई और डीयू एलुमिनी में होगी महिला वर्ग की खिताबी भिड़ंत

**एजेंसी। नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी के बीच दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट 2024 का महिला वर्ग का फाइनल खेला जाएगा। महिला वर्ग के लीग मैच में रविवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने विवेकानंद कॉलेज को 3-1 से हराया। विजेता की तरफ से शालिनी ने दो और सोमवती ने एक गोल किया जबकि विवेकानंद कॉलेज की तरफ से एकमात्र गोल वैशाली त्यागी ने किया। एसएनएस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड हेमा नेगी को मिला। दूसरे लीग मैच में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी ने भारती कॉलेज को 4-1 से हराया। विजेता की तरफ से नीलम और सोनाली ने दो-दो गोल किए। भारती कॉलेज की तरफ से एकमात्र गोल आंचल ने किया। एसएनएस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड नीलम को मिला।

महिला वर्ग का फाइनल सोमवार को सुबह 9 बजे होगा। पुरुष वर्ग का फाइनल सुबह 10:30 बजे, श्याम लाल कॉलेज और श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के बीच में होगा। प्रिंसिपल के अनुसार टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि वर्ल्ड कप के गोल्ड मेडलिस्ट अर्जुन अवॉर्डी व हॉकी ओलंपियन अशोक ध्यानचंद होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर, गवर्निंग बॉडी के मेंबर डॉ पीके मिश्रा होंगे और श्याम लाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी की चेयरपर्सन श्रीमती सविता गुप्ता समारोह की अध्यक्षता करेंगी।

## खबरें व्यापार जगत की

### तमिलनाडु के सीएम ने विनफास्ट की चार हजार करोड़ रुपये की ईवी फैक्ट्री की आधारशिला रखी




**एजेंसी। चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को तूतीकोरिन में वियतनाम के विनफास्ट समूह के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) संयंत्र के पहले चरण की आधारशिला रखी। राज्य सरकार ने कहा कि वियतनाम समूह की भारतीय शाखा विनफास्ट ऑटो इंडिया लिमिटेड कुल 16,000 करोड़ रुपये (दो अरब डॉलर) के विनियोजित निवेश में से पहले चरण में चार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जनवरी में यहां आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में विनफास्ट ऑटो लिमिटेड ने निवेश के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था। कंपनी का प्लांट 380 एकड़ में फैला हुआ है। यहां प्रति वर्ष डेढ़ लाख वाहन बनाने की क्षमता होगी।

इस परियोजना के साथ तमिलनाडु भारत का ऑटो हब होने के अलावा देश की ईवी राजधानी के रूप में भी जाना जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने कहा कि देश में बिकने वाले 70 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 40 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों का निर्माण तमिलनाडु में किया जा रहा है। स्टालिन ने ईवी इकाई की आधारशिला रखने के बाद थूथुकुडी और तिरुनेलवेली के बाढ़ पीड़ितों के लिए मुआवजा वितरित किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया, जबकि राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बाधाएं डालने के बावजूद राज्य सरकार अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर रही है और कई स्रोतों से राज्य के लिए निवेश जुटा रही है। स्टालिन ने कहा कि द्रमुक एक जन-केंद्रित राजनीतिक दल है और इसकी नीतियां और कार्यक्रम राज्य के वंचित और दलित लोगों की वास्तविक देखभाल पर आधारित हैं।

### मैं अब भी सीईओ हूं, प्रबंधन भी वही है: बायजू




**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने शनिवार को कंपनी से निकाले जाने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई हैं और वह इस पद पर बने हुए हैं। कर्मचारियों को भेजे गए और आईएएनएस द्वारा प्राप्त एक ईमेल में बायजू रवींद्रन ने कहा कि प्रबंधन अपरिवर्तित है, बोर्ड वही है और राइट्स इश्यू को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। उनकी प्रतिक्रिया प्रोसस एनवी और पीक एक्सवी पार्टनर्स जैसे बायजू के प्रमुख शेयरधारकों द्वारा असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में उन्हें सीईओ पद से हटाने के लिए मतदान करने के एक दिन बाद आई, जिसमें कहा गया कि हितधारकों ने मतदान के लिए रखे गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बायजू के सीईओ ने कहा 170 शेयरधारकों में से केवल 35 (लगभग 45 प्रतिशत शेयरधारिता का प्रतिनिधित्व) ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह अपने आप में इस अप्रासंगिक बैठक को मिले बहुत सीमित समर्थन को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत दी थी जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि बैठक के दौरान लिए गए किसी भी निर्णय को समाधान होने तक प्रभावी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अनावश्यक नाटक के बावजूद, प्रबंधन अपना पूरा ध्यान कंपनी के संचालन पर लगा रहा है। नकदी संकट के बीच नियामकीय बाधाओं का सामना कर रही कंपनी से बायजू रवींद्रन को बाहर करने के लिए चुनिंदा निवेशकों ने ईजीएम बुलाई थी। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को आदेश दिया कि ईजीएम में पारित किया जाने वाला कोई भी प्रस्ताव 13 मार्च को बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर याचिका की अंतिम सुनवाई और निपटान तक मान्य नहीं होगा।

### चीनी बाजार का लगातार बढ़ता आकर्षण

**बीजिंग।** चीन में वसंत महोत्सव के बाद कई विभागों ने विदेशी निवेश के लिए सेवा गारंटी बढ़ाने के उपाय किए हैं और विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने तथा इकट्ठा करने के लिए निवेश प्रोत्साहन गतिविधियां संचालित की हैं। इस वर्ष जनवरी में चीनी राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग ने महत्वपूर्ण विदेशी निवेश परियोजनाओं का सातवां बैच लॉन्च किया और कई प्रमुख क्षेत्रों को कवर करते हुए 11 विदेशी निवेश परियोजनाओं का चयन किया, जिसमें कुल नियोजित निवेश 15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था। वसंत महोत्सव के बाद, इन प्रमुख विदेशी निवेश वाली परियोजनाओं को विभिन्न स्थानों पर सख्ती से बढ़ावा दिया जा रहा है। उधर, चीनी वाणिज्य मंत्रालय को इस वर्ष चीन में निवेश ब्रांड को और विकसित करने की उम्मीद है। उनकी योजना विदेशी वित्त पोषित उद्यमों के लिए गोलमेज बैठक प्रणाली के रूप में कार्य करने, हर महीने एक गोलमेज बैठक आयोजित करने और विदेशी निवेश वाली कंपनियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने की है। इसके अलावा वे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने और उद्यमों से प्रतिक्रिया इकट्ठा करने के लिए संबंधित विभागों और क्षेत्रों के साथ सहयोग करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग के विदेशी निवेश विभाग के प्रभारी ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विदेशी निवेश की पहुंच अधिक आसान होगी, और चीन में विदेशी निवेश प्रक्रिया में मौजूदा जटिल समस्याओं को हल करने के उपाय किए जाएंगे।

### डिजिटल इंडिया इकोसिस्टम को बड़ा बढ़ावा दे रहे हैं आधार व जनधन : इंस्टामोजो के सीईओ



**नई दिल्ली।** आधार और जन धन योजना ने संपूर्ण डिजिटल इंडिया इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया है। यह बात डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) टेक कंपनी इंस्टामोजो के सह-संस्थापक और सीईओ संपद स्वैन ने रविवार को कही। स्वैन के अनुसार तीन-चार वर्षों में तीन अलग-अलग अवसरों का सृजन हुआ। सीईओ ने एक बातचीत के दौरान आईएएनएस को बताया एक है जेएएम ट्रिनिटी (जन धन, आधार और मोबाइल)। दूसरा है किफायती ऋण की उपलब्धता, और तीसरा है सोशल मीडिया का उदय, जिसने छोटे व्यवसाय मालिकों को अपने उत्पाद व सेवाएं बेचने के लिए ग्राहकों तक पहुंचने में मदद की है। इंस्टामोजो एक ऐसा मंच है, जो स्वतंत्र ई-कॉमर्स ब्रांडों और स्टार्टअप को ऑनलाइन स्टोर, लैंडिंग पेज और भुगतान समाधान के साथ शक्ति प्रदान करता है। गौरतलब है कि कंपनी ने पिछले साल तब सुर्खियां बटोरीं जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भुगतान बाजार में काम करने के लाइसेंस के लिए उसका आवेदन वापस कर दिया। इस पर स्वैन ने कहा कि उनका आवेदन मामूली तकनीकी कारणों से वापस आ गया है और उन्हें आगे आकर दोबारा आवेदन करने का समय दिया गया है। कंपनी को दोबारा आवेदन करने के लिए सितंबर तक का समय दिया गया है। वर्तमान में, इंस्टामोजो के प्लेटफॉर्म पर तीन मिलियन से अधिक छोटे व्यवसायों के मालिक हैं। सीईओ ने बताया कि कंपनी अब मासिक आधार पर एक हजार व्यापारियों को जोड़ रही है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के मिलन समारोह में बोले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

# हेमंत सोरेन को जेल भेजने के विरोध में आंदोलन की शुरुआत है मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** विभिन्न सामाजिक संगठनों और दलों के लगभग तीन हजार युवा और महिलाओं ने रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थामा। मिलन समारोह का आयोजन रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में किया गया था। झामुमो में शामिल होने वाले युवाओं और महिलाओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पर्वू मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के समक्ष झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। सीएम चंपाई सोरेन ने झामुमो में शामिल होने वाले सभी लोगों को पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने मौके पर कहा आंदोलनकारियों की बदौलत हमें यह झारखंड राज्य मिला है। हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सुदूर गांव में हर एक घर तक योजना पहुंचने का काम कर रहे थे और इसी कारण केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश के तहत उन्हें जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज का यह मिलन समारोह एक जन आंदोलन की शुरुआत है और आने वाले दिनों में यह बड़ा रूप लेगा। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडे ने भी युवाओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नए सदस्यों के साथ भी पार्टी हर स्तर पर केंद्र सरकार की तानाशाही के विरोध में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। झामुम रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर जेल भेजने के विरोध में ही हजारों हजार की तादाद में युवा और महिलाएं आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। आने वाले दिनों में यह सिलसिला जारी रहेगा, हम निरंतर लोगों को पार्टी से जोड़कर झारखंड की जनता के हित में आवाज बुलंद करते रहेंगे।

मिलन समारोह में राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ मांझी, केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलाम आजाद, रामानंद बेड़िया, रामशरण तिर्की, डॉ तालकेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, बबलू राम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**तीन हजार युवा और महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन**



### इन्होंने ग्रहण की सदस्यता

सदस्यता ग्रहण करने वालों में आदिवासी सेना के अलविन लकड़ा, विकास तिर्की, अमरनाथ लकड़ा, झापा के अंशु लकड़ा, बचन उरांव, योगेश भगत, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के शशि टुटी, रामकुमार नायक, दीपक लकड़ा, आजसू के लक्ष्मी बैठा, अनिता टोप्पो, महताब अंसारी, अबुतालीब अंसारी, मोहसिन अख्तर, फिरोज अंसारी, मुंतजीर खान, निशांत कच्छप, पवन तिग्गा, रश्मि टोप्पो, अर्पण इंदवार, नजरूल हक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

## राष्ट्रपति के रांची आगमन के मद्देनजर चार जोनों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 28 फरवरी के रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया है। इसके तहत विधि व्यवस्था को लेकर चार जोन में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्तियां 28 फरवरी से राष्ट्रपति के प्रस्थान के दो घंटे बाद तक प्रभावी रहेंगी।

उपायुक्त के आदेश में राष्ट्रपति की सुरक्षा, मार्ग के प्रमुख चौक चौराहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, कार्यक्रम स्थल में अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल-शौचालय व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, मेडिकल, वाहन पार्किंग, खाद्य पदार्थों की जांच आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। संबंधित पदाधिकारियों को ससमय सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

कार्यक्रम की ब्रीफिंग एवं रिहर्सल 27 फरवरी को 11:00 से केंद्रीय विश्वविद्यालय मनातू रांची में किया जाएगा। इसमें सभी दंडाधिकारी, सभी स्तर के पुलिस पदाधिकारी एवं बल को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के संपूर्ण प्रभार में रांची के सदर अनुमंडल पदाधिकारी रहेंगे। संपूर्ण रूट लाइन और कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के क्षेत्र को 'नो ड्रोन' जोन घोषित करने का आदेश सदर अनुमंडल पदाधिकारी को उपायुक्त की ओर से दिया गया है।

## राष्ट्रीय पार्टियों को तवज्जो देना बंद करें : एनोस एक्का

**सिमडेगा/रांची।** सिमडेगा सदर प्रखंड के बंगरु में रविवार को झारखंड पार्टी का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, जिला महासचिव बाबूराम लकड़ा, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष आईरिन एक्का मौजूद रहे। पूर्व मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने सम्मेलन में अपनी समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने कहा कि सिमडेगा समाहरणालय से महज कुछ दूरी पर स्थित यह गांव आज भी कई सुविधाओं का दंश झेल रहा है। जहां से पूरे जिले का योजना बनती है उसे महज कुछ दूर पर स्थित यह गांव आज भी कई सरकारी योजनाओं से वंचित है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय घर-घर वोट लेकर दोबारा इस गांव को देखने तक नहीं आये।

## बाबूलाल की अध्यक्षता में हुई भाजपा चुनाव समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी की नवगठित चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, विद्युत वरण महतो, संजय सेठ, श्याम नारायण दुबे, आरती सिंह, केदार हाजरा आदि उपस्थित थे।

## रांची पल्ली कैथॉलिक सभा का चुनाव अजय जोसेफ टोप्पो चुने गए सभापति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** शहर के पुरुलिया रोड संत जोसेफ क्लब के सभागार में रांची पल्ली कैथॉलिक सभा की नयी कार्यकारिणी समिति (2024-2026) का चुनाव संत मरिया महागिरजाघर में हुआ। इसकी अगुवाई पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर आनन्द बेविड खलखो, अन्य पुरोहितगण, माताएं एवं सामलोग पल्ली के चुनाव पदाधिकारी अनील पन्ना और अलेक्सीयुस लकड़ा ने की। इस चुनाव में 16 टोलों के कैथॉलिक सभा के चुने हुए 147 प्रतिनिधिगण एवं अन्य पल्ली के विश्वासी उपस्थित हुए।

सभापति के उम्मीदवारों में अजय जोसेफ टोप्पो एवं प्रदीप कुजूर थे। जिनमें अजय जोसेफ टोप्पो ने कुल 147 में 113 मत हासिल किये। विपक्षी प्रदीप कुजूर केवल 34 मत हासिल कर सके। इस प्रकार अजय जोसेफ टोप्पो रांची पल्ली कैथॉलिक सभा के नये कार्यकारिणी समिति के सभापति चुने गये। बाकी सभी नौ पदों के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गये। सभा के अंत में रांची पल्ली काथलिक सभा के नयी कार्यकारिणी समिति के नवनिर्वाचित सभापति अजय जोसेफ टोप्पो ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित किये एवं अपना आभार व्यक्त कर धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया। रांची पल्ली कैथॉलिक सभा की नयी कार्यकारिणी समिति के सदस्या इस प्रकार है।

सभापति अजय जोसेफ टोप्पो, उप सभापति रंजित बाडा, उप सभापति हेरमन टोप्पो, सचिव सुनिल खलखो, सह सचिव जोर्ज लकड़ा, सह सचिव निर्मल तिर्की, संयुक्त सचिव प्रकाश रूण्डा, संगठन सचिव सुनील लकड़ा कोषाध्यक्ष संतोष टोप्पो, सह कोषाध्यक्ष -सतीश कच्छप।

## हेमंत के सत्र में शामिल होने के मामले की सुनवाई आज

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने के लिए दायर याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है।

निचली अदालत से याचिका खारिज होने के बाद हेमंत सोरेन ने बजट सत्र में शामिल होने के लिए हाई कोर्ट से अनुमति मांगी है। इसके पहले ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की यह याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी थी।

हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि विधानसभा का सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस सत्र में धन विधेयक पास होना है। उनका सत्र में मौजूद रहना जरूरी है। ईडी कोर्ट से भी इसकी अनुमति मांगी गई थी।

**नमन**



साहिबगंज में बरहेट के भोगनाडीह स्थित सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क में रविवार को अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद-भैरव और वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन। मौके पर मुख्यमंत्री ने अमर वीर शहीदों के वंशजों से मुलाकात भी की।

# मोदी सरकार 400 पार का संकल्प पूरा करें : कर्मवीर सिंह

### प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा, हर बूथ पर 370 वोट जोड़ें





**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को पार्टी के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रकोष्ठ एवं विभागों के प्रदेश संयोजक व सह संयोजक उपस्थित थे।

संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख मनोज सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी विभाग और प्रकोष्ठ के दायित्वों एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

श्री सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। अपने विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बूथों पर सक्रियता को बढ़ाते हुए हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर भाजपा के पक्ष में 370 लोकसभा की सीट और एनडीए के खाते में 400 पार के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि बूथ पर अतिरिक्त 370 वोट और देश में 370 लोकसभा सीट जीताना डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि 'फिर एकबार मोदी सरकार' के लिए देश की जनता मन बना चुकी है। हमें उनके दरवाजे पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर जाना है।

बैठक में शिवपूजन पाठक, सुबोध सिंह गुड्डू, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, अजय मारू, राहुल अवस्थी, विवेक विकास, पंकज श्रीवास्तव, सूरज चौरसिया, राजेश शुक्ला, संजीव विजयवर्गीय, रविनाथ किशोर, उमाशंकर केडिया, मृत्युंजय शर्मा, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, नीरज सिंह, अमित नाथ चरण, राजश्री जयंती, जयश्री इंदवार, डॉ रामाधीन, डॉ तान्या, लक्ष्मी कुमारी, सुधीर श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, सतीश सिन्हा, अनिल महतो, चंद्र प्रकाश, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, जेपी शर्मा, चंदन कुमार, राजू चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह के सात पकड़ाए, 12 लाख कैश बरामद



**रांची।** एसएसपी को को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के न्यू नगर बांधगाडी, दीपाटोली स्थित उमाशंकर सिंह के घर में छापेमारी की और संदिग्ध अवस्था में सात व्यक्ति को लैपटॉप, फर्जी एटीएम कार्ड और मोबाइल सिम कार्ड का उपयोग कर ऑनलाइन सट्टेबाजी कर ठगी करते पकड़ा। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर उस स्थान से करीब 100 मीटर आगे रवीन्द्र सिन्हा के फ्लैट में छापेमारी कर बड़ी संख्या में मोबाइल के सिम कार्ड, एटीएम, पासबुक और अन्य संदेहास्पद सामानों के साथ-साथ 11.53 लाख नकद बरामद किया। जिन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसमें प्रिंस कुमार, रोहित रजक, सुरेश कुमार हांसदा , विक्की कुमार, काजल अड्डी, सौरभ कुमार गुप्ता और शुभम भाटिया शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन



**रांची।** भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं को देश की आवाज बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2024 का आयोजन देश में जिले, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर किया जाना निर्धारित किया गया था। इस उत्सव का उद्देश्य देश के 18-25 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की आवाज को सुनना, उनमे फैसले लेने की क्षमता को बढ़ावा देना, नये भारत के निमार्ण मे उनकी भूमिका से युवाओं को जागरूक करना इत्यादि है। झारखंड राज्य के समस्त 24 जिलों में आभासी माध्यम में जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव के आयोजन होने के उपरांत, राज्य स्तरीय युवा संसद का आयोजन दिनांक 24 एवं 25 फरवरी 2024 को नेहरु युवा केंद्र संगठन, राज्य कार्यालय, झारखंड, रांची के मोराबादी स्थित कार्यालय में आभासी माध्यम में किया गया। जिले स्तर पर आयोजित हुए युवा संसद उत्सव में प्रत्येक जिले से प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त दो प्रतिभागियों (कुल 48 प्रतिभागियों) का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव हेतु किया गया।

राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव में डॉ बीपी सिन्हा (निदेशक, मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय), डॉ कमल बोस (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, संत जेवियर कॉलेज, रांची), डॉ अनिता कुमारी (निदेशक, शैक्षणिक, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी, रांची), डॉ बिरेश कुमार (कार्यक्रम लीडर, एमिटी यूनिवर्सिटी रांची) तथा डॉ रंधीर कुमार (अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो) निर्णायक की भूमिका में रहें। उत्सव की शुरूआत निर्णायक दल के सदस्यों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर की गयी तदुपश्चात नेहरु युवा केन्द्र संगठन की राज्य निदेशक, हनी सिन्हा ने कार्यक्रम आए निर्णायक दल के सदस्यों तथा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्रीमती हनी सिन्हा ने कार्यक्रम की रूप रेखा को सबके सामने रखा तथा प्रतिभागियों को बिना घबरायें अपने विचारों को सबके सामने रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को भाषण देने हेतु एक निर्धारित समय प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों ने सहजता के साथ अपने विचारों को सबके सामने रखा। उनके विचारो और बातों में एक नये भारत की झलक साफ दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम के समाप्त हो जाने पर निर्णायक दल के सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभागियों द्वारा उनके सम्मुख रखे गए विचारो की सराहना की गयी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गयी। राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में प्रथम स्थान, नुपुर माला (हजारीबाग), द्वितीय स्?थान, आकाश कुमार (राँची) तथा तृतीय स्?थान, आयशा फातिमा (राँची) ने प्राप्?त किया। ये तीनो प्रतिभागी भविष्?य में आयोजित होने वाले राष्?ट्र स्?तरीय युवा संसद उत्?सव में भाग लेंगें। कार्यक्रम का संचालन श्री ओम प्रकाश कुशवाहा, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।

### संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने अरगोड़ा तालाब की सफाई की



**रांची।** संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को शहर के अरगोडा. तालाब की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। निरंकारी मिशन से जुडे लोगों ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में आज ह्यअमृत परियोजनाह्ल के तहत ह्यस्वच्छ जल स्वच्छ मनह्ल का शुभारंभ किया गया ।जिसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण व इसके बचाव के लिए अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना व उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। प्रोजेक्ट अमृत के शहर में संत निरंकारी मिशन के करीब 200 सेवादार अरगोडा. तालाब परिसर की सफाई और तालाब के आस-पास जमी हुई गंदगी व तालाब के किनारे पर फैले कचरे को साफ करके स्वच्छता का संदेश दिया और साथ ही साथ मिशन के सेवादल के नौजवान बुजुर्ग बच्चे भाई बहन ने मिशन का उद्देश्य जल बचाओ कल बचाओ स्वच्छ जल स्वस्थ कल स्वच्छ जल स्वच्छ मन, प्रदूषित पानी हमारी हानि और मिशन के सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का स्लोगन प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों हानिकारक है इन स्लोगन को बार-बार जोर-जोर से आवाज लगा कर के एक सुर में सभी सेवादार गा रहे थे दोपहर 12:00 बजे के उपरांत सभी सेवादल के भाई-बहन संत निरंकारी सत्संग भवन पहुंच करके सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के लाइव प्रवचन का लाभ उठाया सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने फरमाया कि ईश्वर ने जब सृष्टि की रचना की तो स्वच्छ जल तथा स्वच्छ वायु प्रदान किया परंतु इंसानों ने इसे दूषित कर डाला जिसे अब हम सभी हर एक इंसानों का फर्ज बनता है कि हम सभी वातावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें स्वच्छ जल होगा तो स्वस्थ कल होगा जैसा की ज्ञात हो कि संत निरंकारी मिशन पूरे देश भर में 1100 स्थान 27 राज्यों में संत निरंकारी मिशन के करीब साढे तीन लाख सेवादारों ने के द्वारा तालाब नदी पोखर इत्यादि में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिबल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पीएम 8 मार्च को असम व अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 मार्च को असम और अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री 8 मार्च की शाम नई दिल्ली से सीधे असम पहुंचेंगे। वह काजीरंगा के गेस्ट हाउस में रात बिताएंगे। अगले दिन नौ मार्च को वे जोरहाट जाएंगे और वहां वीर लचित की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होंगे। उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी जोरहाट में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और 'लखपति बाईदेओ' से संवाद करेंगे। इस यात्रा के दौरान वे शिवसागर मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखेंगे।

### लद्दाख में 3.0 की तीव्रता का भूकंप आया

**लेह।** रविवार को लद्दाख क्षेत्र में 3.0 की तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रविवार सुबह 11:48 बजे रिक्टर स्केल पर 3.0 की तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई धरती से 5 किलोमीटर नीचे थी। भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते ज्यादातर लोगों को इस भूकंप की कंपन महसूस ही नहीं हुई।

### सीरिया के होम्स प्रांत में इजरायली हवाई हमले में तीन की मौत



**दमिश्क।** रविवार को मध्य सीरिया के होम्स प्रांत में इजरायली हवाई हमले में तीन नागरिकों की मौत हो गई। हमले में दक्षिण-पश्चिमी होम्स के अल-कुसैर इलाके में दो नागरिक वाहनों को निशाना बनाया गया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि हमले में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए। इजरायल ने हाल ही में ईरानी मिलिशिया से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ हत्या के प्रयास किए हैं। ऑब्जर्वेटरी ने रविवार को एक रिपोर्ट में कहा कि इजरायल ने 2024 की शुरूआत से सीरिया पर 16 हमले किए हैं।

# लक्षद्वीप के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में स्कूबा डाइविंग की

### प्रधानमंत्री ने द्वारका समुद्र में डूबे पौराणिक द्वारका नगरी के अवशेषों को निहारा

**एजेंसी। द्वारका**

लक्ष्यद्वीप के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में स्कूबा डाइविंग की। उन्होंने समुद्र में डूबे पौराणिक द्वारका नगरी के अवशेष देखे। इस दौरान नेवी के जवान मुस्तैद रहे और समुद्र के आसपास चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। द्वारका के पंचकूबी समुद्री तट पर संगत नारायण मंदिर के समीप समुद्र में नेवी के जवानों की सतत निगरानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्कूबा डाइविंग की। इस दौरान नेवी के जवान चाक-चौबंद सुरक्षा करते देखे गए और समुद्र तट के आसपास सतत पेट्रोलिंग करते रहे। प्रधानमंत्री के लिए समुद्र किनारे टेंट हाउस भी तैयार किया गया था। सुदामा ब्रिज के समीप इस तरह की व्यवस्था की गई, जिससे प्रधानमंत्री की सुरक्षा से लेकर तमाम व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।




### सुदर्शन सेतु: व्यूइंग गैलरी, खंभों पर बने मोर पंख सहित आकर्षक सज्जा



प्रधानमंत्री ने रविवार को ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले करीब 978.93 करोड़ की लागत से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले सुदर्शन सेतु को आम जनता के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर प्रधानमंत्री ने विस्तृत जानकारी ली। सुदर्शन सेतु के निर्माण से देवभूमि द्वारका जिले की उपलब्धियों के मुकुट में एक और मोरपंख जुड़ गया है। पर्यटन विकास के माध्यम से बेट-द्वारका और ओखा में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा तथा गरीब और मध्यम वर्ग के लिए आर्थिक उन्नति का मार्ग खुलेगा। सुदर्शन सेतु के कारण स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों का समय बचने के साथ-साथ सुविधाओं में वृद्धि भी होगी। बेट द्वारका में सुदर्शन ब्रिज के लोकार्पण अवसर पर सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी.आर. पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष रिद्धिबा जाडेजा, विधायक पबुभा माणेक, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, राष्ट्रीय राजमार्ग के विशेष सचिव पी.आर. पाटेलिया और युवा सेवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग के आयुक्त आलोक पांडे सहित कई उच्च अधिकारी, अग्रणी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# देश तीसरी बार एनडीए को दे रहा आशीर्वाद : पीएम मोदी


## राजकोट, रायबरेली, बठिंडा, कल्याणी और मंगलागिरी में एम्स का उद्घाटन

### अबकी बार 400 पार का विश्वास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार को दिल्ली के बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश तीसरी बार एनडीए सरकार को आशीर्वाद दे रहा है और पूरा देश अबकी बार 400 पार का विश्वास दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक समय देश के सारे प्रमुख कार्यक्रम दिल्ली में ही होकर रह जाते थे। आज देश के शहरों में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होना एक नई परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने भारत सरकार को दिल्ली से बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुजरात के राजकोट, पंजाब के बठिंडा, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी और आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी में पांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का वर्चुअली उद्घाटन किया।



उन्होंने कहा कि विकासशील भारत तेज गति से काम कर रहा है और विकास कार्यों को पूरा कर रहा है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को विकसित होते देख रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत ने कोरोना को हराया, इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि बीते 10 वर्षों में भारत का हेल्थकेयर सिस्टम पूरी तरह बदल गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी राजनीतिक यात्रा को याद कर कहा कि उनकी चुनावी यात्रा की शुरूआत में राजकोट की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उन्हें प्यार और आशीर्वाद दे रहा है जिसमें यश का हकदार राजकोट भी है। 22 साल पहले 24 फरवरी को ही राजकोट ने पहली बार उन्हें अपना एमएलए चुना था और आज 25 फरवरी के दिन पहली बार राजकोट के विधायक के तौर पर विधानसभा में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के 50 वर्षों तक देश में सिर्फ एक एम्स था और वो भी दिल्ली में था। आजादी के 7 दशकों में सिर्फ 7 एम्स को मंजूरी दी गई, लेकिन वे भी कभी पूरे नहीं बन पाए। आज बीते 10 दिन में 7 नए एम्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। पिछले 6-7 दशकों में जितना विकास नहीं हुआ, उससे कई गुना तेजी से हम देश का विकास करके जनता के चरणों में समर्पित कर रहे हैं।

### पुतिन के आलोचक नवलनी का शव उनकी मां को सौंपा



**मॉस्को।** रूस के प्रमुख विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी का शव उनकी मां को सौंप दिया गया है। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। किरा यर्मिश ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एलेक्सी का शव उनकी मां को सौंप दिया गया। उन सभी को बहुत धन्यवाद, जिन्होंने हमारे साथ इसकी मांग की। उन्होंने लिखा, ल्यूडमिला इवानोव्ना (नवलनी की मां) सालेकहार्ड में हैं। अंतिम संस्कार अभी भी लंबित है। हम नहीं जानते कि क्या अधिकारी इसे पूरा करने के लिए हस्तक्षेप करेंगे, जैसा कि परिवार चाहता है और जैसा कि एलेक्सी योग्य हैं। जैसे ही खबर आएगी हम आपको सूचित करेंगे। नवलनी की मां ल्यूडमिला को कथित तौर पर शव को 'गुप्त' रूप से दफनाने के लिए कहा गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अगर उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया, तो नवलनी को जेल कॉलोनी में दफनाया जाएगा, जहां उनकी मृत्यु हुई थी।

### उप्र के कौशांबी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

# 9 लोगों की मौत, एक लापता, 7 जख्मी

**एजेंसी। कौशांबी**

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के ग्राम अमहा में रविवार को पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग जख्मी हुए हैं। एक व्यक्ति लापता है। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर, आईजी प्रयागराज चन्द्रप्रकाश मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर के मुताबिक घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच में केमिकल एवं बारूद अत्यधिक मात्रा में होने के संकेत मिले हैं। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस एवं फोरेंसिक की टीम छानबीन कर रही हैं। हादसे के बाद भरवारी से मंझनपुर एवं भरवारी से प्रयागराज के बीच ग्रीन कारिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय पुलिस के मुताबिक भरवारी कस्बे से दो किलोमीटर दूर सुबह 11 बजे ग्राम अमहा स्थित न्यू रंगोली फायर वर्क्स फैक्टरी में अचानक भीषण धमाके शुरू हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह घरों में थे। उन्हें लगा कि मौसम खराब होने की वजह से बिजली कड़क रही है लेकिन कुछ ही देर में धुंए का गुबार आसमान में देख आसपास के लोग सहम गए। चीख-पुकार व जान बचाने की जद्दोजहद कर रहे लोगों को सबसे पहले स्थानीय लोगों ने मदद पहुंचाने की कोशिश की। अपर पुलिस महानिदेशक भाष्कर ने बताया कि पुलिस को प्राथमिक सूचना 11:50 पर मिली। तत्काल राहत एवं मदद पुलिस द्वारा शुरू कराया गया। चीफ फायर अफसर आरके पांडेय के नेतृत्व में पांच फायर बिग्रेड की टीमें आग पर काबू पाने में जुटीं। घटना में अब तक 9 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है जबकि सात जख्मी हैं।



# संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को कई घंटे की हिरासत के बाद रिहा किया गया

**एजेंसी। कोलकाता**

उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए जा रही स्वयंसेवी संगठन की फैक्ट फाइंडिंग टीम को कई घंटे की हिरासत के बाद रिहा किया गया है। इधर, शिवप्रसाद हाजरा की फर्मों को जलाने में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) नेता आयशा बीबी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



इस टीम में पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वाली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक हैं। इस प्रतिनिधिमंडल को धारा 144 लागू होने का कारण बताकर संदेशखाली से 52 किमी पहले भोजेरहाट में रोक दिया गया।

# भ्रष्टाचार और कांग्रेस एक-दूसरे के पर्यायवाची : शाह

**एजेंसी। खजुराहो (मध्य प्रदेश)**

भाजपा के रणनीतिकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। खजुराहो में आयोजित विजय संकल्प सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेशवासियों से आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव देश को महाशक्ति बनाने का चुनाव है, देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का चुनाव है। इसलिए, मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाल दें। केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्यायवाची हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में अनेकों घोटाले हुए हैं - कॉमनवेल्थ घोटाला, कोल घोटाला आदि सभी को याद हैं। भाजपा के 10 साल के शासन काल का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पार्टी ने जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया है। अयोध्या में राम मंदिर बनाने की बात हो या कश्मीर से धारा 370 हटाने की या तीन तलाक का मामला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा राम मंदिर को लेकर तंज कसते थे, और कहते थे 'तारीख नहीं बताएंगे'।



### अपने ही घर को नहीं बचा पाई निकी हेली

# ट्रंप ने दी करारी शिकस्त

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हे कई जगहों से अच्छी सफलता मिली है। बीते रोज साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली को हरा दिया है।जीत का अंतर कितना रहा अभी यह पता नहीं चल सका है। पर,इतना जरुर है कि हेली अपने ही घर(गृह राज्य) साउथ कैरोलिना में ट्रंप के मुकाबले में चुनाव हार गई हैं। बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का आधिकारिक उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया में न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में ट्रंप ने जीत हासिल की थी। न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में कुल 75 फीसदी वोट पड़े थे। जिनमें से ट्रंप को लगभग 54.4 फीसदी और हेली को 43.3 फीसदी वोट मिले थे। आयोवा कॉकस के बाद न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ट्रंप ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। चुनाव के बाद आए सर्वेक्षणों में ट्रंप की जीत तय बताई जा रही थी। आपराधिक आरोपों के बावजूद ट्रंप ने यहां बड़ी बढ़त हासिल की। वहीं साउथ कैरोलिना के मूल निवासी हेली की जो दो बार गवर्नर का चुनाव जीती, वो इस ट्रंप को नहीं हरा सकीं। रिपब्लिकन पार्टी में हेली ही एकमात्र ऐसी उम्मीदवार हैं जो ट्रंप को चुनौती देती हुई दिखाई दे रही थीं। इस हार के बाद उनके भी राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ से बाहर होने की संभावना तेज हो गई है।



# राजस्थान में शुरू हुआ भारत और जापान सेनाओं का संयुक्त अभ्यास 'धर्म गार्जियन'

### दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा

### विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर भी केंद्रित होगा अभ्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का 5वां संस्करण रविवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास हर साल वैकल्पिक रूप से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है। दोनों पक्षों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। जापानी दल का प्रतिनिधित्व उनकी 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट और भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय श्क्क के तहत अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर केंद्रित होगा। सामरिक अभ्यास में अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, एक इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही (आईएसआर) ग्रिड बनाना, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करना, एक शत्रुतापूर्ण गांव में कॉर्डन और सर्च ऑपरेशन को अंजाम देना, हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत देश की बढ़ती रक्षा औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक हथियार और उपकरण प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की पूर्वी सेना के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची का भी एक्सरसाइज 'धर्म गार्जियन' के मौके पर भारत का दौरा करने का कार्यक्रम है। वह 03 मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा करके कॉम्बैट शूटिंग प्रदर्शन, स्पेशल हेलीबोर्न ऑपरेशन (एसएचबीओ) और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल देखेंगे। अभ्यास 'धर्म गार्जियन' दोनों पक्षों को सामरिक संचालन करने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इस अभ्यास से दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन क्षमता और सौहार्द्र विकसित करने में भी मदद मिलेगी। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ने के साथ ही दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।



### फिल्म जगत

# किरण राव से तलाक पर 3 साल बाद पहली बार बोले आमिर खान

**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक्टिंग के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी भी चर्चा में रहती है। रीना दत्ता के साथ तलाक लेने के बाद आमिर खान ने किरण राव से दूसरी शादी की। 2005 से साथ रह रहे इस कपल ने 2021 में अचानक अलग होने का फैसला लिया था। अब तलाक के 3 साल बाद आमिर ने पहली बार इस पर टिप्पणी की है। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में आमिर ने बताया कि तलाक के बाद उन्होंने किरण राव से कुछ सवाल पूछे थे। उन्होंने एक शाम किरण से कहा कि एक पति के रूप में मुझमें क्या कमी है? मैं क्या सुधार कर सकता हूं? मैं जीवन में आगे बढ़ते हुए इस बारे में जरूर सोचूंगा। आमिर खान ने आगे बताया कि किरण राव अपनी लिस्ट के साथ तैयार थीं। उसने मुझे बहुत सारी बातें बताईं। जैसे- आप बहुत बातें करते हैं...आप किसी को बात नहीं करने देते। आप अपना काम खुद करना चाहते हैं। आमिर इन दिनों किरण राव की फिल्म लापता लेडीज का प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण पक्ष संभाला है। आमिर खान की 1986 में रीना दत्ता से शादी हुई लेकिन किन्हीं कारणों से 2002 में उनका तलाक हो गया और वे अलग हो गए। उनके दो बच्चे हैं, आयरा और जुनैद। रीना से तलाक के बाद आमिर ने 2005 में किरण राव से दूसरी शादी की। पता चला कि 2021 में उनका तलाक हो गया।

